हिन्दी दैनिक

mukhyadhara.daily@gmail.com | +91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो, शुक्रवार

10.01.2025

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 335

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन

एजेंसी। नई दिल्ली

## प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का उद्घाटन किया। विदेश मंत्रालय और ओडिशा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम 'विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान' है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान जगन्नाथ और भगवान लिंगराज की पावन धरती पर पूरे विश्व से आए अपने भारतवंशी परिवार का स्वागत करके की। उन्होंने कहा कि यह भारत में जीवंत उत्सवों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा, मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं। हर जगह खुशी का माहौल है। इसके अलावा, 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत वापस आए थे। ऐसे अद्भुत समय में भारत में आपकी उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हर दो साल में आयोजित होने वाला यह समारोह पारिवारिक पुनर्मिलन जैसा है। विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने देश में हो रहे प्रगति और विकास को स्वयं देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह समारोह हमें अपने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और एक-दूसरे के साथ बातचीत का मंच है। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय हर गुजरते साल के साथ और भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि भारत में हम जिन जन-केंद्रित बदलावों को बढ़ावा देते हैं, उनसे प्रवासी समुदाय को भी लाभ होता है। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री माझी ने कहा कि ओडिशा राज्य विविध संस्कृतियों और ऐतिहासिक उत्कृष्टता का एक समग्र केंद्र है। ओडिशी भारत के सबसे पुराने शास्त्रीय नृत्य रूपों में से एक है। पट्टचित्र की जटिल कला दुनिया को मंत्रमुग्ध करती है। संबलपुर के विश्व प्रसिद्ध हथकरघा कपड़े हमारी सबसे प्रिय और जीवंत परंपराओं में से एक हैं। विरासत से परे, ओडिशा प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। इस मौके पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और ओडिशा के उप-मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 2.79 करोड़ से अधिक ने पंजीकरण कराया

**नई दिल्ली।** विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिध्वनि को रेखांकित करती है। पीपीसी-2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगॉव पोर्टल पर गत वर्ष 14 दिसंबर को शुरू हुआ था। यह पोर्टल 14 जनवरी तक खुला है। कार्यक्रम की अपार लोकप्रियता छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी सफलता को उजागर करती है। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। 2024 में पीपीसी का 7वां संस्करण दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था।

# हर गुजरते साल के साथ बढ़ रहा प्रवासियों का महत्व

एजेंसी। भुवनेश्वर

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर यह कहते हुए प्रवासी मेहमानों का किया स्वागत
- मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मेहमानों का किया स्वागत



ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ प्रवासियों का महत्व भी बढ़ता जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर जयशंकर और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बड़ी संख्या में उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया। यह आयोजन ओडिशा के लिए एक ऐतिहासिक अवसर था और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, कि हर गुजरते साल के साथ प्रवासी भारतीयों का महत्व भी बढ़ता जा रहा है। चाहे वह प्रौद्योगिकी, सर्वोत्तम प्रथाएँ, संसाधन, पर्यटन, व्यापार हो या फिर निवेश हो, प्रवासी भारतीयों द्वारा जो दो-तरफा प्रवाह को सक्षम बनाया जा रहा है, वह अमूल्य है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में हो रहे जन-केंद्रित परिवर्तन प्रवासी भारतीयों के लिए भी फायदेमंद है। एस जयशंकर ने आगे कहा, कि हम ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब दुनिया अधिक अनिश्चित और अस्थिर प्रतीत हो सकती है, लेकिन इस अवसर पर जो संदेश आप ले जाएंगे, वह एक ऐसे भारत का है जो आत्मविश्वासी, आधुनिक और समावेशी है, और जहां परंपरा और प्रौद्योगिकी एक साथ बढ़ रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत की ओर यात्रा जारी रखने का आह्वान किया और कहा कि हर प्रवासी भारतीय इस लक्ष्य को साकार करने में योगदान दे सकता है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस अवसर पर सभी प्रवासी भारतीयों का स्वागत किया और ओडिशा के प्रति उनके प्यार और समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, कि ओडिशा में विविध प्रकार की संस्कृति है जो पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र है, और ओडिशा की प्राकृतिक सौंदर्यता भी बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने सम्मेलन की मुख्य अतिथि, त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू का आत्मीय स्वागत किया, जिन्होंने वर्चुअली इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन के लिए ओडिशा के चयन पर मुख्यमंत्री ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह राज्य के लिए एक गर्व का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ से इकोनॉमी को मिलेगा बूस्ट, 2 लाख करोड़ का रेवेन्यू भी बढ़ेगा



**अयोध्या।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में इस साल 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, ऐसे में महाकुंभ से दो लाख करोड़ रुपए तक रेवेन्यू बढ़ने का अनुमान है। एक सम्मेलन में बोलते हुए सीएम योगी ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ की। योगी ने कहा कि 2019 के आयोजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपए का योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि साल 2024 में जनवरी से सितंबर तक वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए 16 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु और अयोध्या में 13.55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आ चुके हैं। योगी ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला महाकुंभ मेला भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता प्रदान करेगा। महाकुंभ के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक समागम नहीं है, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने महाकुंभ को दुनिया का सबसे बड़ा अस्थायी शहर बताया, जिसमें 50 लाख से एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। सीएम योगी ने महाकुंभ को एक बड़ा आध्यात्मिक आयोजन बताया और कहा कि यह एक भव्य, दिव्य और डिजिटल रूप से उन्नत समागम है, जहां आस्था और आधुनिकता का संगम होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने संतों के सहयोग से महाकुंभ को सफल बनाने के लिए कोशिश की है।

### तालिबान अफगानी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नही होने देगा

**रियाद।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री दुबई के दौरे पर हैं। उन्होंने दुबई में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की। यह अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद अफगानिस्तान की सरकार के साथ भारत की पहली उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बातचीत है। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों से लेकर क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस दौरान अफगानिस्तान में भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं, निकट भविष्य में दोनों देशों के बीच कई प्रोजेक्ट्स पर विचार करने की जरूरत, पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों के पुनर्वास में मदद करने पर चर्चा की गई, लेकिन दो बड़े मुद्दे जिन पर चर्चा हुई वह थे ईरान के चाबहार बंदरगाह का इस्तेमाल और दोनों देशों के बीच क्रिकेट। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगान सरकार ने भारत की सुरक्षा चिंताओं की जरूरतों पर गौर किया। भारत की सबसे बड़ी चिंता यही है कि अफगानिस्तान की जमीन से भारत विरोधी आतंकी समूहों को पनपने ना दिया जाए। तालिबान ने कहा कि अफगानी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नही होने दिया जाएगा। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भारत और अफगानिस्तान के लोगों की ऐतिहासिक दोस्ती का भी जिक्र किया। दोनों पक्षों ने भारत सरकार की ओर से चलाए गए मानवीय सहायता प्रोग्राम का मूल्यांकन किया। भारत ने पड़ोसी देश को कई शिपमेंट भेजे हैं, जिसमें 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं, 300 टन दवा, 27 टन भूकंप राहत, 40 हजार लीटर कीटनाशक, पोलियों की 10 करोड़ खुराकें शामिल हैं।

## वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव का पदभार संभाला

एजेंसी। नई दिल्ली



वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को यहां वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग (डीओआर) के सचिव का पदभार संभाल लिया है। बुधवार को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पांडेय को वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव के रूप में नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि पांडे वित्त सचिव के पद पर भी बने रहेंगे। इससे पहले ओडिशा कैडर के वर्ष 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पांडेय 24 अक्टूबर 2019 से निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम), 1 अगस्त 2024 से सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) और 4 नवंबर 2024 से कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग यानि तीन विभागों के सचिव रहे। दीपम और डीपीई दोनों ही वित्त मंत्रालय के अधीन काम करते हैं। दीपम में सचिव के रूप में सेवा देने से पहले पांडेय ने केंद्र सरकार और ओडिशा राज्य सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। इसके अलावा उन्होंने संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) के क्षेत्रीय कार्यालय में भी काम किया है। केंद्र सरकार में उनके पिछले पदों में योजना आयोग (अब नीति आयोग) में संयुक्त सचिव, कैबिनेट सचिवालय में संयुक्त सचिव और वाणिज्य मंत्रालय में उप सचिव शामिल हैं। ओडिशा सरकार में उन्होंने स्वास्थ्य, सामान्य प्रशासन, वाणिज्यिक कर, परिवहन और वित्त विभागों में प्रशासनिक प्रमुख के रूप में काम किया। उन्होंने ओडिशा राज्य वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक और ओडिशा लघु उद्योग निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में भी काम किया। पांडेय ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और बर्मिंघम विश्वविद्यालय (यूके) से एमबीए किया है।

# नौसेना को मिली स्वदेशी 'वाग्शीर' पनडुब्बी, 15 जनवरी को समुद्री बेड़े में शामिल होगी

एजेंसी। नई दिल्ली

- 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित पनडुब्बी में लगे हैं घातक हमलों के लिए हथियार



स्वदेशी रूप से निर्मित प्रोजेक्ट 75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर गुरुवार को नौसेना को मिल गई, जिसे 15 जनवरी को भारतीय समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा। मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने आज पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ इतिहास रच दिया। पनडुब्बी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत किया गया है, जिसमें सभी तरह के घातक हमलों के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। आज नौसेना को पनडुब्बी की आपूर्ति के दस्तावेज पर एमडीएल के सीएमडी संजीव सिंघल और सीएसओ (तकनीक) रियर एडमिरल आर. अधी श्रीनिवासन ने भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस पनडुब्बी की डिलीवरी एमडीएल की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता और जटिल युद्ध प्लेटफार्मों के निर्माण में अनुभव का प्रमाण है, जो भारतीय नौसेना की ताकत को काफी हद तक बढ़ाती है। स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ एमडीएल ने पी75 परियोजना को पूरा करके देश में एकमात्र शिपयार्ड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसके पास पारंपरिक पनडुब्बी का निर्माण करने की सिद्ध क्षमता है। इसमें दुश्मन के राडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है। स्टील्थ प्रौद्योगिकी सक्षम कलवरी श्रेणी की यह पनडुब्बी 221 फीट लंबी, 40 फीट ऊंची है।

## फिल्म मेकर, कवि और लेखक प्रीतीश नंदी का निधन, अनुपम खेर ने की भावुक पोस्ट



**मुंबई।** फिल्म मेकर, कवि और लेखक प्रीतीश नंदी ने 73 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके निधन की खबर ने साहित्य और कला जगत को गहरे शोक में डाल दिया है। इंडस्ट्री में प्रीतीश नंदी के निधन से सितारों के बीच शोक की लहर है। ऐसे में अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने फिल्ममेकर के बारे में कुछ खट्टी-मीठी यादों को शेयर किया है। अनुपम के इस पोस्ट पर फैन्स भी कमेंट कर रहे हैं। अनुपम खेर ने पोस्ट में लिखा- मुझे यह सुनकर बेहद दुख हुआ कि मेरे सबसे प्रिय और करीबी दोस्तों में से एक, प्रीतीश नंदी का निधन हो गया है। वह कवि, लेखक, फिल्म निर्माता और पत्रकार थे। मुंबई में मेरे शुरुआती दिनों में वह मेरे सपोर्ट सिस्टम और ताकत का बड़ा स्रोत थे। हम दोनों के बीच कई चीजें कॉमन थीं। वह अब तक मिले सबसे निडर इंसानों में से एक थे। हमेशा बड़े दिल और बड़े ख्वाब वाले इंसान थे। उनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। हाल के दिनों में हमारी मुलाकातें कम हो गई थीं, लेकिन एक समय था जब हम अलग ही नहीं होते थे। मुझे वह पल कभी नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे सरप्राइज देते हुए फिल्मफेयर और सबसे खास, द इलस्ट्रेटेड वीकली के कवर पर जगह दी।

## लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग रिहायशी इलाकों में पहुंची, 5 की मौत



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब शहर के रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। इसे राज्य के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी आपदा बताया जा रहा है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि इस भीषण आग में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तूफानी हवा के झोंकों ने आग को और भड़का दिया है। बुधवार को अंगारे सैकड़ों गज तक फैल गए हैं और दमकलकर्मी उन्हें बुझा नहीं पा रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति बाइडेन ने आपतकाल की घोषणा कर दी है। बाइडेन ने बुधवार को मीडिया से कहा, हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं और इन आग को रोकने के लिए जितना संभव हो सके कर रहे हैं। कैलिफ़ोर्निया की सबसे पसंदीदा रियल एस्टेट का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया है। लॉस एंजिल्स काउंटी के अग्निशमन प्रमुख एंथनी मार्रोन ने बताया कि इस तरह की आपदा उन्होंने पहले कभी नहीं देखी थी। उन्होंने कहा, हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमारे पास सभी विभागों में इतने अग्निशमन कर्मी नहीं हैं जो इसे संभाल सकें। सोशल मीडिया में शेयर किए गए कई वीडियो में भयानक मंजर दिखाई दे रहा है।

# एचएमपीवी महज सर्दियों में होने वाला सामान्य संक्रमणः डब्ल्यूएचओं



**जिनेवा।** सर्दियों के दौरान सांसो से जुड़े संक्रमण में बढ़ोतरी और ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अधिकारी मार्गरेट हैरिस ने इसको लेकर पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सर्दियों और वसंत ऋतु के दौरान श्वसन संक्रमणों का बढ़ना सामान्य है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि बीते दिनों एचएमपीवी ने भारत में भी दस्तक दे दी है। देश में एचएमपीवी के 5 नए मामले सामने आए थे। इनमें से 2 मामले कर्नाटक में, 2 तमिलनाडु में और 1 गुजरात में मिले थे। हालांकि केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया था कि इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मार्गरेट हैरिस ने यह भी कहा कि चीन में श्वसन संक्रमण के जो मामले सामने आ रहे हैं, वे सामान्य स्तर पर हैं और सर्दियों के मौसम में इस तरह के मामले अक्सर आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि चीन में अस्पतालों का उपयोग दर पिछले साल की तुलना में इस समय कम है और किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति घोषित नहीं की गई है। हैरिस ने यह स्पष्ट किया कि ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस कोई नया वायरस नहीं है। इसे पहली बार 2001 में पहचाना गया था और यह लंबे समय से मानव आबादी में मौजूद है। यह वायरस सर्दियों और वसंत के मौसम में सक्रिय होता है और इसके लक्षण सामान्य सर्दी जैसे होते हैं।

# महाकुंभः आस्था और आधुनिकता का संगम




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 को प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। सीएम योगी ने बुधवार को एक सम्मेलन में बताया कि इस साल महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 2019 के कुंभ मेले से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान हुआ था। इस बार 2 लाख करोड़ रुपये तक रेवेन्यू जेनरेशन का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024 में जनवरी से सितंबर तक ही काशी विश्वनाथ मंदिर में 16 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु और अयोध्या में 13.55 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। इससे पता चलता है कि महाकुंभ के प्रति लोगों में कितना उत्साह है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ को भव्य, दिव्य और डिजिटल आयोजन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर पेश करने का अवसर है। उन्होंने महाकुंभ को दुनिया का सबसे बड़ा अस्थायी शहर बताया, जहां हर दिन 50 लाख से 1 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**प्रयागराज में जोरों पर तैयारियां :** महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां जोरों पर हैं। संगम के 12 किलोमीटर इलाके में स्नान घाट बनाए जा रहे हैं। विशेष सफाई अभियान, निर्माण कार्य, और सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था की जा रही है, और महिलाओं के लिए अलग से चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। घाटों की पहचान के लिए प्रतीक चिह्न, जैसे डमरू और त्रिशूल लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वॉच टावर और पानी में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ भारत की सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें संतों और अन्य धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। संगम इलाके में वॉच टावर लगाए जा रहे हैं, और सभी घाटों पर 24x7 निगरानी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष योजना बनाई गई है।

## तेजी से चल रहा है राहत अभियान श्रमिकों को बचाने मैदान में उतरी सेना

**गुवाहाटी।** असम-मेघालय सीमा पर दीमा हसाओ क्षेत्र में स्थित कोयला खदान में बीते करीब तीन दिन से फंसे हुए मजदूरों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर जारी राहत एवं बचाव अभियान (एचएडीआर) में बुधवार को सेना व अन्य सुरक्षाबलों के साथ भारतीय नौसेना की टीम भी शामिल हो गई है। वहीं, सेना के विशेष कमांडो दस्ते '21 पैराएसएफ' के गोताखोरों की टीम ने एक शव को बरामद किया है। जबकि अन्य के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यहां बता दें कि पिछले सोमवार को लगभग 300 फीट गहरी इस कोयला खदान में अचानक पानी भरने से यह हादसा हो गया था।




हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 जनवरी को




**एजेंसी । रांचीः** राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति की ओर से राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई हैं। यह महोत्सव का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और जनजातीय समुदायों की अद्वितीय पहचान को प्रोत्साहन देना है। समिति की महासचिव नीलम बिरूली ने गुरुवार को बताया कि जतरा महोत्सव मोरहाबादी में 31 जनवरी को होगा। इसकी तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। इस बैठक में आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसका मुख्य आकर्षण विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनियां और क्षेत्रीय व्यंजन होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शीतल तिर्की, माला कुजूर, अमित तिर्की, हरीश मुंडा, बादल मुंडा, दीपक तिर्की, विशाल मुंडा, आशीष मुंडा, दीपराज बेदिया, महावीर मुंडा, मानसिंह मुंडा, शनि मुंडा, राम मुंडा, सोनू मुंडा, हेमंत मुंडा, रमेश मुंडा सहिता अन्य जुटे हुए हैं।

### बच्चे का शव बरामद, हत्या का आरोप



**एजेंसी । गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के चोलीडीह गांव स्थित बुढ़वा आहार के समीप गुरुवार को एक पांच वर्षीय बच्चे का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृत बच्चे की पहचान कंचन देवी का पुत्र सुदीप कुमार यादव था। इस बाबत मृतक सुदीप की मां, कंचन देवी ने बताया कि बुधवार को उसका उसके चाचा ससुर परशुराम यादव और चाची सास सावित्री देवी के साथ बुधवार शाम विवाद हुआ था । उसके बाद से ही पुत्र सुदीप घर से गायब हो गया था। उसने अपने पुत्र की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। गुरुवार को उसका शव तालाब के पास मिला। सुदीप का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने के बाद देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू और एएसआई बुद्धदेव उरांव सदलबल गांव पहुंचे और सारी बातों से अवगत हुए। इस दौरान मृत बच्चे की मां कंचन देवी ने पुलिस के समक्ष अपने चचेरे ससुर परशुराम यादव और चाची सास सावित्री देवी पर पुत्र सुदीप की हत्या कर शव तालाब के पास फेंक देने का आरोप लगाया है। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मासूम की हत्या के आरोप में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। इस बीच खबर है कि आरोपित दम्पत्ति गांव से फरार है।

### हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



**एजेंसी । लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चला कर पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन अपराधियो को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अपराधियों में पप्पू कुमार , अक्षय कुमार और प्रमोद यादव शामिल हैं। सभी मनिका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसडीपीओ भरत राम ने गुरुवार को मनिका थाना परिसर में संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एनएचआई के ठेकेदारों से रंगदारी लेने और दहशत फैलाने की योजना बनाकर हथियार के साथ कुछ अपराधकर्मी मनिका की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने मनिका थाना क्षेत्र के दुमुहान के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरु की । इसी क्रम में एक बाइक पर सवार होकर तीन लोग वहां आते दिखे। पुलिस के जरिये जब उन्हें रुकने का प्रयास किया गया तो वह लोग भागने लगे । लेकिन पुलिस टीम ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की जब छानबीन की गई तो उनके पास से एक पिस्टल भी बरामद हुआ । पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने स्वीकार किया कि उन लोगों के जरिये रंगदारी वसूली की योजना बनाई गई थी। छापामारी दल मे थाना प्रभारी शशि कुमार ,एसआई सत्येद्र कुमार ,मनोज कुमार,आरक्षी उदित कुमार ,भीम कच्छप समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### वेस्ट बोकारो जामा मस्जिद के सचिव की हालत बिगड़ी, टीएमएच हुए रेफर



**एजेंसी । रामगढ़।** रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो क्षेत्र में जामा मस्जिद कमेटी का अंतर्कलह अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। कमेटी के सचिव मोहम्मद मोइनुद्दीन की नमाज पढ़ते वक्त कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। इस वारदात में घायल मोहम्मद मोइनुद्दीन की हालत अब गंभीर हो गई है। उन्हें आनन-फानन में गुरुवार की सुबह वेस्ट बोकारो के अस्पताल से रेफर कर टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जमशेदपुर ले जाया गया है। जिस तरह नाजुक हालत बनी हुई है, परिजन भी चिंतित हो गए हैं। इसके अलावा जामा मस्जिद कमेटी के अन्य सदस्य भी अब इस मुद्दे पर काफी गंभीर हो गए हैं। वेस्ट बोकारो जामा मस्जिद कमेटी के सचिव सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सह सचिव मोहम्मद मोइनुद्दीन पर छह जनवरी को नमाज पढ़ते वक्त ही हमला हुआ था। उन पर वेस्ट बोकारो के ही रिजवान कुरैशी उर्फ शेरू कुरेशी, मोहम्मद वसीम खान उर्फ छोटू खान, मोहम्मद जावेद उर्फ बब्लू, मोहम्मद अकील, शफी उर्फ भोलू और शेरू खान ने हमला किया था। उन लोगों ने उन पर धारदार चीज से भी वार किया था। जिसकी वजह से उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उन्हें जब इलाज के बाद सात जनवरी को डिस्चार्ज किया गया तो ऐसा लगा वे जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे। लेकिन 61 वर्षीय मोहम्मद मोइनुद्दीन की हालत बुधवार की रात अचानक बिगड़ गई। हमलावरों पर पुलिस ने प्राथमिकी तो दर्ज की, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने की वजह से वह पूरा इलाका संवेदनशील हो गया है। जामा मस्जिद कमेटी के सचिव मोहम्मद मोइनुद्दीन मस्जिद को लेकर कुछ ऐलान करने वाले थे। छह जनवरी को वह जब नमाज पढ़ने पहुंचे थे, तो इस बात के लिए उन्होंने कुछ लोगों को बताया भी था। नमाज के बाद वह अपनी बात रखते, इससे पहले ही उन पर जानलेवा हमला हो गया। जिस तरीके से धारदार हथियार और ईंट पत्थरों से उन्हें पीटा गया, ऐसा लग रहा था हमलावर उन्हें जान से मारने की नीयत से ही पहुंचे थे। इस प्रकरण में रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि वेस्ट बोकारो में जामा मस्जिद को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी। मस्जिद कमेटी से इस मुद्दे पर टाटा कंपनी की बात भी हुई थी। लेकिन मस्जिद कमेटी की अंदरूनी लड़ाई ही काफी गंभीर हो गई है। वहां शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए मांडू अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह और वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# माइनिंग घोटालाः सुनील सिंह ने किया सरेंडर, सशर्त जमानत मंजूर

**एजेंसी । रांची**




माइनिंग घोटाले के आरोपित सुनील सिंह ने गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत में न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सरेंडर किया। अदालत ने 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर उन्हें सशर्त जमानत दे दी। सुनील सिंह के खिलाफ जब केस हुआ था, तब वह उषा मार्टिन में कार्यरत थे। लेकिन फिलहाल वह जेएसडब्ल्यू में जीएम के पद पर कार्यरत हैं। उन पर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। वर्ष 2005 में उषा मार्टिन कंपनी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। इस केस के अन्य आरोपित आईएएस अरुण कुमार सिंह और इंद्रदेव पासवान को भी कोर्ट से पिछले दिनों सरेंडर करने पर राहत मिल चुकी है। सीबीआई के मुताबिक, इस घोटाले में सुनील सिंह की भी भूमिका थी। सीबीआई की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत 2016 में 220/2016 एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपित बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया है कि खदान के आवंटन के लिए जो सुझाव केंद्र सरकार को भेजा गया था, उसमें राज्य सरकार के अधिकारियों ने उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटेकिंग भी दिया था। हालांकि सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गयी कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर दो सप्ताह की रोक




**एजेंसी । रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले दो सप्ताह तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह फैसला गुरुवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई के दौरान आया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता शिवदत्त शर्मा ने सांसद निशिकांत दुबे पर जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का रुख किया। उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने अदालत में पक्ष रखा। गौरतलब है कि इससे पहले, 9 दिसंबर को हुई सुनवाई में अदालत ने 9 जनवरी तक सांसद के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया था।

## भाजपा की संविधान गौरव अभियान को लेकर हुई बैठक, 15 से 25 जनवरी तक चलेगा अभियान






**एजेंसी । रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को संविधान गौरव अभियान के तहत हुई बैठक में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के चरित्र, उनके संघर्ष का व्याख्यान किया। साथ ही वक्ताओं ने कांग्रेस के उन पहलुओं की भी चर्चा हुई जिसमें संविधान के गलत उपयोग, बाबा साहब के साथ अपमान किया गया था। वक्ताओं ने संविधान गौरव अभियान की आज की जरूरत बताई क्योंकि आम जनता के बीच विरोधी पार्टियों कई भ्रांतियां फैला रही हैं। इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, संयोजक अमर कुमार बाउरी, सह संयोजक सहित जिले के संयोजक और सह संयोजक ने भाग लिया। बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए संविधान गौरव अभियान के संयोजक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भारत देश के संविधान की गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 जनवरी से 25 जनवरी तक व्यापक स्तर पर संविधान गौरव अभियान की शुरुआत देश भर में की जायेगी। वर्तमान में झारखंड में सदस्यता अभियान चल रहा है इसलिए झारखंड में 15 से 25 जनवरी तक इस अभियान को चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के संविधान की खूबसूरती, उसकी ताकत, बाबा साहब के देश के प्रति सोच, संदेशों को और साथ ही कांग्रेस के जरिये बाबा साहब के साथ किए गए अपमानों को और भाजपा के जरिये बाबा साहब को दिए सम्मान को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## एमआरएमसीएच बनेगा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल : अजय कुमार सिंह

**एजेंसी । पलामू**



पलामू प्रमंडलीय मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल से अब गंभीर स्थिति में रोगी रेफर नहीं किये जायेंगे। एमआरएमसीएच को स्पेशलिटी से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने की कवायद तेज कर दी गयी है। एक साल के भीतर यहां हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), आंकलॉजी और न्यूरोलॉजी (स्नायूरोग) की सेवा प्रारंभ करने की तैयारी है। इसके बाद नेत्र रोग, रेडियोलॉजी आदि की भी सेवा प्रारंभ की जायेगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बेहतर संचालन और उपरोक्त सेवाओं को प्रारंभ किए जाने के निमित परामर्श एवं संभावनाओं के मद्देनजर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा तथा परिवार कल्याण विभाग को अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरूवार को एक दर्जन स्पेशलिस्ट डाक्टरों की टीम के साथ एमआरएमसीएच का निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का विजिट किया गया एवं तमाम संभावनाओं की जांच की गई। आवश्यक संसाधनों, प्रक्रियाओं तथा प्रशिक्षण आदि की जांच की गयी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर मुख्य सचिव ने कहा कि एमआरएमसीएच का भवन निर्माण सहित अन्य कार्यों की काफी धीमी गति है। वर्ष 2018-19 से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अबतक अधूरा है। दिसंबर 2025 तक हर हाल में एमआरएमसीएच में तीन प्रमुख स्वास्थ्य सेवाओं हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), आंकलॉजी एवं न्यूरोलॉजी (स्नायूरोग) को प्रारंभ करने की तैयारी है, ताकि रेफर करने की स्थिति अगले साल से नहीं बने। उन्होंने कहा कि रेफर करने की स्थिति में पेसेंट को काफी दिक्कत होती है। कभी कभी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मरीज दम तोड़ देते हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि संवेदक को अगस्त 2025 तक हर हाल में भवन निर्माण कार्य पूरा करके सौंपने का निर्देश दिया गया है। अगर सितंबर तक नहीं सौंपा जाता है तो प्रत्येक महीने दो प्रतिशत की पेनाल्टी लगायी जाएगी। सितम्बर में दो, अक्टूबर में चार, नवंबर में छह एवं दिसंबर में आठ प्रतिशत पेनाल्टी लगायी जायेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल विजिट करने का मूल मकसद रांची रिम्स पर निर्भरता खत्म करनी है और जहां-जहां मेडिकल कॉलेज बने हैं, वहां सुपर स्पेशलिटी सेवा प्रदान करनी हैं।

# केंद्रीय कोयला मंत्री ने रांची में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र और 5जी टेस्ट लैब का किया उद्घाटन

**एजेंसी । रांची**




केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने गुरुवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सीसीएल के कार्यों की समीक्षा भी की। उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद महुआ मांझी, विधायक और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण सुरक्षा कर्मियों को ओरिएंटेशन और रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने के लिए किया गया है, ताकि उनके पेशेवर कौशल को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अत्याधुनिक इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की विशेषता वाला यह केंद्र कर्मचारियों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने, सुरक्षित और अधिक कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनायेगा। इससे पहले, जी किशन रेड्डी ने सीएमपीडीआई (सेंट्रल कोल प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट) में 5जी यूज केस टेस्ट लैब और कचरे से बनाये गये शोपीस का उद्घाटन किया। उन्होंने सीएमपीडीआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी / सीआरडी शंकर नागाचारी, निदेशक तकनीकी/पीएनडी अजय कुमार और निदेशक तकनीकी आरडीएनटी अच्युत घटक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। पहले दिन उन्होंने रांची में सीएमपीडीआई और सीसीएल के कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं दौरे के दूसरे दिन 10 जनवरी को वे कांके के सुकरहुट्टू स्थित रिनपास की जमीन पर 200 बेड के अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, कोयला मंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भी बैठक कर सकते हैं। इस दौरान वे मुख्यमंत्री से कोयला कर्मियों की समस्याओं, बकाया राशि समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

## नक्सलियों ने मजदूरों के साथ मारपीट कर दो वाहनों में लगाई आग



**एजेंसी । रांची**

जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित गुंजा गांव में नक्सलियों ने क्रशर साइट में मजदूरों के साथ मारपीट कर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह घटना बुधवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि दस की संख्या में आये तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के नक्सलियों ने एनईपीएल कंपनी के मजदूरों के साथ मारपीट की। सभी के पास छोटे हथियार थे। एक हाइवा तथा एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से टीएसपीसी के विक्रांत जी के नाम का एक पर्चा मिला है। दो वाहनों में आग लगाई गई है। लाठी-डंडों से मजदूरों के साथ मारपीट की गई। फायरिंग की भी बात सामने आ रही है लेकिन घटनास्थल से एक भी खोखा बरामद नहीं किया गया है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

## जिला भू अर्जन पदाधिकारी हुए सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**एजेंसी । लोहरदगा**

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता सेवानिवृत्त हो गये। बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। इस अवसर पर जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के जरिये सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।उपायुक्त डा.प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने इस मौके पर कहा कि सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया।चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने निर्णय और समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा। सेवानिवृत्ति नौकरी के स्वभाविक प्रक्रिया है जिससे सभी नौकरीपेशा के लोगों को सामना करना ही पड़ता है। उपायुक्त ने सामंता के बेहतर स्वस्थ जीवन की कामना की। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सामंता का व्यक्तित्व बेहद सरल और शांत रहा। इनके कार्यकाल में बेहतर कार्य लोहरदगा जिला में हुआ। उप विकास आयुक्त रहते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये। वहीं भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में भी इन्होंने बेहतर कार्य किया। इस दौरान सेवानिवृत्त पदाधिकारी जय ज्योति सामंता` ने कहा कि अपने जीवन में पश्चिम बंगाल और बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी करने का अवसर मिला और अनुभव बेहद शानदार रहा। वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों का बहुत सानिध्य प्राप्त हुआ और सभी से कुछ ना कुछ बेहतर सीखने का मिला। जीवन में जो सफलता मिली वह सभी के सहयोग से ही संभव हो सका। सेवाकाल के दौरान अपने स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति आयी लेकिन अपने कार्य संपादन को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर ने भी अपने विचार व्यक्त किये और सामंता के मिलनसार प्रवृत्ति एवं स्वभाव की प्रशंसा की।



संक्षिप्त समाचार

## इंटरैक्ट क्लब के बच्चों ने जरूरतमंद लोगों को बांटे गर्म कपड़े



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : होली क्रॉस स्कूल, बोकारो के इंटरैक्ट क्लब के बच्चों ने स्कूल के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर बोकारो रेलवे स्टेशन व उसके आसपास के क्षेत्रों में जाकर लगभग दो दर्जन गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच चद्दर व कंबल का वितरण किया। स्कूल की प्राचार्या डॉ सिस्टर कीर्ति किरण व शिक्षकों के हाथों भी इसका वितरण हुआ। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सच्चा मानव धर्म है। क्लब के बच्चों ने इस नेक कार्य को अंजाम देकर प्रसंशनीय कार्य किया है। सभी को इस तरह के कार्यों में बढ़चढ़कर आगे आने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक हरेकनाथ गोस्वामी, केन्डिडा, टेबोडा, रुम्पा माहता आदि मौजूद थे।

## बोकारो में चला अतिक्रमण-विरोधी अभियान, आठ आवासों को कराया खाली

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट के आवासों से अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य एक बार पुनः तेज कर दिया गया है। बोकारो स्टील के सम्पदा न्यायालय के आदेश से गुरुवार को नगर के सेक्टर-2 व सेक्टर-3 में बीएसएल के सुरक्षा विभाग की टीम ने कुल आठ आवासों को अतिक्रमण-मुक्त कराया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को तैनात किया गया था। गुरुवार को चलाये गए अभियान के तहत सेक्टर- 2 में आवास संख्या- 02डी/ई/3301, 02डी/ई/2023, 02डी/ई/1094 तथा सेक्टर-3 में 03ए/डी/0160, 03सी/सी/0225, 03सी/ई/0664, 03सी/ई/0663 व 03डी/डी/0566 खाली कराए गए। उक्त जानकारी बीएसएल प्रबंधन की ओर से दी गई है।



## कसमार : दांतू के समाजसेवी भुनेश्वर सिंह का निधन, शोक की लहर

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : कसमार प्रखंड के दांतू निवासी समाजसेवी भुनेश्वर सिंह का निधन गुरुवार को हो गया। वे दांतू पंचायत की पूर्व मुखिया मंजू बाला देवी के ससुर एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह के पिता थे। बताया जाता है कि भुनेश्वर सिंह तेनुघाट स्थित सिंचाई विभाग में सरकारी सेवा में कई साल तक कार्य किए। इसके बाद 2004 में ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल विभाग में प्रधान लिपिक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त होने के बाद सामाजिक कार्यों में वे काफी सक्रिय भूमिका में रहते थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। गुरुवार दोपहर दांतू के खांजो नदी स्थित श्मशान घाट में उनका दाह संस्कार किया गया। उनके दाह संस्कार के समय दांतू पंसस नागेंद्र नायक, जीतेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, कामदेव सिंह, दीपक सिंह, उपदेश सिंह, मोहन कुमार नायक, भुनेश्वर नायक समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## ऊपरघाट के पोखरिया में घर का ताला तोड़कर चोरी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल** : नावाडीह प्रखंड के पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत पोखरिया गांव निवासी सरजू घांसी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी सहित जेवरात की चोरी कर ली। घटना बुधवार रात्रि की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की रात्रि पोखरिया निवासी सरजू घांसी का पूरा परिवार शादी में अपने नये वाले मकान में ताला लगाकर पुराने वाले मकान में चले गए थे। रात्रि में चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और घर के अंदर रखे अलमारी, बक्सा आदि का ताला तोड़कर उसमें रखे दस हजार रुपया नकद सहित सोने की अंगूठी, पायल, सोने का लॉकेट सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के पूर्व आस-पास के घरों का हैंडल बाहर से लगा दिया था। इसी प्रकार पोखरिया के पीडीएस डीलर रीतलाल महतो के घर के बाहर चोरों ने दबिश दी थी तो आवाज़ सुनकर घर के लोग उठ गये तो चोर भाग गये। ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि में चोर एक सफेद रंग की बोलेरो लेकर चोरी की घटना को अंजाम देने आते हैं और चोरी कर उसी वाहन में सवार होकर चले जाते हैं।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन 16 जनवरी को

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल में 16 जनवरी को डीवीसी हॉस्पिटल एवं भगवान महावीर मेडिका रांची हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में सभी नेत्र रोगियों के नेत्र की जांच मेडिका हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ अनिन्द्या अनुराधा करेंगी। उक्त जानकारी डीवीसी हॉस्पिटल के हेल्थ निरीक्षक कृष्ण कुमार ने दी।

# बीएसएल में दो-दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : गुरुवार को बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल-4 में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेसर्स एएसके-ईएचएस के द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) एस सरतपे तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो उपस्थित थे। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एसकेडी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) एस सरतपे ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो ने प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खैराचातर में विद्दाहा टुसु मेला की जोर शोर से चल रही है तैयारी



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित विद्दाहा में आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले टूसू मेला की तैयारी जोर शोर से चली रही है। लगभग पांच दशक पुराने इस मेला को इस बार भव्य रूप देने के मेला कमेटी का गठन भी किया गया है। कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य इसके लिए जुटे हुए हैं। विद्दाहा स्थित नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के रंगरोगन व टाइल्स-मार्बल का काम अंतिम चरण में है। इसके आसपास के स्थल को भी सजाया-संवारा जा रहा है। बताया गया कि मेला को विकसित करने के लिए इस बार टूसू प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। उसके विजेताओं को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा डांस कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। उसमें आसनसोल, धनबाद व रांची के डांसर भाग लेंगे। मौके पर राजेश कुमार राय, पंकज कुमार जायसवाल, सौरभ कुमार राय, विमल राय, संदीप राय, विक्रम राय, अनुज राय, अनीश राय, सुंदरलाल घांसी, अंतु राय, राहुल राय, राजा राय, अमित सिंह, विपिन राय, खाड़ू कपरदार, सपन राय, ठाकुर महतो आदि मौजूद थे।

## भूमि अधिग्रहण के लिए भुगतान की प्रक्रिया को करें तेज : अपर समाहर्ता

- कसमार में कैंप कोर्ट में भू अर्जन मामलों की हुई सुनवाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो** :कसमार अंचल कार्यालय में गुरुवार को कैंप कोर्ट का आयोजन कर प्रखंड में सड़क निर्माण की विभिन्न परियोजनाओं के तहत भू अर्जन के मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान परियोजनाओं के संवेदक, उनके प्रतिनिधियों और रैयतों ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज आलम, बेरमो अनुमंडलाधिकारी मुकेश मछुआ, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारका बैठा व कसमार सीओ प्रवीण कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में भारत माला परियोजना के फेज वन व फेज टू तथा बरलांगा-कसमार पथ के लिए भूमि अधिग्रहण के एवज में भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने को लेकर रैयतों की सुनवाई की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि मुआवजा भुगतान समय पर नहीं होने के कारण परियोजनाएं बाधित हो रही है। इसलिए इस दिशा में गंभीरता पूर्वक काम करने की जरूरत है। उन्होंने रैयतों से भी आग्रह किया कि वे आपसी विवादों को सुलझा कर जरूरी कागजात विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि मुआवजा भुगतान समय पर किया जा सके। मौके पर विभिन्न परियोजनाओं के संवेदक के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। मौके पर गंगा कंस्ट्रक्शन के नरेंद्र कुमार पांडेय, संदीप पाल समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बीएसएल के सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई समुचित प्रबंधन की जानकारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 90 कार्मिकों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से गुरुवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ की ओर से एक नए सफ़र की शुरुआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन - अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। इस क्रम में उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। एचडीएफसी लाइफ के प्रबंधक राजेश कुमार ने एनपीएस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पंजाब नेशनल बैंक के अविनाश कुमार एवं मुख्य प्रबंधक संजय कुमार की टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सुश्री फ़िज़्ज़ा परवीन, ओ.सी.टी.(मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

## रोटरी क्लब चास ने विधायक श्वेता सिंह को किया सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में अपना 23वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह उपस्थिति रहीं। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक एवं सेवा कार्यों से रोटरी क्लब चास ने बोकारो में एक अलग विशिष्ट पहचान बना ली है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने इस अवसर पर क्लब की सामुदायिक सेवा एवं मानवीय कार्यों में 23 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का संक्षिप्त वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही रोटरी का उद्देश्य है।

मुख्य अतिथि श्वेता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा क्षेत्र में रोटरी क्लब चास का समाज में प्रभावशाली योगदान रहा है। श्वेता सिंह ने आशा व्यक्त की कि चास उपनगर को संवारने में रोटरी क्लब चास अपना योगदान देगा। समारोह में श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया गया। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चास रोटरी सामाजिक सेवा के लिए तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब चास के सभी पूर्व अध्यक्षों ने शॉल ओढ़ाकर श्वेता सिंह को सम्मानित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने लेपल पिन लगाकर श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया। इस अवसर पर सभी चार्टर सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन व धन्यवाद ज्ञापन मुकेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर कुमार अमरदीप, मनोज चौधरी, सिद्धार्थ सिंह माना, हरबंस सिंह, चनप्रीत सिंह, रविंद्र मंड, सिद्धार्थ पारख, तेजपाल सिंह, विजय अग्रवाल, प्रकाश केजरीवाल, राजकुमार पोद्दार, धनेश बंका, भवनीत सिंह, आनंद अग्रवाल, प्रेम कुमार, मनोज भालोटिया, राजकुमार जायसवाल, मनोज सिंह, विनय सिंह, अमन मल्लिक, संजय रस्तोगी, मंजीत सिंह, राजेश केडिया सहित बोकारो और मिड टाउन कपल रोटरी क्लब के सदस्य के अलावा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रेमी युगल ने की शादी, थाना को दी लिखित सूचना



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी निवासी कौशल्या देवी एवं स्व गणेश भुइंया की 20 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी ने अपने गिरिडीह निवासी प्रेमी 21 वर्षीय दीपक कुमार से मंदिर में शादी कर ली और स्थानीय थाना को लिखित सूचना दी। मनीषा का गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत योगीटांड़ सात नंबर निवासी अजय भुइंया के पुत्र दीपक के साथ विगत तीन माह से प्रेम संबंध था। दोनों ने भागकर मंदिर में शादी कर ली थी। मनीषा की मां कौशल्या देवी ने स्थानीय थाना को लिखित सूचित किया था। पुलिस के दबाव पर दोनों गुरुवार को थाना पहुंचे और लिखकर दिया कि हम-दोनों बालिग हैं और शिव मंदिर में शादी कर चुके हैं। लिखा कि भविष्य में मनीषा को दहेज को लेकर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना दीपक या उसके परिजनों द्वारा की जाएगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लिखित इकरारनामे पर मनीषा, दीपक के अलावा दीपक के पिता अजय भुइंया, मां हेमंती देवी, कौशल्या देवी, विकास राणा, ज्ञानी प्रसाद मेहता, कौलेश्वर दास, राजकुमार भुइंया आदि ने बतौर गवाह हस्ताक्षर किया है।

## बोकारो में दफादार चौकीदार संघ का धरना, अवैध नियुक्तियों को रद्द करने की मांग

राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो : झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा बोकारो जिला कमेटी की ओर से अपनी 05 सूत्री मांगों को लेकर बोकारो समाहरणालय के सामने गुरुवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पासवान ने की तथा संचालन जिला सचिव शिवनाथ हजाम ने किया। धरना प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह उपस्थित थे। इस दौरान संगठन की ओर से उपायुक्त कोस 05 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। उनकी मांगों में झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 में उल्लिखित प्रावधानों के विरुद्ध बोकारो जिला में चौकीदारों के रिक्त पदों पर की गई अवैध नियुक्तियों को जनहित और राज्यहित में तत्काल रद्द करने, एसीपी/ एमएसीपी का लाभ देने, लगभग दस वर्षों से बकाया वर्दी भत्ता का लाभ देने, माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान करने, बैंक ड्यूटी, डाक ड्यूटी, कैदी स्कॉट, रोड ड्यूटी और थाना में बैठ बेगारी कराने पर रोक लगाने और चौकीदारी मैनुअल के अनुसार ड्यूटी कराने आदि प्रमुख हैं।



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि बोकारो जिला में सेवा विमुक्त, एवजी और अनुकंपा के आधार (आवेदन देने की अवधि 5 वर्ष समाप्त नहीं हुई है) पर चौकीदार दफादारों के रिक्त पदों पर की गई अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द की जाय। श्री सिंह ने सरकार के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उपायुक्त से जिले में हुई विसंगतियों को दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर चौकीदारों की अवैध नियुक्ति रद्द नहीं हुई तो झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

## डालमिया सीमेंट ने अपनी आरसीएफ एक्सपर्ट सीमेंट रेंज का किया अनावरण

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने अपने प्रमुख भारतीय बाजारों में रूफ, कॉलम, फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद, डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट++ और डालमिया सीमेंट (डीसी) आरसीएफ एक्सपर्ट, उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी (एनबीटी) से लैस हैं, जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज उच्च शक्ति, बेहतर संक्षारण प्रतिरोध और समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली मजबूत संरचनाएं सुनिश्चित करती है। डालमिया सीमेंट (डीसी), मूल ब्रांड, अपनी 80 से अधिक वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ अपनी लगातार गुणवत्ता और सिद्ध विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है, जो इसे विविध निर्माण आवश्यकताओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प बनाती है। डालमिया डीएसपी आरसीएफ++, पोर्टफोलियो में प्रीमियम पेशकश को अल्टीमेट कंक्रीट एक्सपर्ट के रूप में स्थान दिया गया है। यह एनबीटी को हाई रिएक्टिव सिलिका और पोर रिडक्शन टेक्नोलॉजी (पीआरटी) के साथ जोड़ता है, जो मजबूत छतों, कॉलम और नींव के लिए उत्कृष्ट शक्ति और स्थायित्व प्रदान करता है। इस पहल को डालमिया सीमेंट की समर्पित आरसीएफ सलाहकारों की टीम द्वारा सहयोग दिया गया है, जो निर्माण में सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ऑन-साइट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

डालमिया सीमेंट के देशव्यापी 50000 से अधिक चैनल भागीदारों के विशाल नेटवर्क के सहयोग से आयोजित उत्पाद अनावरण के कार्यक्रम में प्रमुख चैनल भागीदारों, कॉन्ट्रैक्टर्स और राजमिस्त्रियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जिस तरह से निर्माण प्रथाएं विकसित हो रही हैं, घर बनाने वाले अब तेज़ सेटिंग समय, बेहतर कार्यशीलता और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए बढ़ी हुई प्रतिरोधक क्षमता जैसी उन्नत सुविधाओं की तलाश कर रहे हैं। ज़मीनी स्तर पर सक्रियता और इंटरैक्टिव सत्रों ने आरसीएफ एक्सपर्ट रेंज की उन्नत सुविधाओं और बेहतर प्रदर्शन को उजागर किया। इन कार्यक्रमों में नवाचार और विकास का जश्न मनाया गया, जिससे डालमिया सीमेंट की ताकत, विश्वसनीयता और प्रदर्शन में नए उद्योग मानक स्थापित करने वाले समाधान देने की प्रतिबद्धता को बल मिला। आरसीएफ मजबूत तो घर मजबूत की अवधारणा को अपनाते हुए, कंपनी मजबूत, अधिक सुदृढ़ घरों के निर्माण की दृष्टि को आगे बढ़ाना जारी रखे हुए है।

पूर्वी भारत में कंपनी इस क्षेत्र में सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक के रूप में अग्रणी है और ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड राज्यों में 20126 से अधिक चैनल भागीदारों के साथ मजबूत पकड़ रखती है। यह इस क्षेत्र में दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट ब्रांड है, जिसमें ओडिशा डीएसपी सीमेंट के लिए इसका सबसे बड़ा बाजार है। सतत आजीविका, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित इसकी व्यापक सामुदायिक सहभागिता की पहलों ने भारत के निर्माण परिदृश्य में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

# मांगों को लेकर स्वीच यार्ड के मजदूरों ने काम बंद किया, वार्ता के बाद काम पर लौटे

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट स्थित स्विच यार्ड में एएमसी के तहत कार्यरत मेसर्स अखलाक खान के मजदूरों ने गुरुवार को संवेदक द्वारा मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार एवं मजदूरों के कैटेगरी निर्धारण में मनमानी करने के खिलाफ कार्य का बहिष्कार कर दिया और फुटबॉल मैदान में विरोध स्वरूप एकत्रित हो गये। मजदूरों द्वारा कार्य बहिष्कार पर मजदूरों एवं उनके प्रतिनिधि से वार्ता करने को डीवीसी के वरीय प्रबंधक विद्युत सुरजीत सिंह, प्रबंधक हरिओम, जितेंद्र सिंह बोकारो क्लब मैदान पूर्वाह्न लगभग ग्यारह बजे पहुंचे तथा मजदूरों से बात करने की कोशिश की परंतु मजदूरों ने अपने नेता भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सह एक्टू के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार सिंह की उपस्थित में वार्ता करने की बात कही। बाद में माले नेता ने कंपनी के संवेदक इरशाद खान तथा डीवीसी के विभागीय अभियंता को मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार करने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने के लिए मजदूरों की ओर से रोष प्रकट किया जिस पर दोनों ने खेद व्यक्त किया। बाद में डीवीसी के डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर के कार्यालय में मजदूरों की समस्याओं पर वार्ता हुई। वार्ता में डीजीएम ने बताया कि कार्मिक प्रबंधक छुट्टी पर हैं, उनके आने पर मजदूरों की लंबित समस्याओं पर विस्तृत रूप से वार्ता की जाएगी एवं कानून सम्मत मांगों को लागू किया जाएगा। वार्ता होने की तिथि तक प्रबंधन ने कार्य सुचारू रूप से चलने देने की बात कही। डीजीएम से वार्ता के बाद माले नेता ने मजदूरों को कार्य पर वापस लौट जाने को कहा। वार्ता में प्रबंधन और संवेदक ने आश्वासन दिया कि मजदूरों के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार के अभद्रतापूर्ण व्यवहार नहीं किया जाएगा। इसके बाद दोपहर ढ़ाई बजे सभी मजदूर काम पर वापस लौट गये। वार्ता में माले नेता के अलावा झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष बालेश्वर यादव, मनीर आलम, गुलाम साबिर, मुहम्मद जाकिर, अमित सील, बादल डे, मो मल्लिक, मंजूर आलम, छोटेलाल बेसरा, खगपति महतो, अशोक साव सहित स्विच यार्ड के सभी मजदूर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम प्रसंग में पत्नी ने ही कराई ही थी हत्या, पत्नी सहित तीन आरोपित गिरफ्तार



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः खूंटी।** नामकुम थाना क्षेत्र के ब्यांगडीह निवासी पौदा मुंडा की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक पौदा मुंडा की पत्नी ममता देवी, नामकुम थाना क्षेत्र का सुकवा मुंडा और दुबी मुंडा शामिल हैं।

यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस कॅन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पौदा मुंडा का शव तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरपा सिमडेगा मुख्य पथ के किनारे ओरमेंजा गांव के पास से चार जनवरी को बरामद किया गया था। इस संबंध में तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। एसडीपीओ ने बताया कि गठित टीम की जांच के क्रम में पता चला कि पौदा मुंडा की हत्या में उसकी पत्नी ममता देवी के अलावा उसी गांव के सुकवा मुंडा और दुबी मुंडा का हाथ है। पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपितों को ब्यांगडीह गांव से गिरफ्तार किया।

एसडीपीओ ने बताया कि पौदा मुंडा की हत्या प्रेम प्रसंग और अवैध संबंध के कारण हुई थी। एसडीपीओ ने बताया कि नामकुम थाना क्षेत्र में हुए एक दोहरे हत्याकांड में पौधा मुंडा जेल गया था। वह लगभग दो साल तक जेल में रहने के बाद जमानत पर छुटा था। उसे जेल से छुड़ाने में सुकवा मुंडा ने मदद की थी। पौदा जब जेल आया, तो उसका संबंध सुकवा की भाभी से हो गया।

पौदा की पत्नी का प्रेम संबंध भी दुबी मुंडा से हो गया था। सुकवा को जानकारी मिली कि पौदा का अवैध संबंध उसकी भाभी से है, तो इससे आक्रोशित सुकवा ने पौदा की हत्या करने की योजना बनाई। पौदा की पत्नी को भी इस बात की जानकारी थी। उसने भी पौदा को मारने के लिए हामी भर दी। तय योजना के तहत सुकवा और दुबी मुंडा पौदा को बुलाकर रामपुर बाजार ले गये। वहां तीनों ने शराब के साथ ही गांजा का भी सेवन किया। इसके बाद तीनों दुबी के टाटा मैजिक से निकले। दुबी और सुकवा पौदा को लेकर तोरपा आ गये।यहां मरचा के पास पहुंचते ही सुकवा ने चलते ऑटो में ही पौदा की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद ओरमेंजा गांव के पास सड़क किनारे शव को फेंक दिया।

पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, तोरपा के थाना प्रभारी, मुकेश कुमार हमेंब्रम, पुलिस अवर निरीक्षक अमरंद्र कुमार मंडल, एसआई सोनाराम स्वांसी और सशस्त्र बल शामिल थे।

### महिला से दुष्कर्म, एक आरोपित गिरफ्तार

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः दुमका।** जिले हंसडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ आरोपित जीजा और साले ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। मामलें को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हेमंत यादव को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया जबकि दूसरा आरोपित जीजा मनोज यादव पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा है। मामले को लेकर पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि 25 दिसम्बर की रात वे अपने घर मे अकेली सोई थी इतने में देर रात हेमंत यादव और उसका जीजा मनोज यादव मेरे घर मे घुसकर छेड़खानी करने लगा एवं बारी बारी से दुष्कर्म किया।

पीड़िता किसी तरह भाग कर घर के बाहर निकली और मामले की जानकारी गांव के प्रकाश सिंह को दी जहां प्रकाश सिंह के जरिये जब दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों आरोपित गाली-गलौज करने लगे इतने में मनोज यादव के जरिये लोहे के रड से प्रकाश सिंह के सर पर प्रहार कर दिया गया, जिससे प्रकाश सिंह का सर फट गया और वह बुरी तरह घायल हो गये। घटना के बाद दोनों आरोपित वहां से फरार हो गये। उक्त मामलें को लेकर हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता के जरिये दिये आवेदन पर कांड संख्या 04/25 दर्ज कर आरोपित युवक हेमंत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है साथ ही एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः खूंटी।** खूंटी-रांची रोड में तजना नदी पुल से आगे मोड़ के पास गुरुवार शाम दो बाइक के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान खूंटी के बेलांगी गांव निवासी दिनेश कश्यप (50) के रूप में हुई है। घायलों में दिनेश कश्यप की पत्नी रीना देवी और दूसरी बाइक के चालक गिरजा टोली खूंटी में रहने वाले विक्रम मुंडा शामिल हैं। दोनों घायलों की स्थिति भी चिंताजनक है। दोनों के सिर पर गंभीर चोट लगी है। दोनों को सदर अस्पताल खूंटी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एलआईसी अभिकर्ता दिनेश कश्यप खूंटी से अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने गांव बेलांगी लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहे केटीएम बाइक चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार तीनों लोग पक्की सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के जरिये तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया जहां चिकित्सकों ने दिनेश कश्यप को मृत घोषित कर दिया।

# बोकारो में सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ (एलइडी वाहन) के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत चास नगर निगम, सेक्टर 4, बोकारो मॉल, सेक्टर 9, बेरमो, जैनामोड़, नयामोड़ और बोकारो स्टील सिटी के अंतर्गत अन्य स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा सभी लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित कर लोगों को जानकारी दी गई।



जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना सेजवलकर ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के प्रमुख चौक चौराहा सहित अन्य जगहों पर जाकर यातायात नियमों के पालन हेतु हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित वीडियो क्लिप लोगों को दिखाये जा रहे हैं तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अन्य कई तरह के कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के अनुसार दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना अनिवार्य है। साथ ही, वाहन चालक अपने और अपने परिवार के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन जरूर करें। सड़क सुरक्षा माह आगामी 31 जनवरी, 2025 तक मनाया जाएगा।

# बोकारो की मुन्नी झा को मिला भारत श्री सम्मान




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** हरिद्वार के 5 स्टार होटल एमजे सरोवर पोर्टिको में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में बोकारो की समाजसेविका श्रीमती मुन्नी झा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित भारत श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर के अलावा श्रीमती अंजना पवार, वाइस चेयरमैन, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, परम पूज्य गुरुदेव स्वामी संतोष आनंद देव जी महाराज महामंडलेश्वर, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय उत्तराखंड, पंडित राजेन्द्र अनर्थवाल, अध्यक्ष, राज्य गौ सेवा आयोग, राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार, मुकेश कुमार, अध्यक्ष, अनुसूचित जाति आयोग, राज्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार और बृज मोहन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव, एनसीपी, नई दिल्ली, राकेश रावत, पुलिस उपाधीक्षक, सुशील रावत, पुलिस उपाधीक्षक, डॉ राजेश तिवारी, अध्यक्ष, नमाज ग्रुप ऑफ कॉलेज, देहरादून, संजय श्रीवास्तव, स्टेट हेड, इंडिया न्यूज़, उत्तराखंड और अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष आचार्य सुशांत राज इस भव्य समारोह में उपस्थित थे। संगठन के चैयरमेन मोहित नवानी ने देश एवं विदेश से आए संगठन के सभी पदाधिकारियों और सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बेड़ो में ठंड के बीच पाला पड़ने से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रहा पाला से किसान,मजदूर व आमजन परेशान हैं। शीतलहर व पाला जमने से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। इससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि यह सर्दी लंबी चलती है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं हर दिन तापमान में आई गिरावट से ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। कंपकंपाती ठंड से खासकर खास कर ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक चौराहे पर सनाटा पसर जा रहा हैं और लोगो अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के जरिया,पुरियो,केशा,खत्रिखटंगा,नगड़ी टोली, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान पाला व ठंड की दोहरी मार झेलने को विवश हैं। किसानो की एक मात्र साधन खेती हैं। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है। आलू, मटर, गोभी, टमाटर व गेहूं सहित सभी फसलें प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान पवन कुमार, पंकज कुजूर,विशेश्वर मिंज,बिरसा कुजूर,करमा उरांव,राम उरांव,वन्दे लकड़ा,विरन उरांव ने बताया कि हमारे गांव में इस समय भीषण सर्दी के साथ रात में पाला काफी गिरने की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से ठंड इतनी ज्यादा है कि लोगों ने अब घर से निकलना भी बंद कर दिया है। इधर किसानों द्वारा केसीसी ऋण लेकर खेती करने वाले किसान मायूस हैं तथा ऋण का पैसा कैसे चुकता होगा को लेकर चिता सताने लगी है। वहीं ठंड से हर कोई परेशान है। स्कूली बच्चों को ट्यूशन जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग ठंड के कारण अपने काम छोड़ घर में रहने को मजबूर नजर आए।जहां ठंड ने मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी असर डाला है। इधर कृषक मित्र ब्रजेश महतो ने बताया कि कई दिनों से सुबह व शाम के समय ठंड बहुत बढ़ गई है। तापमान में गिरावट होने के बाद सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के ज्यादातर लोग सब्जी व फसलों से ही अपना जीविका चलाते है। इसलिए प्रशासन किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई सरकार को करनी चाहिए।

# शोकाकुल स्वजनों से मिले मारुति मंगल परिवार के सदस्य, बंधाया ढांढस



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ोः** गुमला रोड बेड़ो निवासी स्थानीय पत्रकार उज्ज्वल गुप्ता अनुज गुप्ता व अखबार अभिकर्ता अजय गुप्ता के पिता कैलाश प्रसाद गुप्ता का 5 जनवरी दिन रविवार की शाम में हुई असामयिक निधन के गमगीन परिवारों से मिलने गुरुवार को मारुति मंगल परिवार के सदस्य इनके आवास पहुंचे। जहां परिवार के सदस्यों ने परिवार के साथ बैठकर सांत्वना दी। और शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में मारुति मंगल परिवार उनके साथ है। वहीं परिवार के संगठन प्रमुख सुमेश कुमार महतो ने कहा कि दुख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाकर स्वजनों का ध्यान रखें। समय बदलते देर नहीं लगती है। मौके पर सुरेंद्र महतो, सुमेश कुमार, संजय कुमार, अजय जोगी, जितपाहन प्रजापति, भोला कोयरी, दुर्गा महतो मौजूद थे।

# गुरुद्वारा प्रधान पद पर परमदीप सिंह कालरा का रहा कब्जा, दूसरी बार फिर बने प्रधान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रामगढ़।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रधान पद पर परमदीप सिंह कालरा का ही कब्जा रहा। वे दूसरी बार फिर प्रधान चुने गए। इस बार भी उन्होंने भारी मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी परमिंदर सिंह उर्फ पप्पू जस्सल को पराजित किया है। गुरुवार को समाज के तरफ से कुल 352 वोट डाले गए थे। मतगणना के बाद तीन वोट रद्द किए गए। सर्वाधिक 235 वोट परमदीप सिंह कालरा उर्फ जानू सरदार को मिला। उनके प्रतिद्वंदी परमिंदर सिंह उर्फ पप्पू जस्सल को 114 मतों से ही संतोष करना पड़ा।




चुनाव के परिणाम आने के बाद विजयी उम्मीदवार परमिंदर सिंह कालरा उर्फ जानू ने समाज के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बेहतर करने का अवसर हमें दिया गया है। नए सत्र में बेहतर काम कर मिशाल बनाया जाएगा । काम किया है और बेहतर काम करेंगे। समाज के लिये हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम को किया जाएगा। इस दौरान जानू ने संगतों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेवारी को ईमानदारी व कर्तव्य के साथ समाजहित में निर्वहन करेंगे।

जीत होने के बाद प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने दरबार में मत्था टेका। प्रधान परमदीप सिंह कालरा जानू की जीत पर समर्थकों ने खुशियां मनाई। फूल माला पहना कर स्वागत किया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रामगढ़ के प्रधान पद सत्र (2024-27) के लिए गुरुवार को चुनाव शांतिपूर्ण संप्पन हो गया। मतदान एवं मतगणना की सारी प्रकिया गुरुद्वारा परिसर में पूरी की गई। मतदान गुरुवार को प्रातः नौ बजे से प्रारंभ होकर दिन के तीन बजे तक चला। साढ़े तीन बजे से मतगणना प्रारंभ की गई। पहला मतदान जगजीत सिंह सोनी एवं प्रीतलाल सिंह छाबडा ने संयुक्त रूप से दिया। वहीं अंतिम वोट चुनाव कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चमन ने दिया।

मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चमन, चुनाव कमेटी के सदस्य गुरप्रीत सिंह चाना, हरमिंदर सिंह जॉली एवं कवंलजीत सिंह लांबा ने परिणामों की विधिवत घोषणा की। शुक्रवार की सुबह दीवान पर विजयी उम्मीदवार को प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

# मांगों को लेकर डीवीसी के एचओपी से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया से गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर बोकारो जिला भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल में विश्वनाथ यादव, भैरव महतो, सीमा देवी थीं। भरत यादव ने एफजीडी का कार्य करने वाली कंपनी टेक्नो द्वारा संचालन एवं संपोषण के कार्य में स्थानीय एवं विस्थापितों को नियोजित करने, बोकारो थर्मल कालोनी की जर्जर सभी सड़कों का अविलंब मरम्मत करने, विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने, स्ट्रीट लाइट एवं कॉलोनी में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, आवासीय परिसर का रंग रोगन एवं मरम्मत करने, कार्य अवधि में मृत सप्लाई मजदूर पति महतो के आश्रित को लिखित समझौता के अनुसार नियोजित करने, त्रि-पक्षीय समझौता के अनुसार सप्लाई मजदूरों को चिकित्सा सुविधा देने, गोविंदपुर श्रमिक सहयोग समिति को निविदा में प्राथमिकता देने, निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विकास कार्य में डीवीसी द्वारा पुनर्वासित नया बस्ती को प्राथमिकता देने, बंद पड़े कम्युनिटी सेंटर का समुचित मरम्मत कर चालू करने, सभी पार्क एवं महापुरुषों की प्रतिमा का अनुरक्षण करने आदि मांग किया। एचओपी ने उपरोक्त मांग पर त्वरित समुचित एवं सकारात्मक कार्रवाई हेतु प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने एचओपी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम ने रोका गैरआबाद जमीन पर समतलीकरण का काम

**धनबाद, एजेंसी।** धैया के एक प्लॉट पर जमीन समतल करने के लिए जेसीबी चलायी जा रही थी. कुछ साल पहले सामुदायिक भवन के लिए पांच डिसमिल जमीन इस प्लॉट से नगर निगम को स्थानांतरित की गयी थी. बुधवार को इसी प्लॉट पर जेसीबी चल रही थी. निगम को इसकी सूचना मिली. नगर आयुक्त के आदेश पर इंफोर्समेंट टीम पहुंची और काम बंद करवाया. संबंधित लाभुक को कागजात के साथ नगर निगम बुलाया गया है. नगर निगम अधिकारी के मुताबिक जिस जमीन पर जेसीबी चलायी जा रही थी, वह गैरआबाद है. इसी खाता से सामुदायिक भवन के लिए जमीन मिली थी. यह प्लॉट लगभग डेढ़ एकड़ का है. अंचलाधिकारी को जांच के लिए लिखा गया है. जांच के बाद नगर निगम के स्तर से आगे की कार्रवाई होगी. चर्चा यह भी है कि जिस प्लॉट पर जेसीबी चल रहा है, उसकी रसीद कट चुकी है. अगर जांच होती है, तो कई अधिकारी व कर्मचारी की गर्दन फंस सकती है.

### अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे थर्ड जेंडर : डीसी

**धनबाद, एजेंसी।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा बुधवार को अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन में शामिल हुई. उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने थर्ड जेंडर के अधिकारों को लागू करने और उसकी निगरानी के लिए एक अलग सेल का गठन किया है. इसलिए थर्ड जेंडर को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए. सबके लिए समान व्यवहार, समान अधिकार और समान अवसर प्रदान करने तथा समाज के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं को क्रमशः लागू करने के लिए सरकार के साथ धनबाद जिला प्रशासन भी प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि किन्नर समाज के लोग दुनिया भर में बेहतरीन काम कर रहे हैं. इससे अन्य लोग प्रेरित हो रहे हैं. उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि अधिवेशन में जो सीखा है, उसे अपने जीवन में अवश्य उतारें.

महाअधिवेशन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सहयोग करने के लिए किन्नर समाज ने उपायुक्त को दुआएं दी. साथ ही शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया. इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर आदि मौजूद थीं.

### मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा तैयारी के लिए ऑनलाइन कक्षाएं शुरू

धनबाद, एजेंसी। मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को तैयारी कराने को लेकर छात्र-छात्राओं के लिए विषयवार ऑनलाइन कक्षाएं संचालित बुधवार से शुरू हो गयी है. झारखंड शिक्षा परियोजना ने जरूरी निर्देश पर वार्षिक परीक्षा 2024-25 की तैयारी करायी जा रही है. जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी निशु कुमारी ने जारी निर्देश में कहा है कि फरवरी में वार्षिक परीक्षा होनी है. जिन विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की कमी है, वहां ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में अपेक्षित सहयोग दिया जाना है.

प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा संपादित किये जाने वाले कार्य में जनवरी माह की गुरु गोष्ठी माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग से आयोजित करना है. गुरु गोष्ठी में प्रधानाध्यापकों से विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता, आइसीटी व स्मार्ट क्लास, इंटरनेट की उपलब्धता आदि का आकलन करते ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन के लिए समय सारिणी तैयार की गयी है.

### आइआइटी आइएसएम में 17 विभागों में फैकल्टी के पदों पर होगी बहाली

**धनबाद, एजेंसी।** आइआइटी-आइएसएम ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अपने यहां संचालित सभी 17 विभागों में फैकल्टी पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया है. यह भर्ती असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों के लिए की जा रही है. इच्छुक उम्मीदवारों के लिए यह एक शानदार अवसर है, जहां उन्हें शैक्षणिक और शोध क्षेत्र में योगदान देने का मौका मिलेगा. यह एक रोलिंग विज्ञापन है, यानी आवेदन पूरे वर्ष स्वीकार किये जाएंगे।

# झारखंड में सूचना आयुक्त की नियुक्ति में फंसा है पेच

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाबत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भाजपा पर राज्य विधानसभा में विधायक दल के नेता का जल्द चयन करने का नैतिक दबाव बढ़ गया है।

विधानसभा चुनाव-2024 का परिणाम 23 नवंबर को आया था। इसमें झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन (आइएनडीआइए) की जीत हुई और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। 25 सीटों के साथ यहां विधानसभा में भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है।

सरकार गठन के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी विपक्षी दल भाजपा ने यहां अपने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। इससे विधानसभा का पहला सत्र बिना नेता प्रतिपक्ष के ही संचालित हुआ।

पिछली सरकार में भी भाजपा के तत्कालीन विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को स्पीकर द्वारा तकनीकी कारणों से नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं देने के कारण लगभग तीन वर्षों तक बिना नेता प्रतिपक्ष के ही सदन चला था।

सुप्रीम कोर्ट में झारखंड ने कहा है कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से सूचना आयोग में नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी की बैठक नहीं हो पाई है। झारखंड में वर्ष 2020 से ही राज्य में सूचना आयोग निष्क्रिय है। मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के सभी पद रिक्त हैं। सुनवाई पूरी तरह ठप है और आयोग में दर्ज सभी अपील व शिकायतें भी अरसे से लंबित हैं। इन पदों पर नियुक्ति को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका



दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने निर्देश दिया। झारखंड विधानसभा की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भाजपा सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली चयन कमेटी के लिए अपने किसी निर्वाचित सदस्य को दो सप्ताह के भीतर विपक्ष के नेता के तौर पर नामित करे। इसके तुरंत बाद कमेटी सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड को आदेश के अनुपालन को लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि भाजपा दो सप्ताह के अंदर विधायक दल के नेता के नाम की घोषणा कर देगी।

पार्टी अगर ऐसा नहीं भी करती है तो भी सूचना आयोग चयन समिति के लिए भाजपा किसी विधायक को नामित जरूर करेगी। इस बीच झारखंड विधानसभा का बजट सत्र भी 24 फरवरी से शुरू होने वाला है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष का चयन तय माना जा रहा है। वर्ष 2023 से 2024 तक नेता प्रतिपक्ष रहे भाजपा के अमर बाउरी 2024 में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। ऐसे में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी फिर पार्टी के विधायक दल के नेता चुने जा सकते हैं।

पक्ष-विपक्ष की लड़ाई में पांच साल बर्बाद

विधानसभा चुनाव-2019 के बाद सूचना आयोग में नियुक्ति नहीं होने का बड़ा कारण सत्ताधारी झामुमो और प्रतिपक्ष भाजपा के बीच की लड़ाई है। 24 फरवरी 2020 को भाजपा ने विधानसभा में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बनाया था। स्पीकर ने बाबूलाल को विधायक दल के नेता के तौर पर मान्यता नहीं दी। बाबूलाल मरांडी के विरुद्ध स्पीकर न्यायाधिकरण में चल रही दल-बदल मामले की सुनवाई लंबित होने को इसका आधार बनाया गया था। मरांडी ने 2019 के चुनाव के बाद अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का भाजपा में विलय कर दिया था, जिसकी प्रक्रिया को नियमविरुद्ध बताते हुए कांग्रेस के प्रदीप यादव व कुछ अन्य विधायकों ने उनपर दल-बदल का मामला चलाने की मांग की थी। सत्ता पक्ष के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष भाजपा को मरांडी के अलावा किसी और का नाम नेता प्रतिपक्ष के तौर पर नामित करने को कह रहे थे, जबकि भाजपा के विधायक जिद पर अड़े थे। इस खींचतान में तीन साल गुजर गए। बाद में 4 जुलाई, 2023 को बाबूलाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और 15 अक्टूबर 2023 को अमर बाउरी विधायक दल के नेता बने। इसके बाद भी सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर गंभीर प्रयास नहीं हुए और कुल मिलाकर पांच साल बर्बाद हो गए।

## झारखंड के 5 प्रमंडल में सिंगल विलेज स्कीम की योजनाओं में हुई है गड़बड़ी, निविदा की शर्तों का हुआ है उल्लंघन



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के पेयजल और स्वच्छता विभाग में 50 करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं में गड़बड़ी उजागर हुई है. मामला वित्त वर्ष 2021-22 का है. गिरिडीह के एक नागरिक मुकेश कुमार सिंह की शिकायत पर पेयजल व स्वच्छता विभाग के तत्कालीन सचिव राजेश शर्मा ने मामले की जांच करवायी थी. दो मुख्य अभियंताओं की जांच में सामने आया है कि धनबाद अंचल के सभी छह प्रमंडलों में सिंगल विलेज स्कीम (एसवीएस) की 1000 से भी ज्यादा योजनाओं का कार्य आवंटित किया गया. पांच प्रमंडलों में गड़बड़ी पकड़ी गयी है, जिसमें निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर अयोग्य संवेदकों को कार्य आवंटित कर दिये गये.

बताया जाता है कि अपने चहेते संवेदकों को कार्य देने के लिए ड्रिलिंग रिग मशीन के स्वामित्व का सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज अपलोड करने की शर्त को शिथिल किया गया. बताते चलें कि पेयजल व स्वच्छता विभाग धनबाद अंचल के धनबाद प्रमंडल वन, धनबाद प्रमंडल टू, गिरिडीह प्रमंडल एक, गिरिडीह प्रमंडल दो, चास प्रमंडल और तेनुघाट प्रमंडल में सिंगल विलेज स्कीम के तहत योजनाओं की निविदा आमंत्रित की गयी थी. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए झारखंड के सभी छह प्रमंडलों में एक हजार से भी ज्यादा योजनाओं के लिए कार्य आवंटित किये गये. इनमें से पांच प्रमंडलों में निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर संवेदकों के बीच 50 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य आवंटित कर दिये गये. निविदा में ड्रिलिंग रिग मशीन के स्वामित्व का सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य था. लेकिन इस नियम का अनुपालन नहीं किया गया.

मुकेश कुमार सिंह की शिकायत पर विभाग के तत्कालीन सचिव राजेश शर्मा ने मामले की जांच के आदेश दिये थे. मुख्य अभियंता और मुख्य अभियंता प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट रांची मुख्यालय ने आरोपों की जांच की थी. जांच में खुलासा हुआ कि एसवीएस की योजनाओं में नेशनल कॉम्पिटेटिव बिडिंग में अनिवार्य शर्तों की कंडिका 8 का अनुपालन नहीं किया गया और वैसे लोगों को भी कार्य आवंटित कर दिया गया, जिनके पास ड्रिलिंग रिग मशीन तक उपलब्ध नहीं थी.

जांच रिपोर्ट समर्पित किये जाने के बाद पेयजल व स्वच्छता विभाग ने धनबाद अंचल के अधीक्षण अभियंता मो रेयाज आलम से स्पष्टीकरण मांगा है. सरकार के विशेष सचिव राजीव रंजन कुमार ने अधीक्षण अभियंता को भेजे पत्र में कहा है कि मामले की उच्चस्तरीय समीक्षा में पाया गया है कि एनआइटी की कंडिका 8 में ड्रिलिंग रिग मशीन से संबंधित डॉक्यूमेंट की स्कैन कॉपी संलग्न करने का प्रावधान था. लेकिन रिग मशीन के डॉक्यूमेंट को निविदा में शिथिल कर दिया गया और इस संबंध में कोई शुद्धि-पत्र भी नहीं दिया गया.

तकनीकी बिड की तुलनात्मक विवरणी से रिग मशीन की कंडिका हटाना नियम संगत नहीं है. बताया गया है कि निविदा की शर्तों के विपरीत निविदा का निस्तारण कर संवेदकों को लाभ पहुंचाया गया है, जो पीडब्ल्यूडी के कोड का उल्लंघन है. स्पष्ट किया गया है कि अयोग्य संवेदकों को निजी लाभ के लिए कार्य आवंटित किया गया है. इस मामले में सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया है. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सिंगल विलेज स्कीम की एक हजार से भी ज्यादा योजनाओं का टेंडर ग्रुप में निकाला गया था. सभी टेंडर धनबाद अंचल के अधीक्षण अभियंता मो रेयाज आलम द्वारा फाइनल किया गया और संवेदकों को कार्य आवंटित किया गया. इसमें सिर्फ गिरिडीह प्रमंडल टू की कुल 206 योजनाएं थीं, जिसे 38 ग्रुप में बांटा गया. लगभग 15.89 करोड़ की इन योजनाओं के कार्य में भी व्यापक स्तर पर गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं. निविदा निष्पादन में जहां अधीक्षण अभियंता द्वारा मनमानी किये जाने का आरोप है, वहीं कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं.

## ऐसा हुआ तो हो सकता है पलामू टाइगर रिजर्व में सातवां बाघ, जांच शुरू, बॉर्डर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी

**पलामू, एजेंसी।** पलामू टाइगर रिजर्व के बॉर्डर एरिया गढ़वा के जंगलों में मौजूद बाघ की तस्वीर और पगमार्क को खंगालने पर पहले से मौजूद बाघों से भिन्न नतीजा मिलता है तो वह सातवां बाघ हो सकता है. पीटीआर में एक बाघिन सहित अन्य पांच बाघों के होने की पुष्टि पहले ही हो चुकी है. गढ़वा के जंगलों में बाघ की मौजूदगी के प्रमाण मिलने के बाद पीटीआर के बॉर्डर एरिया में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है. वनकर्मियों को बाघ की सभी गतिविधियों पर गंभीरता से नजर रखने का निर्देश दिया गया है.

जगह-जगह पर कैमरा लगाया गया है और उसकी तस्वीर लेने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही उसके स्केट और पग मार्क को लेकर यह भी छानबीन की जा रही है कि गढ़वा के जंगलों में दिखने वाला बाघ पिछले महीने करीब 15 दिनों तक बेतला नेशनल पार्क में दिखने वाला बाघ है अथवा कोई और. विभागीय पदाधिकारी के अनुसार सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है. विभागीय पदाधिकारियों की मानें तो इधर एक बाघिन सहित अन्य चार बाघ के विभिन्न इलाकों में गतिविधियां बनी हुई है. बेतला नेशनल पार्क के अलावा कूटकू, नैना फॉल जागीर आदि इलाकों में पिछले महीने से बाघ की गतिविधियां बनी हुई थी जिसकी कई तस्वीरें को खंगालने का



प्रयास किया गया है. गढ़वा इलाके में बाघ के होने की पुष्टि होने के बाद पलामू टाइगर रिजर्व में भी खुशी की लहर है. विभागीय पदाधिकारी के द्वारा यह बताया जा रहा है कि पलामू टाइगर रिजर्व के लिए यह गौरव की बात है कि अब बाघ यहां लगातार अपनी गतिविधियां बनाये हुए हैं. जानकारी के अनुसार पीटीआर में बाघ अपनी मूवमेंट को लगातार बदलते रहता है. कभी भी किसी इलाके में स्थाई तौर पर लगातार नहीं रहता है. इसलिए टाइगर ट्रैकर बाघों की गतिविधियों पर बारीकी से नजर बनाये रखते हैं. पिछले एक सप्ताह से बेतला इलाके में बाकी गतिविधियां नहीं मिल रही है. इसलिए उम्मीद यह भी लगाया जा रही है कि संभवतः बेतला का बाघ ही गढ़वा के जंगल की तरफ चला गया हो. 1129 वर्ग किलोमीटर में फैले पलामू टाइगर रिजर्व का बाहरी इलाका पूरी तरह से खुला है जो छत्तीसगढ़ से भी जुड़ा हुआ है. इसलिए कुटकू भंडारिया के तरफ से बाघों के आने का गलियारा है. जहां से उनका आना-जाना लगा रहता है. इसलिए संभावना जताई जा रही है कि छत्तीसगढ़ के तरफ से आने वाला यह कोई अन्य बाघ हो.



## गिरिडीह में तालाब के पास मिला 5 साल के सुदीप का शव, चचेरे दादा-दादी फरार

**गिरिडीह, एजेंसी।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक 5 साल के बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है. हत्या का आरोप बच्चे के चचेरे दादा-दादी पर लग रहा है. दोनों फरार हैं. पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है. देवरी थाना क्षेत्र चोलीडीह गांव में 5 साल के सुदीप कुमार यादव की हत्या हो गई. उसके पिता विक्की यादव ने बताया कि बालक का शव गांव के बुढ़वा आहर तालाब के पास मिला. घटना की सूचना मिलने पर देवरी के थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, एएसआई बुद्धदेव उरांव चोलीडीह गांव पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की. पुलिस ने बताया कि मृतक बालक सुदीप के पिता विक्की यादव ने कहा है कि बुधवार को उसका अपने चाचा परशुराम यादव और चाची सावित्री देवी से विवाद हो गया था. शाम को करीब साढ़े छह बजे उसका पुत्र सुदीप अचानक से गायब हो गया. 5 साल का बच्चा आसपास नहीं दिखा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गई. तालाब के पास सुदीप का शव मिला. हालांकि, सुदीप की मौत की वजह का पता नहीं चल पाया है, लेकिन विक्की यादव ने अपने चाचा-चाची पर आरोप लगाया है कि उन्हीं दोनों ने उसके बेटे की हत्या की है. परशुराम और उसकी पत्नी फरार हैं. उनके घर में ताला बंद है.

## बिहार, बंगाल व ओडिशा में वाहनों से चुराते थे डीजल; गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** पुराने मामले की छानबीन के दौरान अंतरराज्यीय तेल चोर गिरोह के सात सदस्य रांची पुलिस के हत्थे चढ़ गए। यह गिरोह झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल और ओडिशा में वाहनों से डीजल चोरी करने में सक्रिय था।

पूर्व में कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई डीजल चोरी की घटना को लेकर कांके थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांके थाने के प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले की तफ्तीश शुरू की।

तेल चोर की तलाश की जा रही थी। इसी तफ्तीश के क्रम में थाना प्रभारी को यह जानकारी मिली कि तेल चोर गिरोह के सदस्य जेल में बंद हैं। गिरोह का सिर्फ एक सदस्य ऐसा है, जो बाहर है। थाना प्रभारी ने और गहराई से खोजबीन की और गिरोह के सदस्यों तक पहुंच गए।

एसएसपी चंदन सिंहा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र से फरमान, मनोज, मो आमिर, वसीम, अभिषेक, आमिर और शहजाद नाम के सात अपराधियों को पकड़ा है।

ये सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इस गिरोह द्वारा कांके थाना क्षेत्र के बीते तीन जनवरी की रात दो ट्रकों से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

एसएसपी ने बुधवार को प्रेस वार्ता में इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था।

## बच्चों के लिए ऑटो-वैन की सवारी पड़ सकती है भारी, फॉलो नहीं हो रहे सुरक्षा के नियम

**रांची, एजेंसी।** रामगढ़ जिले में हुई सड़क दुर्घटना के बाद एक बार फिर स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। जिला परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बस और ऑटो के लिए सुरक्षा मानक तय कर गाइडलाइन तो जारी कर दी गई, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

स्कूल जाने का समय होते ही शहर की सड़कों और गली मोहल्ले में ऑटो की फटफटिया आवाज गूंजने लगती है। इन ऑटो और वैन पर बच्चों को किसी तरह लादकर स्कूल तक पहुंचाया जाता है। जिला परिवहन विभाग की ओर से गाइडलाइन इसलिए जारी की गई थी। जिससे की बस और ऑटो से स्कूल आने-जाने वाले बच्चे सुरक्षित रहें, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। खासकर ऑटो और वैन में एक भी सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता है। स्थिति यह है कि आटो और वैन चालक आनन-फानन में बिना सुरक्षा का इंतजाम किए बच्चों को स्कूल लाते और ले जाते हैं।

स्कूल में सुरक्षा की बात करें तो बच्चे जब स्कूल परिसर में होते हैं तो निश्चित रूप से अभिभावक अपने बच्चे की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहते हैं, लेकिन जब स्कूल से बाहर निकलकर ऑटो या बस में बैठते हैं तो घर तक पहुंचने के दौरान अभिभावक अपने बच्चे को लेकर





चिंतित रहते हैं। स्कूल बसों और आटो में सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। किसी बस में खिड़की में लोहे का कवर नहीं लगा है तो कहीं ऑटो और वैन संचालक क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जा रहे हैं। हालांकि स्कूल बसों की स्थिति फिर भी ठीक दिखी, लेकिन कई ऐसी भी बसें हैं जिसमें सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। यदि ऐसा होता तो बेशक गत वर्षों लालपुर और पुंदाग में स्कूल बस में आग नहीं लगती। स्कूल ऑटो की स्थिति तो और खराब है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ विभागीय खानापूर्ति ही की जा रही है। बच्चों को स्कूल ले जाने वाली गाड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को ले गत दिनों चेकिंग अभियान तो चलाया गया, लेकिन संबंधित स्कूल प्रबंधनों को जांच या कार्रवाई के दायरे में नहीं लाया गया। दरअसल, स्कूल प्रबंधनों के द्वारा नामांकन के दौरान ही अभिभावकों से लिखवा लिया जाता है कि बच्चे बस से जाएंगे या फिर स्वयं तय की गाड़ी से। ऐसे बच्चों की सुरक्षा की गारंटी स्कूल परिसर तक ही सीमित हो जाती है। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाना है, लेकिन ऑटो और वैन संचालक क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाते हैं। इन्हें चिन्हित भी किया गया है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। अभिभावकों का कहना है कि ऑटो रिक्शा चालक या फिर वैन संचालक कम पैसे लेकर घर से बच्चों को ले जाते हैं और समय पर घर पहुंचा भी देते हैं। जबकि स्कूलों में बस किराया के नाम पर अधिक राशि ली जाती है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने रामगढ़ के गोला क्षेत्र में भीषण सड़क दुर्घटना में मारे गए बच्चों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। इस दुर्घटना में तीन बच्चों की मौत काफी दुखद है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा यह दुर्घटना काफी भयावह है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 7 से 13 जनवरी तक ठंड के कारण राज्य सरकार ने सभी कोटि के सरकारी गैर सरकारी स्कूलों को कक्षाएं बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन रामगढ़ के गुडविल मिशन स्कूल ने सरकार के आदेश की अवहेलना की।

## कांग्रेस के जनता दरबार में 40 लोगों ने रखी समस्याएं, मंत्री इरफान ने निराकरण के दिए निर्देश

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की उपस्थिति में मंगलवार को जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 40 लोगों ने समस्याएं रखी। मंत्री इरफान ने तत्काल अधिकारियों से बात कर समाधान का रास्ता निकालने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आये कुल 40 मामलों में स्वास्थ्य संबंधी आठ, जमीन संबंधित तीन, थाना विवाद के दो, स्थानांतरण के दो, नौकरी के सात मामलों के अलावा मंईयां सम्मान, अबुआ आवास विभागीय कार्रवाई सहित अन्य मामले आए। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी।

जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस लोगों के जीवन शैली को सरल बनाने का प्रयास करती है। इसी प्रयास के तहत जनता दरबार की पहल की गई है। हमें जनता का प्रति जवाबदेह और संवेदनशील होना होगा। तभी लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रगति में सबका साथ हो। झारखंड के अधिकारियों को भी जनता के नजरियों को समझ कर उनके उत्थान के लिए कार्य करना होगा। महागठबंधन सरकार पार्ट दो में हम तीव्र गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में शुमार होंगे। केंद्र सरकार झारखंड को सहयोग करेगा तो देश की तरक्की में झारखंड और मजबूती से अपना योगदान देगा। डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जनता के पास जाकर उनकी समस्याओं को जानकर उसका निराकरण करना है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025



## बीमा कवरेज से लोग वंचित

विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। भारत में वैसे भी आबादी का बेहद छोटा हिस्सा बीमा कवरेज में रहा है। समय गुजरने के साथ इस कवरेज का साया सिकुड़ता ही जा रहा है। बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की 2023-24 के बारे में जारी ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि उपरोक्त वित्त वर्ष में बीमा कवरेज में 3.7 फीसदी गिरावट आई। यानी इसके पहले वाले वित्त वर्ष में जिन लोगों ने बीमा करा रखा था, उनमें 3.7 प्रतिशत इसकी सुरक्षा से बाहर हो गए इसके बाद देश की सिर्फ 2.8 फीसदी आबादी बीमा कवरेज में रह गई है। जानकारों के मुताबिक इसका कारण प्रीमियम दरों में हुई असाधारण बढ़ोतरी है। आम तजुर्बा है कि कोरोना काल के बाद चाहे जीवन बीमा हो या मेडिकल बीमा- उनकी प्रीमियम रकम में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2022-23 में जीवन बीमा कंपनियों ने प्रीमियम में छह प्रतिशत बढ़ोतरी की। तो जाहिर है, जो लोग और ऊंची प्रीमियम चुकाने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने अपनी पॉलिसी बीच में ही छोड़ दी। जबकि 2022-23 में भी उसके पहले वाले वित्त साल की तुलना में बीमा कवरेज घटा था। विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। इस तरह प्रीमियम से जीवन बीमा कंपनियों की आय में 6.06 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये रकम 8.30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। चूंकि हर प्रीमियम पर सरकार भी 18 फीसदी जीएसटी वसूलती है, इसलिए प्रीमियम बढ़ने के साथ सरकार की टैक्स वसूली भी बढ़ती जाती है। तो कंपनियां और सरकार दोनों फायदे में हैं। नुकसान में सिर्फ उपभोक्ता हैं। जिस देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पहले से अभाव हो और स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र के हाथ में जा रही हों, वहां बीमा कवरेज से लोगों का वंचित होना कितनी बड़ी चिंता की बात है, आसानी से समझा जा सकता है। मगर नीति निर्माता इसे समझने को तैयार हैं, इसके कोई संकेत नहीं हैं।

## बदरंग होता समाज और आरक्षण की मृगतृष्णा

अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना लेगे। स्वतंत्रता के बाद भारतमाता की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा का सपना पाले गांधी जी इहलोक से प्रस्थान कर गए। अन्ना जैसे सभी समाजसेवी कहते हैं कि आज गांव संकट में हैं, इस देश को बचाना है तो गांवों को बचाना होगा। मोहन भागवत जी भारतमाता ग्राम्यवासिनी के वैभव की बात करते हैं और गाँवों को बचाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान की जरूरत पर जोर देते हैं। गांधी ग्राम स्वराज के पैरोकार थे। उन्हें इसकी पूरी आशंका थी कि आजादी के बाद नई अर्थव्यवस्था का प्रहार गांवों में होगा, और हुआ भी। यूरोपीय दर्शन से प्रभावित पं.जवाहरलाल नेहरू ने शहरों को विकास का मानक बना दिया। श्रम आधारित कुटीर उद्योगों की जगह भारी मशीनों का बोलबाला शुरू हुआ। गांव की मिश्रित अर्थव्यवस्था भंग होती गयी। परिणाम यह हुआ कि 90 के ग्लोबलाइजेशन के बाद, टाटा, बाटा सभी गाँव पहुंच गए। गांव के परंपरागत कौशल को संगठित व बड़ी कंपनियों ने हजम करना शुरू कर दिया। सबसे पहले इसी वर्ग से काम छिना जो गांव की अपनी स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के कारक थे। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जिस बड़ीहर्दी नामक गाँव का मैं निवासी हूँ उसका इतिहास पाँच सौ वर्ष से ज्यादा पुराना है। जो गाँव दो सौ वर्ष भी पुराने होंगे वहां के उम्रदराज लोगों ने आहिस्ता-आहिस्ता ढहती अर्थव्यवस्था को अपनी नजरों से देखा होगा। हमारे गाँव में प्रायः हर वृत्ति के पारंगत लोग थे। लुहार, बढ़ई, सोनार, ठठेर, ताम्रकार, रंगरेज, कोरी, धोबी, रंगरेज, नाई लखेरा, पटवा, मनिहार, बेहना,भड़भूजा बाँस का काम करने वाले बँसोर,चमड़े का जूता बनाने वाले चर्मकार, कुम्हार, बनिया, किसान। सभी एक दूसरे पर निर्भर या यों कहें परस्पर पूरक। सन् सत्तर के दशक तक मेरी जानकारी में रुपये का विनिमय महज 10 प्रतिशत था। सभी काम सहकार और वस्तु विनिमय के आधार पर चलते थे। बड़ी कंपनियों के उत्पादों ने गाँव में सेंध लगानी शुरू कर दी। सब एक-एक कर बेकार होते गए। आज मेरे गाँव से लगभग समूचा कामकाजी वर्ग पलायन कर गया। लुहारी टाटा ने छीन ली और बाटा चर्मकार होकर पहुंच गए। सोनारों के धंधे में भी ब्राडेंड कंपनियाँ आ गई। एक बार टीवी डिबेट मेें मेरे एक साथी ने आपत्ति उठाई कि आप उनके उत्थान के पक्षधर नहीं हैं क्या? मैंने जवाब दिया हूँ.. कैसा उत्थान चपरासी की नौकरी पाना उत्थान है क्या.? जिनके पास सदियों से पीढी दर पीढ़ी पारंपरिक कौशल है उसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। यदि उन्हें ही कौशल संपन्न बनाया जाता तो आज गाँवों में टाटा-बाटा, तनिष्क नहीं घुसते। सबसे बड़ा खेल राजनीति का रहा। उन्होंने जातियों को वोट बैंक में बदल दिया और आरक्षण की मृगतृष्णा दिखा कर समूचे कामकाजी समाज को नौकरी की लाइन में खड़ा कर दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि देश की सत्ता का संचालन करने भगवान् स्वयं आ जाएं तो वे सबको नौकरी नहीं दे सकते। एक सुनियोजित साजिश के तहत परंपरागत कौशल छीन कर उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया। गांधी ने जो ग्रामोद्योग वाली स्वाबलंबी व्यवस्था सोची थी उसका सत्यानाश हो गया। हर छोटे-बड़े काम उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए। उद्योग जातीय बंधन नहीं मानता इसलिए पंडित बिंदेशरी पाठक आज देश के सबसे बड़े स्वीपर हैं और पंडित विश्वनाथ दुबे (जबलपुर) व देशपांडे जी(पुणे) ने देश के सबसे बड़े मुरगीपालक। आरक्षण से ज्यादा जरूरी था इस वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण। यदि दलित जातियों के पास धन आ जाता तो सामाजिक गैरबराबरी अपने आप मिट जाती। अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना लेगे। सत्तानशीनों से पूछिये क्या हुआ सीलिंग एक्ट का? यह तो सांविधानिक व्यवस्था थी कि एक परिवार के पास निर्धारित रकबा से ज्यादा भूमि न हो।

# सिरफिरे ट्रूडो तो गए, क्या अब भारत- कनाडा संबंध सुधरेंगे



डॉ. आर.के. सिन्हा

राजनयिक मर्यादाओं और अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं को ताक पर रखने वाले और खालिस्तानी समर्थक कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है या उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर दिया गया । ट्रूडो एक नंबर के गैर-जिम्मेदार प्रधानमंत्री के रूप में याद रखे जाएंगे। वे खुलकर खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करने के अलावा भारत के आतंरिक मामलों में भी लगातार हस्तक्षेप करते रहे। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का बिना किसी सबूत के बेशर्मी से आरोप भी लगाया। ट्रूडो के प्रधानमंत्रित्व काल में कनाडा में खालिस्तानी तत्व अति सक्रिय हो गए और खुलकर भारत विरोधी उत्पात मचाया । ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहते थे। कनाडा की ओंटारियो विधानसभा ने 2017 में 1984 के सिख विरोधी दंगों को सिख नरसंहार और सिखों का राज्य प्रायोजित कत्लेआम करार देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया था। ये सब गंभीर आरोप के मामले थे। इस तरह की हरकतों से साफ था कि कनाडा में भारत के शत्रुओं को ट्रूडो सरकार का खुला समर्थन मिला हुआ था। कनाडा में खालिस्तानियों के जड़े जमाने का सबसे पहले सुबूत मिला था कनिष्क विमान हादसे के रूप में। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर कीऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस भयानक हादसे में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक ही थे। ट्रूडो को भारत सरकार ने बार-बार कहा कि वे अपने देश में खालिस्तानियों को कसे। पर मजाल है कि ट्रूडो ने कोई इस संबंध में कोई कदम उठाया हो। भारत-कनाडा संबंधों ने सितंबर 2023 में गंभीर मोड़ ले लिया था , जब ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास भारतीय सरकार के एजेंटों को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाले विश्वसनीय सुबूत हैं। भारत ने उन दावों को "बेतुका और राजनीति से प्रेरित" बताया था। भारत मानता है कि निज्जर एक घोर आतंकवादी था । वह पंजाब में 2007 के सिनेमाघर बम विस्फोट और 2009 में सिख नेता रुलदा सिंह की हत्या में शामिल था। भारत के बार-बार अनुरोधों पर भी खालिस्तानियों को प्रत्यर्पित करने में कनाडा की विफलता ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को खाद-पानी मिल रहा है। जस्टिन ट्रूडो साल 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो मोदी जी ने कायदे से बता दिया था कि " भारत धर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।" कनाडा में ट्रूडो की सरकार हिन्दुओं के हित सुरक्षित रखने में पूरी तरह से नाकाम रही। वहां पर मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। कनाडा में मंदिरों पर हमलों की घटनाओं में आमतौर पर मंदिरों में तोड़फोड़, धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाना या स्प्रे पेंट करना शामिल होता है। कुछ मामलों में, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री भी लिखी गई है। जाहिर है, कनाडा में हिंदू समुदाय इन हमलों से गंभीर रूप से चिंतित है। वे सरकार से इन हमलों की जांच करने और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग कर रहे हैं। कनाडा सरकार ने इन हमलों की औपचारिक निंदा तो की है और कहा है कि वह धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। लेकिन , कोई भी दोषी पकड़े नहीं गए। ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि हमलों के पीछे खालिस्तानी शामिल थे। कहने को कनाडा एक बहुसांस्कृतिक देश है। सरकार सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध बताई जाती है। पर हकीकत में ट्रूडो के काल में वहां की सरकार खुलकर भारत और हिन्दू विरोधी बनकर उभरी। आपको याद होगा कि ट्रूडो भारत के किसानों के हित में बेवजह बयानबाजी करने लगे थे। जब किसानों ने अपनी मांगों के हक में दिल्ली में डेरा जमाया हुआ था तब ट्रूडो भारतीय किसानों के पक्ष में बोल रहे थे। इस मामले में ट्रूडो को बोलने का हक किसने दिया था। ट्रूडो कह रहे थे कि "कनाडा दुनिया में कहीं भी किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।" क्या कनाडा को हमारे घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करने का किसीने अधिकार दिया था? एक बात साफ है कि किसी देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में तभी बोलना चाहिए जब मानवाधिकारों का हनन हो रहा हो। सभी देशों को मानवाधिकारों की रक्षा करने की जिम्मेदारी है और जब कोई देश ऐसा करने में विफल रहता है, तो अन्य देशों को हस्तक्षेप करने का अधिकार है। अगर बात मानवाधिकारों से हटकर हो तो किसी देश को दूसरे देश के आंतरिक मामलों में कभी भी नहीं बोलना चाहिए। प्रत्येक देश को अपनी सरकार चुनने का अधिकार है और अन्य देशों को इस चुनाव में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उम्मीद है कि कनाडा में ट्रूडो की विदाई के बाद दोनों देशों के रिश्ते फिर से पटरी पर आने लगेंगे।भारत और कनाडा के बीच संबंधों का पुराना इतिहास है। कनाडा ने 1947 में भारत की स्वतंत्रता को मान्यता दी और दोनों देशों ने 1947 में ही आपसी राजनयिक संबंध स्थापित किए। दोनों देश राष्ट्रमंडल के सदस्य हैं और साझा मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को साझा करते हैं। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है, जिसमें ऊर्जा, कृषि, प्रौद्योगिकी और सेवाओं जैसे क्षेत्र शामिल हैं। दोनों देश व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर भी बातचीत कर रहे हैं , ताकि व्यापार और निवेश को और बढ़ावा दिया जा सके। इसके अलावा, कनाडा में भारतीय छात्रों की एक बड़ी संख्या है, और दोनों देशों के बीच शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान में सहयोग बढ़ रहा है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सहयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में आपसी तनावपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना तो दोनों देशों के लिये नुकसानदायक ही होगा ।





**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# मौत की सवारी तले दफन होता बचपन, अब तो लगे रोक

डी. के. वत्स , पत्रकार, बोकारो



बचपन अपने-आप में मासूमियत का पर्याय है। छोटे-छोटे मासूम बच्चे हंसते-खेलते स्कूल के लिए जाते तो हैं, लेकिन जब वो लौटकर नहीं आते या फिर लहूलुहान हो लौटते हैं तो उस बच्चे की मां और अन्य परिजनों की ममता भी लहूलुहान हो जाती है। बीते बुधवार को रामगढ़ के गोला में जिस प्रकार की हृदयविदारक घटना घटी, उसने सभी को झकझोर कर रख दिया। स्कूली बच्चों से भरे ऑटो के ऊपर आलू लदा ट्रक पलटने से ऑटो के चालक सहित तीन बच्चों की मौत हो घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि लगभग एक दर्जन बच्चे घायल हो गए। मृत बच्चों की उम्र 5 से 11 साल की थी। घायल सभी बच्चे भी छोटी उम्र के थे। जब मृत बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो राष्ट्रीय उच्चपथ 320 उनकी कारुणिक चीत्कार से दहल उठी। स्वाभाविक भी है। इस तरह की घटनाएं साबित करती हैं कि हमारे-आपके बच्चे जान हथेली पर लेकर या यूं कहें कि मौत का जोखिम भरा सफर तय कर स्कूल जाते-आते हैं। सुबह-सवेरे स्कूल यूनिफॉर्म में सजे मां-बाप के लाडले स्कूल के लिए जब घर से निकलते हैं, तो वे अपने बच्चों की सुंदरता पर मोहित हो जाते हैं। उन्हें देखकर सपने संजोने लगते हैं कि पढ़-लिखकर उनके बच्चे अच्छे जॉब में जाएंगे, अच्छा और सफल इंसान बनेंगे तथा बुढ़ापे में उनका सहारा बनेंगे। लेकिन, यह नहीं सोचा कि उनका बच्चा स्कूल जाने के लिए कितना खतरनाक सफर तय कर रहा है। जिस ऑटो में बच्चे को भेजा जाता है, उस ऑटो में भेड़-बकरियों की तरह बच्चों को लादकर स्कूल पहुंचाया जाता है। ऑटो चालक दो पैसे ज्यादा कमाने के चक्कर में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सीट क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठा लेते हैं और रफ्तार इतनी बदहवास होती है कि हर पल बच्चों की जान जोखिम में ही होती है। आवश्यक सावधानियां भी नहीं बरती जा रही है। बावजूद इसके अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वे भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर उन्हें लापरवाह ऑटो चालकों के साथ स्कूल भेज रहे हैं। ऑटोचालकों को यह समझ तो है ही नहीं कि वे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उन्हें इस बात की भी परवाह नहीं कि जिन बच्चों को वे खतरनाक तरीके से ले जा रहे हैं वे किसी की आंखों का तारा है। अभी पिछले ही महीने बोकारो के सिटी पार्क के समीप स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए थे और एक छात्रा बेहद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके पूर्व, बोकारो थर्मल-कंजकिरो मुख्य सड़क पर ऑटो पलटने से उसमें सवार 16 स्कूली बच्चे घायल हो गए थे। आधा दर्जन बच्चों को गंभीर चोटें आई थीं। सभी बच्चे बोकारो थर्मल स्थित संत पॉल मॉडर्न, इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग तथा कार्मेल स्कूल के थे। सभी स्कूल से छुट्टी के बाद प्रत्येक दिन की ही तरह अपने ऑटो से कंजकिरो, कोरियाबेड़ा, गोवारडीह घर जा रहे थे। कुछ वर्ष पूर्व चास के वंशीडीह में एक स्कूली बच्चे की टेम्पो पलटने से मौत हो गई थी। ऐसी घटनाएं झारखंड में आए दिन अलग-अलग जगहों से लगातार सामने आ रही हैं, फिर भी इस खतरनाक सफर पर ब्रेक नहीं लग सकी है। बुधवार को रामगढ़ की घटना गुडविल मिशन स्कूल, रामगढ़ के बच्चों के साथ घटी। आश्चर्य की बात तो यह है कि गुडविल मिशन ने केवल धन उगाही को ही शायद अपना मिशन बना रखा है। बच्चों के गुडविल से उन्हें शायद कोई लेना-देना नहीं। झारखंड सरकार ने 13 जनवरी 2025 तक ठंड के मद्देनजर सातवीं कक्षा तक के बच्चों की क्लास पर रोक लगा रखी है। बावजूद इसके उक्त स्कूल को खोलकर रखा गया। इस लापरवाही के खिलाफ विद्यालय को सील करते हुए संचालक के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया है। परंतु, इस तरह की लापरवाही के पीछे कहीं न कहीं अभिभावक भी काफी हद तक ज़िम्मेदार हैं। जब स्कूल बंद करने का आदेश सरकार की ओर से था तो मासूमों को स्कूल भेजने की जरूरत ही क्या थी। चार-पांच दिन बच्चे स्कूल अगर न जाते तो आईएएस-आईपीएस अफसर बनने से न चूक जाते। अभी तो पढ़ाई में उनके नन्हे कदम आगे बढ़े ही हैं, जिनकी हिफाज़त भी जरूरी है। परिवहन विभाग द्वारा एक ऑटो में आठ सीट निर्धारित है, लेकिन इनमें 10-15 बच्चे ठूंस दिए जाते हैं। कुछ न कुछ बहाना दिखाकर अभिभावक भी मजबूरी गिना देते हैं, वहीं स्कूल प्रबंधन इस मामले में अपना पल्ला झाड़ लेता है। अधिकतर स्कूल प्रबंधन का कहना है कि ऑटो से आने वाले बच्चे स्कूल प्रबंधन की जिम्मेवारी नहीं हैं। ऑटो स्कूल के नहीं, निजी होते हैं। बड़े स्कूलों की ओर से बसें भी चलती हैं, लेकिन कुछ पैसे बचाने के चक्कर में अभिभावक ऑटो में बच्चों को जोखिम भरा सफर तय करने के लिए भेज देते हैं। सुरक्षित यात्री परिवहन के लिए सरकार ने नियम तो बहुत बनाए हैं, लेकिन इनका पालन तभी कराया जाता है जब कोई मंत्री या बड़ा अफसर कहे। अन्यथा, सामान्य दिनों में मौत के सफर पर जिम्मेदार परिवहन और पुलिस महकमा आंखें ही बंद रखता है। इसी के परिणामस्वरूप स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो पर सरकार और प्रशासन राज्य में शायद मेहरबान है। जबकि, इनकी लापरवाही मासूमों के साथ बड़े हादसों का कारण बनी हुई है। स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों के लिए हाईकोर्ट द्वारा भी गाइडलाइन तैयार कराई गई है, लेकिन इस गाइडलाइन का परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन पालन नहीं करा है। परिणामस्वरूप धड़ल्ले से ऑटो चालक लापरवाहीपूर्ण तरीके से बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर छोड़ रहे हैं और हादसे पर हादसे हो रहे हैं, पर अफसरों को इसकी शायद तनिक भी चिंता तक नहीं है। हालांकि, खानापूर्ति के लिए समय-समय पर ओवरलोडिंग की रोकथाम के लिए अभियान तो चलाया जाता है, लेकिन इसका कोई खास असर टेंपो चालकों पर नहीं पड़ता है। एक-दो दिनों के बाद टेंपो चालक फिर ओवरलोडिंग करने लगते हैं, जिसे रोकने वाला कोई नहीं होता है। किसी-किसी टेंपो में तो सेफगार्ड के लिये जाली लगी होती है, जबकि ज्यादातर एक तरफ से खुले ही होते हैं और बच्चे बाहर तक लटकी हालत में ठीक उसी खतरनाक तरीके से सफर करते हैं जिस प्रकार आटो के बाहर उनके बैग झूलते दिख जाते हैं। स्कूली ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने जैसी घटनाओं के बाद तात्कालिक तौर पर प्रशासन सक्रिय होता है, फिर बाद में धीरे-धीरे स्थिति वैसी ही हो जाती है और फिर कोई बड़ा हादसा एक करारा झटका दे जाता है। ओवरलोड ऑटो चालकों पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। नियम-विरुद्ध वाहन चलाने वालों पर जुर्माना भी किया जाता है, लेकिन बच्चों को सुरक्षित तरीके से ले जाने-आने पर भी ठोस कार्रवाई की दिशा में न तो सरकार और न ही स्थानीय प्रशासन की तंद्रा नहीं टूट सकी है। खबरों के अनुसार, स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बिहार सरकार ने अहम फैसला लिया है। राज्य सरकार ने स्कूलों में बच्चों को ले जाने वाले ऑटो और टोटो जैसे तिपहिया वाहनों के खिलाफ नया आदेश जारी किया है।अब से बिहार में स्कूली बच्चे इन वाहनों से स्कूल नहीं जा सकेंगे। यह आदेश अप्रैल 2025 महीने से पूरे राज्य में लागू होगा। वहीं, यूपी के भी बरेली सहित कई जिलों में ऑटो-टोटो से स्कूली बच्चों को ले जाने पर सख्त प्रतिबंध है। वहां तो हर स्कूल में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति भी गठित की गई है, जो बच्चों के आने-जाने की मॉनिटरिंग करती है। जरूरत इस बात की है कि पड़ोसी राज्यों की पहलों तथा रामगढ़ की घटना से सीख लेकर झारखंड में भी अब इस दिशा में सख्त कदम उठाए जाएं। जब तक सरकारी स्तर से ठोस कार्रवाई नहीं होती और अभिभावक भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक नहीं होंगे, तब तक शायद न जाने मौत की सवारी तले बचपन यूं ही दफन होता रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**Deepak Kumar Jha**
**Journalist, Bokaro**
**(Jharkhand)**
**Mob.- +91 7004098346**




**मेष राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपका कला और साहित्य के क्षेत्र में ज्यादा मन लगेगा और खुद की सेहत पर ध्यान देंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा, इससे आपका उत्साह बढेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा । आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा।

**धनु राशिः** आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है, आपका रुतबा बढ़ेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बने रहने से खुशियां बढ़ेंगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त- दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### पटना के इस रोड पर किन्नरों को देखते ही तेज हो जाती है गाड़ी की स्पीड, पुलिस भी है परेशान

**पटना, एजेंसी।** पटना में किन्नरों का बवाल आए दिन सामने दिखता है. किन्नर और पुलिस फिर एकबार आमने-सामने हुए हैं. बाइपास थाना पुलिस ने हाइवे और एप्रोच सड़क पर किन्नरों को खदेड़ दिया. ये किन्नर इधर से आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जबरन रूपये मांगते थे. जिसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की. लेकिन पुलिस कार्रवाई से नाराज करीब दो दर्जन किन्नर थाना पहुंच गए. थाने का घेराव इन किन्नरों ने किया. काफी देर तक पुलिस से इनकी कहासुनी हुई.

बाइपास थाना ने सड़क किनारे खड़े होकर वाहनों से वसूली करने वाले किन्नरों को खदेड़ा तो इसका रिएक्शन भी दिखा. बुधवार को करीब दो दर्जन किन्नर बाइपास थाना का घेराव करने पहुंच गए. इन्हें पुलिसकर्मियों ने काफी समझाया लेकिन ये नहीं मान रहे थे. किन्नरों का कहना था कि पुलिस ने थाना से उन्हें खदेड़ दिया. जबकि पुलिस का कहना है कि बीच सड़क पर ये किन्नर वसूली करते हैं और इससे बचने के लिए वाहन चालक गाड़ी तेजी से निकालते हैं इससे सड़क हादसे का खतरा रहता है.

बाइपास थाने के थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने कहा कि किन्नरों को समझा-बुझाकर थाना से वापस किया गया है. जबरन लोगों से रूपए लेकर भागने के मामले में किन्नरों पर प्राथमिकी पहले ही दर्ज है. बता दें कि किन्नरों पर कार्रवाई पहले भी हो चुकी है. अगमकुंआ थाना की पुलिस ने वसूली के आरोप में 10 किन्नरों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था.

किन्नरों की गिरफ्तारी रेल पुलिस ने भी हाल में की है. जब एक ट्रेन में किन्नरों के ग्रुप चढ़े और यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने लगे. पैसा नहीं देने पर कई यात्रियों के साथ किन्नरों ने मारपीट भी की थी. इसकी शिकायत लेकर जब यात्री दानापुर रेल थाना पहुंचे तो कार्रवाई करते हुए चार किन्नरों को गिरफ्तार किया गया था.

### पटना में मेडिकल छात्र के कमरे से 10 लाख के जले हुए नोट मिले, नीट-एमबीबीएस परीक्षा में धांधली के भी मिले सुराग!



**पटना, एजेंसी।** पटना के पीएमसीएच के चाणक्य हॉस्टल में एक छात्र के रूम में मंगलवार की देर रात को आग लग गयी थी. अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. हॉस्टल के दूसरे तल्ले पर मेडिकल स्टूडेंट अजय सिंह के रूम में आग लगी थी. जिस रूम में आग लगी, उसमें 10 से 12 लाख रुपए के नोट जले हुए मिले हैं. साथ ही नीट यूजी परीक्षा के जले हुई कई एडमिट कार्ड भी बरामद हुए हैं. एमबीबीएस परीक्षा के जाली ओएमआर सीट भी मिला है. नीट यूजी में स्कॉलर बैठाने का मामला सामने आया है.

मेडिकल छात्र अजय समस्तीपुर का निवासी हे. वह पीजी पास कर चुका है. उसने यहां हॉस्टल में दो-तीन रूम पर अपना कब्जा रखा है. हॉस्टल के वार्डन डॉ. बीरेंद्र ने कहा कि अजय के कमरे में नोट समेत कई एडमिट कार्ड और ओएमआर शीट जलने की सूचना मिली है. पुलिस को इसकी सूचना दे दी गयी है.

सूत्र बताते हैं कि पूरा मामला नीट और एमबीबीएस परीक्षा में स्कॉलर बैठाने से जुड़ा है. विभिन्न मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए स्कॉलर बैठाया जाता है. सूत्र बताते हैं कि स्कॉलर बैठाने के लिए छात्र के परिजन से मोटी रकम की वसूली होती है. एमबीबीएस के इंटरनल एग्जाम में भी एमबीबीएस पास कर चुके छात्रों को बैठाया जाता है. पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है. बुधवार को अजय कई लोगों के साथ हॉस्टल पहुंचा था. रूम की हालत देखकर भड़क गया था।

# दरभंगा एयरपोर्ट पर घने कोहरे का कहर, इतने विमानों की आवाजाही ठप



**दरभंगा, एजेंसी।** मौसम के कारण बुधवार को दरभंगा एयरपोर्ट से 12 विमानों में से 10 का परिचालन ठप रहा. केवल बेंगलुरु रूट पर फ्लाइट आयी व गयी. इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. हालांकि, दोपहर में मौसम में कुछ सुधार हुआ. बावजूद विमानन कंपनी ने सर्विस रद्द कर दी.बुधवार को दिल्ली के लिए सबसे अधिक चार विमानों में यात्रियों ने सीट बुक की थी. मुंबई, कोलकाता व हैदराबाद के लिए भी यात्रियों ने कई माह पहले सीट आरक्षित करायी थी. लेकिन, प्रतिकूल मौसम की वजह से उड़ान सेवा रद्द कर दी गयी.

खराब मौसम के कारण विगत दो दिनों में 22 विमानों की आवाजाही ठप रही. प्रत्येक फ्लाइट पर औसतन 150 यात्रियों के बुकिंग के हिसाब से करीब 3300 यात्री बुकिंग कराने के बावजूद यात्रा नहीं कर पाये. विमानों के रद्द होने की मुख्य वजह एयरपोर्ट पर कैट टू लाइट का इंस्टालेशन नहीं होना बताया गया है. यह कार्य पिछले साल अप्रैल में ही पूरा हो जाना था, लेकिन काम अभी भी जारी बताया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम विपरीत रहने की संभावना है. इस कारण कल सोमवार को भी विमानों का आवागमन प्रभावित हो सकता है. दरभंगा एयरपोर्ट से वर्तमान में दो विमानन कंपनी स्पाइसजेट व इंडिगो की उड़ान सेवा है. प्रतिकूल मौसम होने के कारण इंडिगो की सर्विस दो दिन बंद रही. रविवार को स्पाइस जेट ने दिल्ली व बेंगलुरू रूट पर सर्विस दी. दिल्ली रूट पर विमान का परिचालन करीब तीन घंटे देरी से हुआ।

### कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर लगाया ब्रेक, दर्जनों ट्रेनों का परिचालन हुआ लेट



**पटना, एजेंसी।** पटना समेत देश भर में पड़ रही ठंड और कोहरे ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. परिवहन साधनों पर कोहरे का काफी असर पड़ रहा है. बड़ी संख्या में ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं. कई-कई घंटे लेट होकर ट्रेनों का संचालन हो रहा है या फिर ज्यादा देर से संचालित हो रहीं ट्रेनों को निरस्त तक करना पड़ रहा है. वहीं, बुधवार को दर्जनों ट्रेनें काफी देरी से पटना व राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशन पहुंचीं, जिससे ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. बुधवार को ट्रेन नंबर 12334 प्रयागराज हावड़ा विभूति एक्सप्रेस सात घंटे देरी से पटना पहुंची. इसी क्रम में ट्रेन नंबर 20802 मगध एक्सप्रेस पांच घंटे 30 मिनट, 15744 फरक्का एक्सप्रेस 3 घंटे 20 मिनट, 15657 ब्रम्हपुत्रा मेल 4 घंटे 36 मिनट, 12368 विक्रमशिला 52 मिनट, 12317 अकालख्त एक्सप्रेस 40 मिनट देरी से पहुंची. हालांकि रोजाना की तुलना में तेजस राजधानी व संपूर्णक्रांति एक्सप्रेस अपने समय पर पटना जंक्शन पहुंची. जानकारों के अनुसार कोहरे व खराब मौसम ने ट्रेनों का संचालन बेपटरी होने लगा है. खासतौर पर दिल्ली रूट की ट्रेनों को रुक-रुककर चलना पड़ा. राजधानी और वंदे भारत जैसी वीआईपी ट्रेनों से लेकर मेल-एक्सप्रेस तक देरी चली. कोहरे के चलते विजिबिलिटी काफी कम रही, जिससे ट्रेनों को 110 से 150 की तुलना में सिर्फ 70 से 75 प्रति घंटे की रफ्तार से से चलाना पड़ा।

# जदयू के ललन प्रसाद ने किया नामांकन, एकजुट दिखा एनडीए



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में जदयू प्रत्याशी ललन प्रसाद ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सहित एनडीए के अन्य नेताओं की मौजूदगी में ललन प्रसाद ने विधानमंडल पहुंचकर नामांकन दाखिल किया. 23 जनवरी को इस सीट पर उपचुनाव के लिए वोटिंग है. विधानसभा कोटे की सीट होने के कारण संख्या बल के गणित से राजग के खाते में यह सीट जाना तय है. राजग के पास निर्दलीय लेकर 131 विधायक (मत) हैं. वहीं, आइएनडीआइए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के पास 111 विधायक हैं. एआइएमआइएम (आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन) का एक विधायक है.

धानुक जाति से आनेवाले 52 साल के ललन प्रसाद शेखपुरा जिले के 2001 से 2005 तक घाट कुसुंबा प्रखंड के जदयू अध्यक्ष रहे. ललन प्रसाद को सीएम नीतीश के करीबी नेता के रूप में जाना जाता है. वहीं वर्ष 2009 से 2013 तक शेखपुरा में जेडीयू के जिला उपाध्यक्ष भी रहे. शेखपुरा में जदयू को मजबूत करने के लिए वे जदयू के शुरुआती दौर से ही सक्रिय रहे हैं. खासकर नीतीश कुमार के नजदीकी के तौर पर इलाके में उनकी पहचान रही है. बिहार में धानुक वर्ग से आने वाले प्रभावशाली राजनेताओं की संख्या फ़िलहाल बेहद कम है. वहीं कुर्मी और धानुक को एक ही वर्ग की दो उपजातियां भी कहा जाता है. ऐसे में नीतीश कुमार ने धानुक जाति की एक बड़ी शिकायत को दूर कर दिया है. राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने और मिमिक्री करने आरोप लगा था. इसे लेकर विधान परिषद की आचार समिति ने बड़ा फैसला लिया था. जुलाई 2024 में सभापति को आचार समिति अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी. इसमें एमएलसी पर लगाए गए आरोपों को सही करार दिया गया और अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गयी. सभापति ने सुनील सिंह को माफी मांगने का विकल्प दिया लेकिन उन्होंने किसी प्रकार की माफी मांगने से इनकार कर दिया. इसके बाद सभापति ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी.



### तीसरी बार बदली शिक्षकों की काउंसलिंग की तारीख, अब इस दिन से शुरू होगी प्रक्रिया

**पटना, एजेंसी।** टीआरई-3 पास शिक्षकों की काउंसलिंग की तारीख एक बार फिर बदल दी गई है. अब यह काउंसलिंग 21 से 30 जनवरी के बीच हर जिले में आयोजित की जाएगी. काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत 1 से 12वीं तक के 66,345 शिक्षकों की काउंसलिंग होगी. इस दौरान उम्मीदवारों को अपने प्रमाणपत्र, प्रवेशपत्र, जाति प्रमाणपत्र, और आरक्षण कोटा से संबंधित दस्तावेज साथ लाने होंगे.

सबसे पहले शिक्षकों की काउंसलिंग के लिए 16 से 31 दिसंबर तय की गई थी, लेकिन इसे बदलकर 23 से 30 दिसंबर कर दिया गया था. काउंसिलिंग शुरू होने से पहले ही फिर से तारीख में बदलाव किया गया और इसे 9 से 16 जनवरी तय कर दिया गया. अब एक बार फिर इसकी तारीख में संशोधन करते हुए इसे 21 से 30 जनवरी कर दिया गया है.

काउंसलिंग के तहत विभिन्न शैक्षणिक स्तरों के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा. फिलहाल विभाग में जितने पदों पर शिक्षकों का चयन होना है, उसकी जानकारी नीचे दी गई है

लगातार काउंसलिंग प्रक्रिया की तारीखों में किए गए बदलाव का कारण शिक्षा विभाग ने तकनीकी समस्याओं को बताया है. प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने इसको लेकर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है. उन्होंने इसको लेकर कहा कि काउंसलिंग प्रक्रिया को तय की गई नई तारीखों के अनुसार व्यवस्थित और सुचारू रूप से पूरा किया जाए. बता दें, काउंसलिंग की तारीखों में बार-बार हो रहे बदलाव से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है. कई अभ्यर्थियों ने समयबद्ध तरीके से प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है, ताकि वे जल्द से जल्द अपनी जिम्मेदारियों को संभाल सकें।

### गया में भीषण डकैती, देर रात को 10 अपराधियों ने चौकीदार के परिजनों को बंधक बनाकर लूटा

गया, एजेंसी। गया के गेहलौर थाना क्षेत्र स्थित एक घर में बुधवार की रात को भीषण डकैती हो गयी. पीड़ित परिवार चौकीदार के परिजन बताए जा रहे हैं. बुधवार की देर रात हथियारबंद 10 अपराधियों ने घर पर धावा बोला और लूटपाट करके फरार हो गए. चौकीदार राजेंद्र पासवान की भतीजी इंदू देवी के घर में ये डकैती हुई है. घर में मौजूद तमाम लोगों को हथियार का भय दिखाकर बंधक बनाया गया और डकैती की गयी.

चौकीदार राजेंद्र पासवान की भतीजी इंदू देवी के घर में घुसकर बुधवार की देर रात हथियारबंद 10 अपराधियों ने तांडव मचाया. चौकीदार के परिजनों को बंधक बनाकर भीषण डकैती की. पिस्तौल की नोंक पर घर में मौजूद चौकीदार के भाई अमिन्दर पासवान, उनकी पत्नी राधिका देवी और भतीजी इंदू देवी की ननद खुशबु देवी को कब्जे में लेकर लूटपाट की गयी.

पीड़ितों का कहना है कि डकैतों ने करीब पांच लाख 50 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, 20 हजार रुपये सहित करीब 10 हजार रुपये के कपड़े व अन्य कीमती सामान लूट लिये और घर के बाहर मुख्य दरवाजे की कुंडी लगा कर भाग गये. घटना की जानकारी होते ही देर रात गेहलौर थाने की पुलिस वहां पहुंची और मामले की छानबीन की.

### मां का दाह संस्कार कर लौट रहा था बेटा, अचानक पेड़ से टकराई कार, मौके पर हुई मौत

**बेगूसराय, एजेंसी।** सुबह-सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां मां का दाह संस्कार कर लौट रहे बेटी की सड़क हादसे में मौत हो गई है. वहीं हादसे में छोटे बेटे, बहनोई समेत अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. पूरी घटना बेगूसराय के मंझौल थाना क्षेत्र के जय मंगलागढ़ मोड़ के पास की है. मृतक की पहचान एजनी परोरा के रहने वाले कौशल कुमार सिंह उर्फ मनोज कुमार के रूप में हुई है. वहीं मृतक के छोटे भाई किशोर कुमार सिंह के साथ मृतक के बहनोई गौतम कुमार, राम प्रवेश यादव एवं भवेश कुमार गंभीर रूप से घायल हैं. जानकारी के अनुसार, मृतक के छोटे भाई किशोर कुमार सिंह आर्मी के जवान हैं. घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि सभी लोग मृतक कौशल कुमार सिंह के मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सिमरिया गए थे. मां का दाह संस्कार कर सभी लोग सिमरिया से वापस घर लौट रहे थे. इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित हो गई और जयमंगला गढ़ के पास एक पेड़ से टकरा गई।

# 15 जनवरी के बाद कभी भी हो सकता है नीतीश कैबिनेट का विस्तार

### बीजेपी के चार विधायकों को मिल सकती है जगह



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजनीति में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. माना जा रहा है कि मकर संक्रांति यानी 15 जनवरी के बाद नीतीश कैबिनेट का विस्तार हो सकता है. सूत्रों की मानें तो 30 जनवरी के पहले मंत्रिमंडल विस्तार का काम पूरा कर लिया जाएगा. फिलहाल नीतीश सरकार की कैबिनेट में सीएम नीतीश कुमार और दो डिप्टी सीएम सहित 30 मंत्री हैं. माना जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है. ऐसे में सबकी निगाहें नीतीश कैबिनेट के विस्तार पर होगी. माना यह भी जा रहा है कि बीजेपी के 4 नए चेहरे नीतीश कैबिनेट में शामिल होंगे. वर्तमान में नीतीश कैबिनेट में 6 मंत्री पद खाली हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 15 जनवरी के बाद बिहार में नीतीश सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार कभी भी हो सकता है. साथ ही यह प्रक्रिया 30 जनवरी से पहले पूरी कर ली जाएगी. इसके साथ ही वर्तमान में भाजपा के जिन मंत्रियों के पास कई विभाग हैं, उनके विभागों का पुनर्वितरण किया जाएगा. ये विभाग कैबिनेट में शामिल होने वाले नए मंत्रियों के बीच बांटे जाएंगे. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंत्रिमंडल विस्तार में पटना, तिरहुत और सारण प्रमंडल के विधायकों को प्राथमिकता दी जाएगी. वर्तमान में नीतीश कुमार की कैबिनेट में कुल 30 मंत्री हैं. इनमें भाजपा के 15 मंत्री शामिल हैं. 'हम' से संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह भी मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं. बिहार विधानसभा की सदस्य संख्या के अनुसार सरकार के कैबिनेट में अधिकतम 36 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### छह बार फेल होने वाले डिप्लोमा छात्रों को एक और मौका, 13 जनवरी तक करना होगा आवेदन

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में एनएफटी (नॉन फिट फॉर टेक्निकल एजुकेशन) प्राप्त और छह प्रयासों में भी अब तक तृतीय और पांचवें सेमेस्टर में उत्तीर्ण नहीं होने वाले छात्रों को एक और अंतिम अवसर दिया जाएगा। इसको लेकर एसबीटीई (स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन) के स्तर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

प्रदेश के सभी सरकारी से लेकर निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों से ऐसे छात्र-छात्राओं की सूची मांगी गई है। इसमें सभी कॉलेजों को एनएफटी और छह प्रयासों में फेल हुए छात्रों का पूरा विवरण भेजना है। ऐसे छात्र अगर परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं तो उनकी सूची तैयार कर पहले कॉलेज स्तर से भेजा जाएगा।

इसके लिए 13 जनवरी की तिथि तय की गई है। इसके बाद आवेदन भेजने पर कोई भी विचार नहीं होगा। सभी कॉलेजों से भेजे गए आवेदनों के आधार पर अगली बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। कहा गया है कि पर्षद तक पहुंचे ऐसे आवेदनों पर आगामी परीक्षा पर्षद की बैठक में रखा जाएगा। अगर परीक्षा पर्षद का अनुमोदन प्राप्त होता है तो ऐसे विद्यार्थियों के लिए आंशिक या पूरक परीक्षा में शामिल करने के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा। सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी किया गया है कि वे इसकी सूचना अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को दें।

# नया वाहन खरीदने पर मुफ्त में मिलेगी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, आदेश जारी



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नए वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए डीलर शुल्क नहीं लेंगे। वाहन विक्रेताओं को मुफ्त में एचएसआरपी लगाना है। वाहन बेचते समय खरीदने वाले से शुल्क लेने का मामला सामने आने पर वाहन विक्रेता की एजेंसी का निबंधन रद कर दिया जाएगा।

परिवहन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी किया है। विभाग ने इसके साथ ही वाहन एजेंसी को बिना एचएसआरपी के गाड़ी नहीं बेचने की हिदायत दी है। आदेश में कहा गया है कि जब नए वाहन एजेंसी से बाहर निकले तो उसमें एचएसआरपी अवश्य लगा हो।

बिना एचएसआरपी के वाहन चलने पर जहां एक तरफ वाहन मालिक को जुर्माना किया जाएगा तो वहीं एजेंसी पर भी नियमानुसार कार्रवाई होगी। विभाग ने इसको लेकर लोगों को जागरूक करने का भी आदेश दिया है। पत्र में कहा गया है कि क्रेन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली 1989 के नियम 50 के प्रावधानों के आलोक में सभी प्रकार के निबंधित वाहनों में एचएसआरपी लगाया जाना अनिवार्य है। वाहनों में एचएसआरपी नहीं होने की स्थिति में जुर्माने का प्रावधान है।

एक अप्रैल 20219 से निबंधित सभी प्रकार के नए वाहनों में एचएसआरपी लगाया जाना संबंधित वाहन विनिर्माता एवं उनके डीलरों का दायित्व है। इसके लिए वाहन खरीदने वाले से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाना है। विभाग ने आदेश दिया है कि विक्रेता बिना एचएसआरपी लगाये नए वाहनों की डिलीवरी वाहन क्रेता को न दें एवं एचएसआरपी हेतु वाहन क्रेता से कोई अतिरिक्त शुल्क न लें अन्यथा व्यापार प्रमाण पत्र को निलंबित किया जायेगा। विभाग तक शिकायत पहुंची है कि वाहन एजेंसी द्वारा एचएसआरपी के लिए वाहन खरीदार से मनमाना शुल्क लिया जा रहा है। ज्ञात हो कि वाहनों के नंबर प्लेट में एकरुपता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एसएचआरपी) को अनिवार्य किया था। निजी एवं कर्मशियल वाहनों के लिए अलग-अलग नंबर प्लेट किये गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवार वालों के डांटने पर युवक ने लगाई फांसी



**कानपुर** । कल ग्राम महोली थाना महाराजपुर में स्थित पावर हाउस के पीछे एक बाग में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 35 वर्ष एक पेड़ से गले में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया थी। इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि परिवार को सूचना देकर शव का पंचायत नामा,पोस्टमार्टम आदि आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है। परिवार कोई विधिक कार्यवाही नहीं चाहता है। परिवार वालों ने बताया कि युवक को परिवार वालों ने डांटा था जिससे क्षुब्ध होकर उसने आत्म हत्या का क़दम उठाया।

### के. विजेयेंद्र पांडियन बने कानपुर मंडल के नये मंडलायुक्त

कानपुर का औद्योगिक स्वरुप कभी न खोये यही प्रयास रहेगा मंडलायुक्त




**कानपुर**। उत्तर प्रदेश शासन ने आईएएस विजेयेंद्र पांडियन को कानपुर का नया मंडलायुक्त बनाया है। आज आईएएस के. विजेयेंद्र पांडियन ने कानपुर मण्डल के मंडलायुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पूर्व मंडलायुक्त, कानपुर मण्डल अमित गुप्ता से कार्यभार लिया। इस अवसर पर पांडियन को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। 2008 बैच के आईएएस अफसर के. विजेयेंद्र पांडियन आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के पद पर भी कार्यरत हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जन कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर लाना है। नये मंडलायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं सुचिता के साथ-साथ समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कानपुर वर्षों से बड़ी औद्योगिक नगरी व उत्तर भारत का मैनचेस्टर रहा है, यही इसकी विशेष पहचान है। इसकी पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखने का प्रयास किया जायेगा।

### विशाल मेगा मार्ट में भीषण आग





**कानपुर**। नरौरा चौराहा स्थित विशाल मेगा मार्ट में आज दिनांक 9 जनवरी को भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना तुरंत ही दमकल विभाग को दी गई। विशाल मेगा मार्ट मेगा मॉल नरौना चौराहा में आग की सूचना पर सीएफओ कानपुर के निर्देशन में 4 यूनिट अतिशीघ्र घटनास्थल पहुंची एवं यूनिटों ने जहरीले धुएं में अथक परिश्रम कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस पर युवा फार्मेसिस्ट फेडरेशन का कार्यक्रमः फार्मेसिस्टों के अधिकारों की सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम

**लखनऊः** आज 9 जनवरी 2025 को युवा फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने "फार्मेसिस्ट अधिकार दिवस" के रूप में प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर औषधि आयुक्त बृजेश कुमार ने फार्मेसिस्टों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे हमारे परिवार के सदस्य हैं, और औषधि विभाग उनका पूरा संरक्षण करेगा। उन्होंने मरीजों को अच्छी दवाएं उपलब्ध कराने, नकली औषधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लिया।इस दौरान औषधि निरीक्षक निलेश शर्मा और संदेश मौर्य ने सभी फार्मेसिस्टों को नियमित रूप से अपडेट रहने की सलाह दी और कहा कि एडीआर, साइड इफेक्ट्स, डोज, प्रयोग और दवाओं के इंटरेक्शन के बारे में जानकारी होना जरूरी है ताकि जनता को फायदा हो सके।फार्मेसिस्टों ने मुख्यमंत्री को 14 सूत्रीय अनुरोध के साथ एक ज्ञापन भेजा, जिसमें अर्बन आरोग्य मंदिर में फार्मेसिस्ट की नियुक्ति, रोजगार का सृजन और अन्य मुद्दों पर जोर दिया गया।युवा फार्मेसिस्टों ने आज के दिन की शुरुआत सिविल अस्पताल में रक्तदान और मरीजों को फल वितरण से की, जिसमें 10 फार्मेसिस्टों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फार्मेसिस्ट दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और रोगियों को उपचार के महत्व के बारे में जागरूक करते हैं।कार्यक्रम में युवा फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश कृष्ण, महासचिव देवेंद्र कुमार और अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। इसके अलावा, इस दिन को प्रदेशभर में फार्मेसिस्टों के अधिकारों के सशक्तिकरण और उनकी अहम भूमिका को लेकर जागरूकता फैलाने के रूप में मनाया गया।

### लखनऊ नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का शुभारंभ

**लखनऊः** आज लखनऊ नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत शिवरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर एक नई पहल की गई। इस योजना के अंतर्गत नगर में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले लगभग 2000 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए द्वितीय चरण में 700 मीट्रिक टन क्षमता के प्रसंस्करण संयंत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, और 25 से अधिक पार्षदों की उपस्थिति रही।महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने इस अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और मेसर्स भूमि ग्रीन एनर्जी संस्था एवं समस्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत शहर में जनित ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शहर को कूड़ा मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।नए फ्रेश वेस्ट प्रसंस्करण संयंत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह संयंत्र पूर्व स्थापित 700 मीट्रिक टन क्षमता वाले प्लांट के साथ मिलकर कुल 1400 मीट्रिक टन क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिससे 2000 मीट्रिक टन कूड़े का वैज्ञानिक प्रसंस्करण सुनिश्चित होगा। संयंत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं, पर्यावरण मित्र प्रसंस्करण प्रणाली, दुर्गंध नियंत्रण प्रणाली, और एक आधुनिक प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जो प्रसंस्करण की गुणवत्ता की निरंतर जांच करेगी। इस संयंत्र से प्राप्त जैविक खाद कृषि कार्यों में उपयोगी होगी और ऊर्जा उत्पादन से बिजली आपूर्ति में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम में नीरज सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना माननीय सांसद राजनाथ सिंह की फ्यूचरिस्टिक सोच का परिणाम है और नगर निगम की तरफ से इस दिशा में किए जा रहे प्रयास सतत विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# बलरामपुर फाउण्डेशन की ओर से डीएम के कर कमलों द्वारा वितरित कराया गया सिलाई मशीन एवं कम्बल





संवाददाता

**गोंडा**। बलरामपुर फाउण्डेशन की ओर से दिनांक 09.01.2025 गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट दतौली मनकापुर के प्रांगण में 1000 कम्बल एवं 25 सिलाई मशीन मनकापुर ब्लाक के स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बलरामपुर फाउण्डेशन की सराहना करते हुए कहा कि बलरामपुर चीनी मिल ग्रुप गोण्डा के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहा है। चीनी मिल समूह प्रत्येक वर्ष गोण्डा जनपद में सामाजिक कार्य करती रहती है। इसी क्रम में आज कम्बल और सिलाई मशीन का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल के प्रबन्धतन्त्र को धन्यवाद दिया और कहा कि आगे भी आप गोण्डा जनपद में सामाजिक सारोकार के कार्य में अपना अमूल्य योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनकापुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर, तहसीलदार मनकापुर, खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर, ए०डी०ओ० मनकापुर, कोतवाल मनकापुर एवं चौकी प्रभारी दतौली ने भी उक्त कार्यक्रम में कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर चीनी मिल की तरफ से जिलाधिकारी का स्वागत मुख्य महाप्रबन्धक नीरज बंसल द्वारा बुके भेंट कर किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक नीरज बंसल ने इस अवसर पर कहा कि बलरामपुर चीनी मिल गोण्डा के विकास में निरन्तर प्रगतशील है एवं गरीबों की सेवा करना चीनी मिल का उद्देश्य है और बलरामपुर फाउण्डेशन इस उद्देश्य में निरन्तर कार्यरत है। इस अवसर पर मिल की तरफ से महाप्रबन्धक गन्ना श्री राज कुमार ताया, महाप्रबन्धक उत्पादन विजय प्रताप सिंह, महाप्रबन्धक इन्जीनियरिंग प्रमोद कुमार पाण्डेय, अपर महाप्रबन्धक आसवनी प्रहलाद कुमार खड़का, उप महाप्रबन्धक इलेक्ट्रिकल दीपक भवसार, सहायक महाप्रबन्धक विधि, कार्मिक एवं प्रशासन जी०के० राउत, मुख्य प्रबन्धक स्टोर अमित सिंह गौर, मुख्य प्रबन्धक शुगर एक्साइज अरविन्द कुमार द्विवेदी, लीगल हेड आनन्द कुमार उपाध्याय आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे एवं मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित शशि कान्त शुक्ला द्वारा किया गया।

# महिला विधायकों ने बिठूर में उठाया आनंद, सेल्फी भी ली

संवाददाता




**बिठूर भ्रमण पर महिला सदस्यों को घुमाये गये कानपुर के धार्मिक स्थल**

**कानपुर**। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड विधान मण्डल की कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन, भारत क्षेत्र (जोन-1) उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड की महिला सदस्यों के सम्मेलन कार्यक्रम के बाद महिला सदस्यों को आज कानपुर दर्शन के माध्यम से कानपुर की ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिसमें मुख्य रूप से बिठूर स्थित ध्रुव टीला, ब्रह्मवर्त घाट, पत्थर घाट, माता सीता रसोई, लवकुश जन्मस्थली एवं इस्कॉन मंदिर आदि स्थान शामिल रहें। महिला सदस्यों ने सभी स्थलों को घूमने का आनंद लिया और साथ ही सेल्फी, फोटो भी ली।

सभी महिला सदस्यों ने कानपुर के दर्शनीय स्थलों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कानपुर भ्रमण के दौरान महिला सदस्यों में आशा मौर्या महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र सीतापुर, पूनम शंखवार रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र कानपुर देहात, डॉ0 मंजू सिवाच मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र गाजियाबाद, सलोना कुशवाहा तिलहर विधानसभा क्षेत्र शाहजहांपुर, ऊषा मौर्या हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर, रिंकी कोल छानबे विधानसभा क्षेत्र मिर्जापुर, गुड़िया कठेरिया सदर विधानसभा क्षेत्र औरैया आदि के साथ विधानसभा उत्तर प्रदेश के अधिकारीगण/सुरक्षा अधिकारीगण, उप जिलाधिकारी (सदर) ऋतु प्रिया, तहसीलदार (सदर) रितेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# वित्तीय निगम द्वारा बंधक संपत्तियों की नीलामी हेतु ई-आक्शन पोर्टल



संवाददाता

**कानपुर**। उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम द्वारा वित्त पोषित इकाईयों में बंधक की गयी सम्पत्तियों की नीलामी हेतु ई-आक्शन पोर्टल का आज दिनांक 09.01.2025 को निगम के प्रबन्ध निदेशक द्वारा उद्घाटन किया गया। निगम के प्रबन्ध निदेशक के. विजेयेन्द्र पांडियन द्वारा बताया गया कि निगम में वर्तमान में लगभग 800 इकाईयां डिफाल्ट हैं, जिनके द्वारा बंधक की गयी सम्पत्तियों की बिक्री अभी तक निगम द्वारा आफ लाइन के माध्यम से एस०एफ०सी० एक्ट की धारा-29 के अन्तर्गत की जाती थी। अब निगम उक्त बिक्री/नीलामी को ई-आक्शन के माध्यम से करेगा, जिससे वसूली की गति तेज एवं पारदर्शी होगी। निगम ने ई-आक्शन पोर्टल के सुचारु संचालन हेतु इन्डसइन्ड बैंक के साथ एम०ओ०यू० हस्ताक्षर किया है। विस्तृत जानकारी हेतु निगम की वेबसाइट "www.upfcindia.com" पर विजिट कर सकते हैं।

# कानपुर में लावारिस शवों को कंधा अभियान के अन्तिम दिन शामिल हुई सैकड़ों बौद्ध महिलाएं

संवाददाता

**कानपुर में अब तक 16000 लावारिस लाशों का संबंधित धर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करा चुकी समाज कल्याण सेवा समिति**



**कानपुर**। (जितेन्द्र सिंह) जिनका कोई नहीं होता ,उनका इंसान के रूप में ईश्वर ,अल्लाह और गॉड ही होता है। यह कथन लागू होता है, उन लोगों के संदर्भ में दुनिया को अलविदा कहने के समय जिनके साथ उनके लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई नहीं होता, लेकिन फिर भी ईश्वर ,अल्लाह और गॉड इंसान के रूप में उनके लावारिस शव का अंतिम संस्कार अवश्य कराते हैं। यहां बात हो रही है ,कानपुर की उस समाज कल्याण सेवा समिति की जो अबतक 16000 से ज्यादा लावारिस लाशों का संस्कार मरने वाले व्यक्ति के संबंधित धर्म के अनुरूप कर चुकी है। इसी संस्था ने कानपुर में लावारिश शवों के पांच दिवसीय कन्धा दान का अभियान भी चलाया ,जिसके अन्तिम दिन इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समुदाय की सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हुईं।

उन्होंने इन लावारिशों को कंधा देने के साथ ही उनके बिछड़े दुखी परिजनों के आत्म शान्ति के लिये तथागत गौतम बुद्ध व ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस कन्धा दानियों में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शवों पर फूलों की वर्षा भी की, जिससे पोस्ट मार्टम से एक किलोमीटर की दूरी तक सड़क फूलों से पटी रही। इस शव यात्रा में हे मानव तू मुख से बोल बुद्धम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि का उच्चारण करते हुए शव यात्रा को अन्तिम विदाई दी गयी। महिलाओं द्वारा दिये जा रहे कन्धादान अभियान में एक दूसरे से कन्धा बदलते नजर आयीं। इस मौके पर शव यात्रा में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि सभी धर्मो के लोग इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विगत 15 वर्षों से हम गंगा को प्रदूषण से बचा रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 16000 लावारिश शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार करा चुके हैं। जिससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में भी सफलता मिली। इस मौके पर मनीषा पैंथर,अनीता जैसवार, आरती राव,कुं आरती राव,सीमा संखवार, पिंकी चंडा,सरोज गौतम,शालिनी गौतम,कांति, बबली गौतम,रुक्मणी,सुधा गौतम,रेखा,नीलू खन्ना, फूलमती, सर्वेश कुमारी,निशा,राजू देवी,फूल दुलारी,शीला देवी, गुड़िया सहित आदि महिलाए मौजूद रही।

# पुलिस ने किया थाना बिधनू क्षेत्रांतर्गत हत्या की घटना का खुलासा

**घटना से संबन्धित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया**



संवाददाता

**कानपुर**। पिछले दिनों 6 जनवरी को बिधनू थाने में हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे का खुलासा बिधनू थाना पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीसीपी साउथ ने बताया कि पुलिस ने पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रमेडी थाना कोतवाली जनपद हमीरपुर, महेन्द्र उर्फ पुनीत पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रमेडी कोतवाली जनपद हमीरपुर, नवनीत कुमार पाण्डेय पुत्र रूद्रनारायण पाण्डेय निवासी राजेन्द्र नगर बक्तौरीपुरवा कानपुर नगर को गिरफ्तार किया है। डीसीपी साउथ ने बताया कि इस मामले में 6 जनवरी को मृतक के भाई मो. नायाब द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। डीसीपी साउथ ने बताया कि अभियुक्तों ने बताया है कि वह चोरी करने के लिए उस मकान में गये थे लेकिन एक व्यक्ति वहां दुकान में सो रहा था। अभियुक्तों में एक उस मकान के मकान मालिक के यहां ड्राइवर के रुप में कार्य कर चुका था तथा मकान बनते समय मजदूरी भी कर चुका था इसलिए यदि वह जाग गया तो पोल खुल जाएगी इसलिए उस पर वार करके उसकी हत्या कर दी। तथा वहां रखा सामान चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने इसके लिए एक टीम का गठन किया था। और तमाम सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर वह अभियुक्तों तक पहुंची। हत्यारे रविशंकर गुप्ता की मार्केट से पीछे जीनों से होकर चोरी करने को घुसे थे।

# पंचायत सेक्रेटरी को घूस लेते एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार



संवाददाता

**गोंडा**। गुरुवार की दोपहर में एंटी करप्शन की गोंडा टीम ने मुख्यालय स्थित विकासखंड पंडरी कृपाल में तैनात सेक्रेटरी विजय कुमार को ग्राम प्रधान मनीष वर्मा से दस हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम कोतवाली ले जाकर लिखा पढ़ी कर रही है। वहीं ग्राम प्रधान मनीष वर्मा से भी बयान भी दर्ज कर रही है। उक्त घटना से पूरे विकासखंड में हड़कंप मच गया। विकासखंड के कुछ कर्मचारी कोतवाली पहुंचे। फिलहाल लिखा पढ़ी के करने के बाद एंटी करप्शन टीम सेक्रेटरी विजय कुमार को जेल भेजने की तैयारी में जुटी थी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोंडा शहीद ए आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज इकाई सत्र का हुआ गठन

संवाददाता




**गोंडा**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोंडा जिले के शहीद ए आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज (टामसन) इकाई का सत्र 2025- 26 का गठन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत कार्यकारणी सदस्य मुख्य वक्ता मनीष प्रताप सिंह कनौजिया ने करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर उच्च गुणवत्ता के साथ शैक्षणिक वातावरण रखना कॉलेज इकाई की मुख्य उद्देश्य रहेगा।

विद्यार्थियों में रचनात्मक गतिविधियों के साथ कैंपसों की गरिमा को अनुशरण रखना हमारी प्राथमिक विषयों के समाज व जिम्मेदारों के मध्य उठाता है। अभाविप ने ये जिम्मेदारी देकर छात्र-छात्राओं शिक्षकों को सहित विद्यार्थी समुदाय के मध्य कार्य विस्तार का जो भरोसा जताया है उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यकारिणी के माध्यम से ही संगठन अपनी गतिविधियों को समाज के मध्य प्रस्तुत करता है। चुनाव अधिकारी ने इकाई अध्यक्ष के रूप में आदर्श शुक्ला व इकाई मंत्री के रूप में आनंद यादव के नाम की घोषणा की।

इकाई गठन में मुख्य रूप से गोंडा जिला संगठन मंत्री हरिओम जी गोंडा नगर विस्तारक अभिषेक जी, अमरेश प्रजापति, सूरज चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सर्वर डाउन होने से फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित, किसान परेशान

संवाददाता

**कर्नलगंज,गोंडा**। सर्वर डाउन होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो रहा है। इससे किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विभाग व राजकीय बीज गोदाम के जिम्मेदारों की मानें तो दिन में साइट डाउन रहने के कारण पंजीकरण काफी धीमी गति से हो रहा है। सीएससी के लोगों से संवाद किया गया है। किसानों की समस्या को कम करने के लिए बीच का रास्ता निकाला गया है। अब किसानों से आधार, इससे लिंक मोबाइल नंबर खतौनी, गाटा संख्या सीएससी संचालक ले लेते हैं और रात में जब साइट चलती है तब किसानों से ओटीपी पूछकर पंजीकरण कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लाभ पाने वालों के लिए अनिवार्य है। पंजीकरण न होने की दशा में उनको मिलने वाला लाभ बंद हो जायेगा। वहीं फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए जन सेवा केंद्रों पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। लेकिन सर्वर न चलने के कारण किसान निराश होकर लौट रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क दिक्कत है तो शहरी क्षेत्रों में भी सर्वर न चलने के कारण किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। गुरुवार को तहसील के सामने करीब एक दर्जन जन सेवा केंद्रों व आनलाइन केंद्रों पर किसानों की भीड़ देखने को मिली। जहां किसान अपना अभिलेख लेकर बैठे रहे और सर्वर न चलने से उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। जन सेवा केंद्र चलाने वाले दुर्गेश कुमार खरे, उबैद अहमद, राकेश तिवारी, विमलेश तिवारी, हरिप्रकाश सिंह आदि का कहना है कि सुबह से ही किसानों की भीड़ जन सेवा केंद्र पर लग जाती है। लेकिन सर्वर न चलने के कारण किसान वापस चले जाते हैं। तहसीलदार मनीष कुमार का कहना है कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए किसान जल्दबाजी ना करें और इसके लिए किसी को अधिक शुल्क ना दें। अभी इसके लिए पर्याप्त समय है। वहीं उपजिलाधिकारी से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# कानपुर में लावारिस शवों को कंधा अभियान के अन्तिम दिन शामिल हुई सैकड़ों बौद्ध महिलायें

**कानपुर में अब तक 16000 लावारिस लाशों का संबंधित धर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करा चुकी समाज कल्याण सेवा समिति**

सुनील बाजपेई



**कानपुर**। जिनका कोई नहीं होता ,उनका इंसान के रूप में ईश्वर ,अल्लाह और गॉड ही होता है। यह कथन लागू होता है, उन लोगों के संदर्भ में दुनिया को अलविदा कहने के समय जिनके साथ उनके लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के लिए कोई नहीं होता, लेकिन फिर भी ईश्वर ,अल्लाह और गॉड इंसान के रूप में उनके लावारिस शव का अंतिम संस्कार अवश्य कराते हैं।

यहां बात हो रही है ,कानपुर की उस समाज कल्याण सेवा समिति की जो अबतक 16000 से ज्यादा लावारिस लाशों का संस्कार मरने वाले व्यक्ति के संबंधित धर्म के अनुरूप कर चुकी है। इसी संस्था ने कानपुर में लावारिश शवों के पांच दिवसीय कन्धा दान का अभियान भी चलाया ,जिसके अन्तिम दिन इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध समुदाय की सैकड़ों महिलाएं भी शामिल हुईं।

उन्होंने इन लावारिशों को कंधा देने के साथ ही उनके बिछड़े दुखी परिजनों के आत्म शान्ति के लिये तथागत गौतम बुद्ध व ईश्वर से प्रार्थना भी की। इस कन्धा दानियों में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और शवों पर फूलों की वर्षा भी की, जिससे पोस्ट मार्टम से एक किलोमीटर की दूरी तक सड़क फूलों से पटी रही।

इस शव यात्रा में हे मानव तू मुख से बोल बुद्धम् शरणम् गच्छामि धम्मम् शरणम् गच्छामि संघम् शरणम् गच्छामि का उच्चारण करते हुए शव यात्रा को अन्तिम विदाई दी गयी। महिलाओं द्वारा दिये जा रहे कन्धादान अभियान में एक दूसरे से कन्धा बदलते नजर आयीं। इस मौके पर शव यात्रा में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि सभी धर्मो के लोग इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। विगत 15 वर्षों से हम गंगा को प्रदूषण से बचा रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 16000 लावारिश शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार करा चुके हैं। जिससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में भी सफलता मिली।

इस मौके पर मनीषा पैंथर,अनीता जैसवार, आरती राव,कुं आरती राव,सीमा संखवार,पिंकी चंडा,सरोज गौतम,शालिनी गौतम,कांति, बबली गौतम,रुक्मणी,सुधा गौतम,रेखा,नीलू खन्ना,फूलमती,सर्वेश कुमारी,निशा,राजू देवी,फूल दुलारी,शीला देवी,गुड़िया सहित आदि महिलाए मौजूद रही।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 10 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### दुबई में तालिबान के मंत्री से मिले भारतीय सचिव

**दुबई।** दुबई में बुधवार को अफगान तालिबान और भारतीय अधिकारियों के बीच एक हाई लेवल मीटिंग हुई। इस मीटिंग में भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अफगानिस्तान की तरफ से तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान ने हिस्सा लिया। इस बैठक का एजेंडा मानवीय और डेवलपमेंट सहायता, बिजनेस, ट्रेड, स्पोर्ट्स, कल्चरल रिलेशन, रीजनल सिक्योरिटी पर आधारित है। इस मीटिंग में ईरान के चाबहार बंदरगाह समेत अलग-अलग इलाकों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। अफगान मंत्री ने संकट के समय मदद करने के लिए भारत का आभार जताया। वहीं भारत की तरफ से कहा गया कि नई दिल्ली आने वाले वक्त में भी अफगान लोगों की डेवलपमेंट जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। विकास गतिविधियों की मौजूदा जरूरतों को देखते हुए यह फैसला किया गया है कि भारत आने वाले वक्त में अफगानिस्तान की विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा। दोनों देशों में स्पोर्ट्स रिलेशन मजबूत करने पर भी जोर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अफगानिस्तान के साथ अपने ऐतिहासिक और कल्चरल संबंधों को बहुत ज्यादा महत्व देता है। दोनों देशों ने अपने स्पोर्ट्स रिलेशन को भी मजबूत करने पर सहमति जताई। खासकर क्रिकेट, जिसे दोनों देशों में काफी ज्यादा पसंद किया जाता है।



### कोरोना वायरस जैसे HMPV के देश में 11 केस, आज 2 मामले मिले, गुजरात में 8 साल का बच्चा पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के गुरुवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने दैनिक भास्कर से इसकी पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की HMPV रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पतला की लैब की है। सरकारी रिपोर्ट शाम तक आएगी। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं। HMPV केस सामने आने के बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को HMPV केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित HMPV संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और HMPV के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।




### असम खदान हादसा-72 घंटे से 8 मजदूर फंसे, पंपिंग फेल, महाराष्ट्र से हैवी मशीन मंगाई



**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में 8 मजदूर पिछले 72 घंटे से फंसे हैं। एक मजदूर का शव बुधवार को निकाला गया था। रेस्क्यू में अब एयरफोर्स का एयरक्राफ्ट और हेलिकॉप्टर भी जुट गए हैं। NDRF और SDRF की टीम भी मदद कर रही है। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स भी मौजूद हैं। NDRF इंस्पेक्टर रोशन कुमार चंद ने बताया, वर्टिकल एरिया सर्च कर लिया गया है। लगातार पंपिंग के बाद भी पानी का लेबल घट नहीं रहा है। महाराष्ट्र से नई हैवी पंपिग मशीन मंगवाई गई है। इससे पहले बुधवार को नेवी के ROV (रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल) को सुरंग के अंदर भेजा गया था। ROV फोटो खींचने में सक्षम और सोनार तरंगों से लैस है। हालांकि, इसमें कुछ नहीं दिखाई दिया। हादसा 6 जनवरी को हुआ था, जब मजदूर खदान में कोयला निकाल रहे थे। मजदूरों के रेस्क्यू के लिए सेना को लगाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये रैट माइनर्स की खदान है। इसमें 100 फीट तक पानी भर गया है, जिसे दो मोटर की मदद से निकाला जा रहा है। पुलिस ने खदान मालिक पुनीश नुनिसा को गिरफ्तार कर लिया है।

### राहुल ने आइसक्रीम शॉप पर बनाई कोल्ड कॉफी, बोले- छोटे काम वालों को आसानी से लोन नहीं मिलता

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी दिल्ली में एक आइसक्रीम शॉप पर गए, जहां उन्होंने कोल्ड कॉफी बनाई। केवेंटर्स ब्रांड की इस शॉप में जाने और उसके ओनर्स से चर्चा का एक वीडियो राहुल ने X पर शेयर किया है। राहुल ने लिखा कि आप नई पीढ़ी और नए बाजार के लिए विरासत ब्रांड को कैसे बदल सकते हैं। ये केवेंटर्स के युवा संस्थापकों ने मुझे बताया। केवेंटर्स जैसे निष्पक्ष व्यवसायों ने पीढ़ियों से हमारी आर्थिक वृद्धि को गति दी है। इसलिए हमें उनका समर्थन करने की कोशिश करनी चाहिए। इस बीच केवेंटर्स के ओनर्स अमन और अगस्त्य ने उनसे फ्यूचर इन्वेस्टमेंट प्लान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया- मैं केवेंटर्स को देख रहा हूं और निवेश का फैसला करने की कोशिश कर रहा हूं। चर्चा के दौरान यूपी के सुल्तानपुर में मिले मोची रामचैत के बारे में भी बात की। राहुल ने कहा कि हमारे देश में बैंक बड़े बिजनेसमैन को तो आसानी से लोन दे देते हैं, लेकिन छोटे काम करने वालों को पैसा नहीं मिलता।

### UP-राजस्थान समेत 3 राज्यों में 2 दिन बाद बारिश संभव

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। देश के 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, नगालैंड और मणिपुर शामिल हैं। वहीं यूपी, राजस्थान और बिहार में अगले दो दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है। जयपुर, बीकानेर सहित 4 जिलों में 12 जनवरी से घना कोहरा छाएगा। वहीं MP के 9 जिलों में गुरुवार को कोल्ड-डे का अलर्ट है। पचमढ़ी में 0.2 पारा रिकॉर्ड किया गया। वहीं मंगलवार-बुधवार की रात भोपाल में 3.6 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए हिमाचल प्रदेश के 12 में से 5 जिलों- ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी में ठंड की लहर, जमीन पर पाले और घने कोहरे के लिए यलो अलर्ट जारी किया। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति के ताबो में सबसे ठंडा तापमान दर्ज किया गया, जहां टेम्परेचर रात में -13.6° सेल्सियस तक गिर गया।

# राजनाथ बोले- मालदीव को रक्षा मदद मुहैया कराएगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मालदीव के रक्षामंत्री मोहम्मद घासन मौमून के तीन दिवसीय भारत दौरे का आज दूसरा दिन है। इससे पहले उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने मालदीव को विकास परियोजनाओं में मदद और हथियारों की सप्लाई का आश्वासन दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा भारत मालदीव को रक्षा सहयोग के सभी क्षेत्रों में ट्रेनिंग, कार्यशालाएं और सेमिनार के लिए अवसर प्रदान करना चाहता है ताकि मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाई जा सके और साथ ही रक्षा उपकरणों और भंडारों की आपूर्ति की जा सके। दोनों नेताओं ने आर्थिक साझेदारी और समुद्री सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने मालदीव को भरोसेमंद देश भी बताया। इसके अलावा हाल ही में हुए मालदीव के राष्ट्रपति के भारत दौरे को दोनों देशों के संबंधों में नई दिशा देने वाला भी बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और मालदीव हिंद महासागर में सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**विदेश मंत्री, राष्ट्रपति भी कर चुके हैं भारत का दौरा:** इससे पहले 9 मई 2024 को मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का दौरा किया था। मालदीव में नई सरकार के गठन के बाद मालदीव के किसी बड़े नेता का ये पहला दौरा था। इसके बाद पिछले साल 6 अक्टूबर को राष्ट्रपति मुइज्जू ने भी भारत का दौरा किया था। नवंबर 2023 में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हुए थे। इसके बाद भारत से मालदीव जाने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी आई थी। विवादों के करीब 8 महीने बाद विदेश मंत्री मूसा जमीर और 11 महीने बाद राष्ट्रपति मुइज्जू भारत दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। जिसमें दोनों के बीच आर्थिक सहयोग को लेकर चर्चा हुई। मुइज्जू को गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया था। हाल ही में मालदीव के नए विदेश मंत्री अब्दुल्ला दो दिवसीय भारत दौरे पर आए थे।



**रक्षामंत्री मौमून तीन दिवसीय भारत दौरे पर, 8 महीने में तीसरे बड़े नेता का दौरा**

**मालदीव ने भारत के खिलाफ वॉशिंगटन पोस्ट को बताया था झूठा:** इसस पहले शनिवार को मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को झूठ बताया था। 30 दिसंबर को छपी वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने मालदीव में हुए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की थी। इसके बाद अब्दुल्ला ने एक न्यूज चैनल से इंटरव्यू में कहा कि कुछ लोग दोनों देशों के रिश्तों में दरार डालना चाहते हैं। हमने वो खबर देखी है। हमें नहीं पता कि उन्हें ये जानकारी कहां से मिली। उससे पहले शुक्रवार को भारत ने भी उस रिपोर्ट को झूठा बताया था।

# पुलिस को असम की जगह नगालैंड ले गया गूगल मैप

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम के जोरहाट पुलिस की 16 सदस्यों की टीम एक आरोपी को पकड़ने निकली और गूगल डायरेक्शन पर आगे बढ़ी। लेकिन रास्ता भटककर और नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई। यहां के लोगों ने पुलिस टीम को घुसपैठिया समझा और उन पर हमला कर दिया। इन लोगों को रातभर बंदी बनाए रखा। घटना मंगलवार की है। दरअसल यह सब गूगल मैप के कारण हुआ। जहां पुलिस टीम पहुंची, वह नगालैंड का एक चाय बागान था, लेकिन इसे गूगल ने असम में दिखाया था। जब इसकी जानकारी जोरहाट पुलिस को लगी तो मोकोकचुंग एसपी से मदद मांगी गई। इसके बाद मोकोकचुंग पुलिस ने एक टीम भेजकर इन लोगों की पड़ताल की।

नगालैंड के लोगों को जब पता चला तो उन्होंने घायल समेत 5 लोगों को रिहा कर दिया, जबकि बाकी 11 लोगों को रातभर बंदी रखा और अगले दिन छोड़ा।

**सिविल ड्रेस और हथियारों से हुआ कन्फ्यूजन:** मोकोकचुंग के स्थानीय लोगों ने असम पुलिस की टीम को अत्याधुनिक हथियार रखने वाले बदमाश समझा, क्योंकि इनमें से केवल तीन वर्दी में थे और बाकी सभी सिविल ड्रेस में थे। इससे भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने टीम पर हमला भी किया, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस की यह पूरी टीम बुधवार को वापस जोरहाट पहुंच सकी। गूगल मैप पर आंख बंद करके भरोसा करना सही नहीं है। कई बार मैप किन्हीं कारणों से गलत रास्ता दिखा सकता है। जैसे अगर कोई नई सड़क बनाई गई है, जो गूगल मैप पर अपडेटेड नहीं है तो यह गलत जानकारी दे सकता है। भारी बारिश, आंधी या तूफान के चलते रास्ता बंद हो जाता है। ऐसी स्थिति में भी गूगल मैप गलत जानकारी दे सकता है।



**16 पुलिस वाले आरोपी को पकड़ने गए थे, लोगों ने बदमाश समझकर रातभर बंधक रखा**

# केजरीवाल बोले- प्रवेश वर्मा महिलाओं को 1100 बांट रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग से बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा के घर रेड डालने की अपील की है। उन्होंने बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को खुले में 1100 रुपए बांटने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेता नौकरियों का झांसा देकर लोगों से वोट मांग रहे हैं और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे है। उनकी उम्मीदवारी रद्द कर देना चाहिए। केजरीवाल ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर (DEO) को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड और ट्रांसफर करने की भी मांग की है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी (AAP) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की।



♦ **मुख्य चुनाव आयुक्त से शिकायत की, रेड की मांग को लेकर लेटर दिया**

**दिल्ली की 70 सीटों पर वोटिंग 5 फरवरी को:** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) राजीव कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तारीखों की घोषणा के दिन से रिजल्ट तक दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है।

# कैलिफोर्निया की आग में हॉलीवुड जलने का खतरा पेरिस हिल्टन समेत कई स्टार्स के बंगले खाक

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस (LA) के जंगलों में लगी आग हॉलीवुड तक पहुंच गई है। मंगलवार को लगी आग से 3 दिन में अब तक 4,856 हेक्टेयर इलाका प्रभावित हुआ है। आग से करीब 1900 इमारतें पूरी तरह जल गई हैं और 28 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। आग से LA शहर के पॉश इलाके पैलिसेडेस में कई हॉलीवुड स्टार्स के बंगले भी जल गए हैं। पेरिस हिल्टन, स्टीवन स्पिलबर्ग, मैंडी मूर, एश्टन कुचर समेत कई हॉलीवुड स्टार्स के घर जलकर खाक हो गए हैं। कई सेलिब्रिटीज को घर छोड़कर जाना पड़ा है। BBC के मुताबिक कैलिफोर्निया की आग जिस तरह फैल रही है, उसमें बीच हॉलीवुड हिल्स पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री की पहचान 'हॉलीवुड बोर्ड' के जलने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल LA में हॉलीवुड नाम की एक जगह है, इसी पर अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री का नाम हॉलीवुड पड़ा है। जंगल में फैल रही आग से अब 5 लोगों की मौत हो चुकी है।



करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। वहीं करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। कई जगहों पर तेज हवा से आग का टोरनेडो बन गया है।

♦ **बाइडेन ने इटली दौरा रद्द किया**

उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का घर खाली कराया गया आग की वजह से लॉस एंजिलिस (LA) के ब्रेटनवुड इलाके में बने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर को भी खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। LA अमेरिका का सबसे ज्यादा आबादी वाला काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन तेज हवाओं और उनके दिशा बदलने की वजह से आग अलग-अलग जगहों पर फैल रही है। लगभग 400 फायर फाइटर्स को आग बुझाने के काम पर लगाया गया है। रेस्क्यू टीम ने हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रही है। स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सुरक्षित जगहों को इमरजेंसी शेल्टर बना दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने ट्रेनी एसआई की पोस्टिंग-ट्रेनिंग पर रोक लगाई

## किरोड़ी बोले- SI भर्ती रद्द नहीं करने का निर्णय सरकार के मुखिया का, उनसे सवाल पूछो

**एजेंसी, जयपुर**

राजस्थान सरकार सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 रद्द नहीं करेगी। सरकार ने गुरुवार (9 जनवरी) को राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर खंडपीठ) में जवाब पेश कर दिया है। इस मामले जस्टिस समीर जैन की अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अब इस भर्ती में किसी भी ट्रेनिंग-पोस्टिंग पर रोक लगा दी है है। आगे की सुनवाई के लिए 10 फरवरी 2025 की डेट दी गई है। इससे पहले सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कोर्ट में जवाब पेश किया है। हमने पेपर लीक में शामिल लोगों को पकड़ा है। डमी व नकल करने वाले करीब 40 ट्रेनी एसआई को हमने सस्पेंड भी किया। फिलहाल भर्ती रद्द नहीं कर सकते। सरकार के जवाब पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल ने कहा कि इस बार में सरकार के मुखिया पूछो। क्योंकि कमेटी के निर्णय को नकारने का अधिकार तो केवल मुख्यमंत्री को ही है।

**हाईकोर्ट ने पूछा क्यों रद्द नहीं कर रहे?:** याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने बताया- कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि आप भर्ती को रद्द क्यों नहीं कर रहे हैं? आप निर्णय क्यों नहीं ले रहे हैं? पब्लिक से जुड़ा मामला है। इसमें इतना भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर अब कोर्ट ही सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल को न्याय मित्र नियुक्त किया है। हाईकोर्ट ने किसी भी तरह की फील्ड पोस्टिंग और ट्रेनिंग पर रोक लगा दी है।



राजस्थान हाईकोर्ट ने 18 नवंबर को एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में सिलेक्ट एसआई की पोस्टिंग पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भी सरकार ने ट्रेनी एसआई को पोस्टिंग दे दी थी। हालांकि, पोस्टिंग के कुछ दिनों के भीतर ही 48 घंटे से अधिक एसओजी की गिरफ्त में रहे ट्रेनी एसआई को सस्पेंड कर दिया गया था।

**फर्जी तरीके से भर्ती आदमी कैसे लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करेगा- किरोड़ीलाल:** किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि- सरकार ने जो कैबिनेट सब-कमेटी बनाई, उसने भी रिकमंड कर दिया था। उसे नकारने का अधिकार मुख्यमंत्री को है। उन्होंने नकार दिया। क्योंकि मामला कोर्ट में है इसलिए मैं ज्यादा नहीं बोल सकता हूं। सरकार के जो मुखिया है आप उनसे पूछो। भर्ती रद्द करने को लेकर एसओजी ने कहा दिया, पुलिस मुखिया ने कह दिया, एडवोकेट जनरल ने कह दिया। अब राइडर किसका है, यह तो मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं। जनभावना भी अधिकतर लोगों की यही है कि भर्ती रद्द होनी चाहिए। जो आदमी फर्जी भर्ती हुआ है, वह क्या लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करेगा।

# हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान ने सुसाइड किया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के दौरान गुरुवार को एक किसान ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। किसानों के बताया- गुरुवार सुबह लंगर स्थल के पास ही तरनतारन जिले के पहूविंड गांव में रहने वाले रेशम सिंह (55) ने सल्फास खाया। उसे पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। किसान नेता तेजबीर सिंह ने कहा कि रेशम शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। इससे पहले भी 14 दिसंबर को किसान रणजोध सिंह ने भी सल्फास खा लिया था। वह उस दिन दिल्ली कूच न करने देने से नाराज हुआ था। करीब 4 दिन बाद उसकी पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में मौत हो गई थी। उधर, खनौरी बॉर्डर पर 45वें दिन किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन जारी है। उनकी हालत गंभीर है। यहीं गीजर फटने से गुरुवार को एक किसान झुलस गया। उसे पटियाला के समाना स्थित सरकारी अस्पताल में लाया गया। उसके हाथ और पैर झुलसे हैं।



♦ **डल्लेवाल जहां 45 दिन से आमरण अनशन कर रहे, वहां गीजर फटने से आंदोलनकारी झुलसा**

# उमर अब्दुल्ला बोले- INDIA गठबंधन को खत्म कर देना चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को इंडिया अलायंस खत्म करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई है। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप। दिल्ली चुनाव को लेकर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली में क्या चल रहा है। इसके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि दिल्ली चुनाव से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। जो पार्टी वहां मौजूद हैं वो तय करें कि बीजेपी का मुकाबला किस बेहतर तरीके से किया जा सकता है। ममता ने कहा था-INDIA ब्लॉक मैंने बनाया, मौका मिला तो लीड करूंगी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में INDIA ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर 7 दिसंबर को नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था, 'मैंने INDIA गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं।' ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना (UBT), सपा ने समर्थन किया था।

इस पर भाजपा ने कमेंट किया था- विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं। AAP के साथ 3 पार्टियां, कांग्रेस अकेली पड़ी दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अकेली पड़ गई है। AAP को समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना UBT का सपोर्ट मिल चुका है। केजरीवाल ने दोनों नेताओं को समर्थन के लिए शुक्रिया कहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अपना और राष्ट्रपति का फैसला बदला 25 साल से जेल में बंद कैदी को रिहा किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने और राष्ट्रपति के फैसले को बदलते हुए 25 साल से जेल में बंद एक दोषी को रिहा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 30 साल पहले हुए अपराध के समय दोषी सिर्फ 14 साल का था। 15 नवंबर 1994 को उत्तराखंड के देहरादून में सेना के एक पूर्व अधिकारी और उनके परिवार के 2 सदस्यों की हत्या हुई थी। कोर्ट ने उनके नौकर ओम प्रकाश को हत्या का दोषी पाया और फांसी की सजा सुनाई। 2012 में राष्ट्रपति ने मौत की सजा को 60 साल की कैद में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम एम सुंदरेश और जस्टिस अरविंद कुमार ने अपने फैसले में कहा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत उसे अधिकतम 3 साल सुधार गृह में रखा जाना था, लेकिन उसने 25 साल जेल बिता दिए। इसमें भी 11 साल ऐसे थे, जिसमें वह फांसी का इंतजार कर रहा था। बैंक में अकाउंट होने से बालिग माना सजा मिलने से पहले ओम प्रकाश ने कोर्ट में बताया था कि अपराध के समय मैं नाबालिग था, लेकिन मेका बैंक अकाउंट होना ही मेरे खिलाफ सबूत बना। कोर्ट ने माना कि वह बालिग है, तभी उसका बैंक अकाउंट खुला। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी उसकी रीव्यू और क्यूरेटिव पिटीशन खारिज की थी। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोजेक्ट 39-A ने की मदद 25 साल से ज्यादा जेल में रहने के बाद ओम प्रकाश दिल्ली की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोजेक्ट 39-A की सहायता से बाहर आ सकेगा। मौत की सजा पाने वाले दोषियों की कानूनी सहायता करने वाले प्रोजेक्ट 39-A के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से ओम प्रकाश का स्कूली रिकॉर्ड निकाला। इससे साबित हुआ कि अपराध के समय वह सिर्फ 14 साल का था।



♦ **कहा- अपराध के वक्त दोषी नाबालिग था**

हाईकोर्ट ने सुनवाई से इनकार किया सुप्रीम कोर्ट आने से पहले ओम प्रकाश ने उत्तराखंड हाईकोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में हड्डी की जांच रिपोर्ट समेत दूसरे सबूतों से उसने खुद को क्राइम के समय नाबालिग बताया था। इस पर हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पर राष्ट्रपति ने फैसला दे दिया है, इसलिए अब केस की सुनवाई नहीं होगी।



# शमी के वापसी की उम्मीदें बढ़ीं, आकाशदीप एक महीने के लिए बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और संभावित रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद है। नवंबर 2023 में विश्व कप फाइनल के बाद से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज ने हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट खेलना फिर से शुरू किया है और उनके भारतीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम शमी की बारीकी से निगरानी कर रही है, जिनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी हुई है। एड़ी ठीक हो गई है, लेकिन उनके घुटने में हल्की सूजन है, जिसके कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद के चरणों के लिए विचार से बाहर कर दिया गया है। हाल ही में, शमी ने बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ खेलों में भाग लिया है और गुरुवार को बड़ौदा में हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में फिर से खेलने के लिए तैयार हैं।

जैसा कि बीसीसीआई ने कहा है, शमी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं, और वह जहां भी जाते हैं, उनके साथ कम से कम एक एनसीए फिजियो या ट्रेनर रहता है। राजकोट में कुछ फिजियो या ट्रेनर थे, जहां शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेला था और हाल ही में, हैदराबाद में शमी और हार्दिक पांड्या दोनों की देखरेख करते हुए एक एनसीए फिजियो को देखा गया था।

चयन समिति के सदस्य शमी के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के लिए बड़ौदा में विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों में भाग लेने की संभावना है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि उनकी गेंदबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा है और वह काफी हद तक परेशानी मुक्त हैं। जबकि उनके वापस बुलाए जाने के लिए एनसीए की मंजूरी अनिवार्य है।

इस बीच, तेज गेंदबाज आकाश दीप के इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सफेद गेंद की सीरीज में खेलने की संभावना नहीं है, साथ ही उनके कुछ मौजूदा भारतीय साथी भी इसमें शामिल नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि पीठ दर्द के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से चूकने वाले आकाश दीप कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। भारत लौटने पर, उन्हें बेंगलुरु में एनसीए या नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करना है।

सबसे पहले, आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, जिनमें से पहला मैच 22 जनवरी को उनके गृहनगर कोलकाता में होना है। भले ही आकाश दीप ने अभी तक अपना सफ़ेद गेंद वाला डेब्यू नहीं किया है, लेकिन हाल के महीनों में उनके प्रदर्शन में उछाल आया है, और उन्हें चयन के लिए विचार किया जा सकता था, खासकर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अनुपस्थिति में।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान काम के बोझ के कारण दोनों तेज गेंदबाजों के इंग्लैंड टी20 सीरीज से बाहर रहने की भी उम्मीद है। दोनों तेज गेंदबाजों ने सीरीज में 150 से अधिक ओवर फेंके और भविष्य की प्रतिबद्धताओं, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आराम की आवश्यकता है।

बुमराह के साथ स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि चयनकर्ता एनसीए प्रबंधकों की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी (19 फरवरी-9 मार्च) के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन पीठ में ऐंठन के कारण एससीजी में दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थ रहे इस तेज गेंदबाज को एनसीए से मंजूरी की आवश्यकता होगी।

बुमराह के भी जल्द ही एनसीए में रिपोर्ट करने की उम्मीद है। चयन समिति से उम्मीद है कि वह बीसीसीआई एजीएम (12 जनवरी) के आसपास इंग्लैंड के खिलाफ दो सफेद गेंद की सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक अनंतिम टीम चुनने के लिए बैठक करेगी। इंग्लैंड 22 जनवरी से 12 फरवरी तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगा।

## एएफआई एथलीट आयोग में 6 महिलाएं, नीरज चोपड़ा 3 पुरुष सदस्यों में शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली

लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज को बुधवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नौ सदस्यीय एथलीट आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसमें छह महिलाएं हैं और भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सबसे प्रमुख पुरुष सदस्य हैं। नए पैनल में अन्य महिलाएँ धावक ज्योतिर्मयी सिकदर, डिस्कस थ्रोअर कृष्णा पूनिया, बाधा दौड़ खिलाड़ी एमडी वलसम्मा, स्टीपलचेज़र सुधा सिंह और धावक सुनीता रानी हैं। 2003 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंजू एएफआई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। ये सभी महिलाएं सेवानिवृत्त हैं और उनका शामिल होना एएफआई की अपनी व्यवस्था में लैंगिक समानता की खोज में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है। पिछले आयोग में चार महिलाएँ थीं। पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनावों के बाद बुधवार को आयोग का अनावरण किया गया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा एएफआई की कार्यकारी परिषद द्वारा परामर्श के बाद नामित चार सदस्यों में से एक हैं। आयोग के अन्य दो पुरुष सदस्य 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले और नवनिर्वाचित एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू हैं, जो 2002 एशियाई खेलों में शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता हैं। सागू पिछले आयोग के अध्यक्ष थे। निवर्तमान एएफआई कोषाध्यक्ष मधु कांत पाठक, जो चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर थे, ने कहा कि चुनाव उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आयोजित किए गए थे। चुनाव अधिसूचना जारी की गई और अन्य नियमों और विनियमों का पालन किया गया। पांच सदस्य चुने गए। पाठक ने कहा, "बाद में कार्यकारी परिषद के साथ परामर्श के बाद, नीरज और साबले सहित चार सदस्यों को एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में जोड़ा गया। नीरज और साबले दोनों ने शुरू में कहा था कि वे ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे क्योंकि वे सक्रिय एथलीट हैं, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया।" निवर्तमान एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला कार्यकारी परिषद के पदेन सदस्य के रूप में बने रहेंगे।



## श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए कोनोली, मैकस्वीनी, कुहनेमन ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

एजेंसी, मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए गुरुवार को टीम की घोषणा कर दी है। कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और नाथन मैकस्वीनी की वापसी हुई है, सैम कोनस्टास और ब्यू वेबस्टर को भी अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी नाथन लियोन के साथ मिलकर तीन मुख्य स्पिनरों की भूमिका निभाएंगे। गॉल में परिस्थितियां अनुकूल होने की उम्मीद है, जहां दोनों टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि, मिशेल मार्श का टेस्ट करियर अब काफी संदेह में है, क्योंकि भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट के लिए उन्हें बाहर किए जाने के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे से बाहर कर दिया गया है। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और टखने की चोट से उबर रहे हैं। जोश हेजलवुड को भी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बाहर रखा गया है, क्योंकि उनकी भारत श्रृंखला कॉल्फ चोट के कारण बीच में ही समाप्त हो गई थी। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, "श्रीलंका दौरा करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक जगह है, क्योंकि खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह टीम प्रत्येक मैच में किस तरह के विकेट का सामना कर सकती है, इसके आधार पर एकादश को संरचित करने के कई तरीके प्रदान करती है। हम उन टीम के सदस्यों के लिए आगे के अवसर को लेकर उत्साहित हैं जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में हैं और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहाँ आने वाले वर्षों में हमारे पास कई महत्वपूर्ण दौरे हैं।" मैकस्वीनी को भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। 21 वर्षीय वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर कोनोली दो टेस्ट के लिए टीम में एक और ऑलराउंड विकल्प प्रदान करते हैं।

## न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की

एजेंसी, नई दिल्ली

मार्टिन गुप्टिल ने आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि कर दी है। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2022 में न्यूजीलैंड के लिए खेला था। हालांकि 38 वर्षीय गुप्टिल दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2022 में ब्लैक कैप्स के लिए खेला था। गुप्टिल वर्तमान में न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 प्रतियोगिता सुपर स्मैश में ऑकलैंड के लिए खेल रहे हैं, और उन्होंने पीएसएल ड्राफ्ट के लिए भी साइन अप किया है, जहां इस्लामाबाद यूनाइटेड के पास उन्हें बनाए रखने का विकल्प है। गुप्टिल ने 198 एकदिवसीय मैचों में 7346 रन बनाकर न्यूजीलैंड के लिए सफेद गेंद के महान खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच छोड़ा। केवल रॉस टेलर (8607) और स्टीफन फ्लेमिंग (8007) ने ब्लैक कैप्स के लिए प्रारूप में उनसे अधिक रन बनाए हैं। टी20 क्रिकेट में, वह अब भी न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 122 मैचों में 31.81 के औसत और 135.70 के स्ट्राइक रेट से 3531 रन बनाए हैं। गुप्टिल ने 2009 से 2016 तक 47 टेस्ट भी खेले, हालांकि उन्हें सबसे लंबे प्रारूप में उतनी सफलता नहीं मिली, उन्होंने 29.38 की औसत से 2586 रन बनाए। अपने संन्यास की घोषणा के साथ गुप्टिल ने कहा, "एक छोटे बच्चे के रूप में न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरा सपना था और मैं अपने देश के लिए 367 खेल खेलने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं लोगों के एक महान समूह के साथ सिल्वर फर्न पहनकर बनाई गई यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा।



## मंधाना की कप्तानी में आज आयरलैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी, राजकोट

स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में जीत के इरादे से उतरेगी। हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज में जीत से टीम उत्साहित है और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनो ही प्रारूपों में सबसे अधिक रन बनाए। अब उनका लक्ष्य इस सीरीज में भी बेहतर बल्लेबाजी करना रहेगा। इस सीरीज में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम देकर मंधाना को कप्तानी दी गयी है। हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को भी आराम दिया गया है। ऐसे में इस सीरीज में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल को शामिल किया गया है। टीम में रन बनाने की जिम्मेदारी मंधाना के अलावा जेमिमा रौड्रिग्स पर भी रहेगी। गेंदबाजी में रेणुका के नहीं होने से अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर को शामिल किया गया है। एकदिवसीय में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू इस बार भी बेहतर करना चाहेंगी। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया है। वहीं साइमा ने अब तक आठ एकदिवसीय में सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा आफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 31 रन देकर छह विकेट लिये । उनका साथ देने के लिये प्रिया मिश्रा और तनुजा कंवर होंगी।

ऑलराउंडर राघवी बिष्ट और सयाली सतघारे को भी टीम में शामिल किया गया है। वह इस अवसर का लाभ उठाना चाहेंगी। वहीं दूसरी ओर गैरी लुईस की कप्तानी वाली आयरलैंड भी अपनी ओर से पूरी तकता लगा देगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो आयरलैंड टीम ने अब तक 12 एकदिवसीय में एक भी बार भारत को नहीं हराया है। ऐसे में इस सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

**भारत** : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, उमा छेत्री, रिचा घोष, तेजल हसंबिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, सयाली सतघारे।



## चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन की जगह यशस्वी को मिल सकता है अवसर

एजेंसी, नई दिल्ली



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनकर्ताओं बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शामिल कर सकते हैं। यशस्वी को इस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने का अवसर मिल सकता है। यशस्वी इसलिए भी चयन समिति की पहली पसंद है क्योंकि शुभमन गिल का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की हार को भुलाकर आगे बढ़ना चाहेंगे और इसके लिए उन्हें एक अच्छे जोड़ीदारी की जरुरत होगी। टेस्ट में भले ही रोहित पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं पर एक एकदिवसीय में जमकर रन बना सकते हैं। वहीं यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान पारी की शुरुआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था।

वहीं एकदिवसीय विश्वकप में रोहित के जोड़ीदारर रहे शुभमन का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। वह इस दौरान एक बार भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। दूसरी ओर यशस्वी ने उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए थे। यशस्वी ने 5 मैच की 10 पारियों में 1 शतक और 2 अर्धशतक की सहायता से 391 रन बनाये थे। यशस्वी ने अब तक कोई एकदिवसीय नहीं खेला है, ऐसे में वह इस टूर्नामेंट से 50 ओवरों के प्रारुप में डेब्यू कर सकते हैं।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर पीसीबी ने त्रिकोणीय श्रृंखला को लाहौर और कराची में किया स्थानांतरित

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ फरवरी में होने वाली त्रिकोणीय एक दिवसीय श्रृंखला को मुल्तान से लाहौर और कराची में स्थानांतरित कर दिया है। ये दो शहर इस महीने के अंत में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। पीसीबी ने कहा कि यह कदम लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल स्टेडियम में तैयारियों के उन्नत चरण के कारण था, जो 12 चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप स्टेज मैचों में से छह की मेजबानी करेगा। लाहौर एक सेमीफ़ाइनल के साथ-साथ फ़ाइनल की भी मेजबानी करेगा। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम आठ टीमों के टूर्नामेंट के तीन मैचों की भी मेजबानी करेगा। पीसीबी देश के सभी तीन स्थानों पर सुविधाओं को उन्नत कर रहा है क्योंकि पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है, जब उसने एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। त्रिकोणीय श्रृंखला 08 से 14 फरवरी तक खेली जाएगी, जबकि चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को कराची में शुरू होगी, जिसमें गत चैंपियन पाकिस्तान न्यूजीलैंड से खेलेगा।

## रोहित शर्मा और विराट के बचाव में उतरे युवराज सिंह

एजेंसी, दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं। इसके बाद से ही इन दोनो के टीम में होने पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं अब रोहित और विराट के समर्थन में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह सामने आये हैं। युवराज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे में हर गलती के लिए विराट और रोहित को ही जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है। दुबई में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग के लॉन्च के लिए पहुंचे युवराज ने कहा कि लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अपने समय में क्या हासिल किया है। युवराज ने कहा, मैं देखता हूं कि भारत ने पिछले 5-6 सालों में क्या हासिल किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो जीत हासिल की हैं। मुझे याद नहीं कि किसी टीम ने ऐसा किया हो। लोग रोहित शर्मा और विराट कोहली की खूब आलोचना कर रहे हैं पर लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। उन्होंने कहा, ये दोनो ही इस समय के दो सबसे महान क्रिकेटर हैं। यह ठीक है कि वे हार गए, वे हमसे ज़्यादा दुखी हैं। मुझे भारोसा है कि भारतीय टीम वापसी करेगी। कोच के तौर पर गौतम गंभीर, चयनकर्ता के तौर पर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, वे इस समय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन दिमाग हैं। उन्हें तय करना है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य क्या है। मुझे भरोसा है कि इस पर व्यापक चर्चा की जाएगी और इस बात पर विचार किया जाएगा कि भारत के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। वहीं रोहित शर्मा के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर होने पर युवराज ने कहा, यह बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कोई कप्तान फॉर्म में न हो और उसने प्लेइंग इलेवन से बाहर होने का फैसला किया हो। यह रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को अपने से ऊपर रखा। वह एक महान कप्तान हैं, चाहे वह जीतें या हारें, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे।





# कैल्शियम के लिए खाएं खसखस

**खसखस के बीज पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन इनमें हड्डियों के लिए जरूरी कई सारे मिनरल्स होते हैं। इसलिए कमजोर हड्डियों को इन्हें खाने से मजबूती मिलती है।**

शरीर की स्थिरता और मजबूती हड्डियों के दम पर होती है। इन्हीं से अंदर का ढांचा बनता है। अगर हड्डियां कमजोर हो जाती हैं तो चलना-फिरना तक मुश्किल हो जाता है। आपको बता दें कि हड्डियां कैल्शियम से बनी होती हैं, इसलिए इसकी बहुत जरूरत होती है। कैल्शियम पाने के लिए आप खसखस के बीज (पॉपी सीड्स) खा सकते हैं। इनमें भरपूर मात्रा में यह मिनरल मौजूद होता है। आपको बता दें कि ये बीज अफीम के पौधे से प्राप्त होते हैं। लेकिन इन्हें खाने लायक बनाने के लिए कई प्रोसेस के बाद इनसे नशा करने वाले तत्व निकाल दिए जाते हैं। सही मात्रा में इनका सेवन करने से कई फायदे मिलते हैं।

### पोषण का भंडार हैं खसखस के बीज

खसखस के अंदर कैल्शियम के साथ फाइबर, प्रोटीन, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक, कॉपर, सेलेनियम, विटामिन ई आदि कई सारे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने के लिए जरूरी हैं।

### दूर होती है हड्डियों की कमजोरी

अगर कमजोरी की वजह से हड्डियों में दर्द हो रहा है तो खसखस के बीज जरूर खाएं। इनमें कैल्शियम, मैंगनीज, मैग्नीशियम और जिंक होता है। रिसर्च कहती है कि मजबूत हड्डियों के लिए इन सभी चीजों की जरूरत है।

### वेट लॉस डाइट में करें शामिल

वेट लॉस के लिए फाइबर बहुत महत्वपूर्ण है। यह पेट को देर तक भरा रखता है और पाचन भी बेहतर करता है। अन्य बीजों की तरह खसखस में भी फाइबर की उच्च मात्रा होती है।

### दर्द से छुटकारा दिलाता है खसखस

अनप्रोसेस्ड पॉपी सीड्स पर morphine, codeine, thebaine जैसे तत्व हो सकते हैं। दर्द से निजात दिलाने के लिए ये तत्व पेन किलर दवाओं के अंदर डाले जाते हैं। हालांकि, बिना प्रोसेस किए खसखस के बीज खाने से पहले किसी एक्सपर्ट की राय लेनी चाहिए।

### इस वक्त मिलेंगे खसखस के फायदे

खसखस के बीजों को कभी भी खाया जा सकता है। हालांकि, सुबह खाली पेट इनका सेवन ज्यादा लाभदायक माना जाता है। मगर ध्यान रहे कि इसे खाने से पहले किसी एक्सपर्ट से सही मात्रा की जानकारी ले लें।

### सुधर जाएगी हार्ट की हेल्थ

खसखस बीज के तेल में मोनो और पॉली अनसैचुरेटेड फैट होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को घटाने में मदद करते हैं। ये हेल्दी फैट होते हैं, जो हार्ट के लिए काफी फायदेमंद हैं और हार्ट अटैक से बचाते हैं।




# कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है जरूरत से ज्यादा नमक सेवन

**नमक हमारे खाने का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह किसी भी खाने को स्वादिष्ट बनाता है। इसके बिना कोई भी खाना बेस्वाद लगता है। क्या आप जानते हैं कि दुनियाभर में लोग जरूरत से ज्यादा नमक सेवन करते हैं। बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो इस चीज का हिसाब रखते हैं कि वो एक दिन में कितना नमक खा रहे हैं। बता दें कि बहुत अधिक नमक कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। इससे शरीर के प्रमुख अंगों को नुकसान के साथ चयापचय संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं विकसित होने लगती हैं।**

### ज्यादा नमक यानी हेल्थ रिस्क

नमक दो चीजों से तैयार किया जाता है, जो कि है सोडियम और पोटेशियम। हम जो नमक खाते हैं, उसमें सोडियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जबकि पोटेशियम बहुत कम मात्रा में होता है। सोडियम को ज्यादा मात्रा में लेने पर लोग ब्लड प्रेशर के शिकार हो जाते हैं और उन पर हमेशा स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा मंडराता रहता है। बहुत ज्यादा नमक खाने से शरीर में कैल्शियम की कमी भी हो जाती है, जिसके चलते हड्डियां उम्र से पहले कमजोर होने लगती हैं।

### ज्यादा नमक से क्या-क्या खतरा

ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें खाने में ऊपर से नमक डालने की आदत होती है। ऐसा करने से उन्हें खाने में स्वाद तो बहुत आता है, लेकिन ऐसे बहुत जल्दी वॉटर रिटेंशन से ग्रसित होते हैं और उनका शरीर फूला हुआ दिखाई देता है। कई रिसर्च के अनुसार, ज्यादा नमक के सेवन से पेट के कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

डॉ ब्रांका के अनुसार, हममें से ज्यादातर लोग हर चीज में बहुत ज्यादा नमक खा रहे हैं। हर दिन 5 ग्राम से ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। आसान तरीके से समझना है, तो याद रखें कि आपके हर खाने में एक छोटा चम्मच नमक ही होना चाहिए। इससे अधिक सेवन करना सेहत के लिए अच्छा नहीं है। यह दुनिया में औसतन लोगों द्वारा उपभोग किए जाने वाले नमक का आधा है।

### एक चिप्स के पैकेट में भरकर होता है नमक

विशेषज्ञ बताते हैं कि घर से बाहर आप जो भी फूड खाते हैं, उसमें नमक की मात्रा जरूरत से ज्यादा होती है। दिनभर में आपको जितना नमक खाना चाहिए, उसका आधा आपको 150 ग्राम चिप्स के पैकेट में मिल जाता है। हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, आलू के चिप्स की एक सर्विंग में 170 मिग्री सोडियम पाया जाता है। जो शरीर की जरूरत से कई गुना ज्यादा है।

### धीरे-धीरे कम करें नमक का सेवन

अगर आप नमक खाने के आदी हैं, तो एकदम से इसका सेवन कम न करें। डॉ. ब्रांका का सुझाव है कि इसका सेवन धीरे-धीरे कम कर अपने स्वाद को समायोजित कर सकते हैं। हालांकि, अपनी इस आदत को सुधारने में कुछ हफ्ते लगेंगे, लेकिन यह मुमकिन है। इसके अलावा विशेषज्ञ ने भोजन में कम नमक डालने की भी सलाह दी है।

### प्रोसेस्ड फूड से करें परहेज

डॉ. ब्रांका कहती हैं कि हम सभी प्रोसेस्ड फूड से जितना परहेज करें, उतना अच्छा है। इनमें सबसे ज्यादा मात्रा



में नमक पाया जाता है। इसलिए कोशिश करें, कि इन्हें कम से कम खरीदा जाए। डॉ. ब्रांका कहती हैं कि बाजार के नमकीन स्नैक खाने के बजाय फल और सब्जियां खाने की आदत डालें। इनमें न केवल नमक बहुत कम मात्रा में होता है, बल्कि इसके सेवन से शरीर में जरूरी मिनरल्स की कमी भी पूरी हो जाती है।

### रेडी-टू-ईट फूड में बेहिसाब नमक

आज की मार्डन जनरेशन रेडी-टू-ईट फूड पर भरोसा करती है। बिजी शेड्यूल के कारण मार्केट में मिनटों में तैयार होने वाले पैक्ड फूड की डिमांड भी सबसे ज्यादा है। डॉ. ब्रांका के अनुसार, ब्रेड, पनीर, प्रिजर्व्ड मीट और स्नैक्स में 80 प्रतिशत नमक पाया जाता है।





# साइकल चलाते समय न करें ये गलतियां

**अधिकतर लोग खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाना पसंद कर रहे है और फिटनेस के लिए इसे अपनी रूटीन में शामिल कर रहे है। वैसे भी फिट और एक्टिव रहने के लिए साइकिल चलाना बेस्ट माना जाता है। यदि नियमित रूप से साइकिल चलाई जाए तो इससे बॉडी की पूरी एक्सरसाइज होती है। और टोन्ड और परफेक्ट फिगर पा सकते है। लेकिन साइकिल चलाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। वरना सेहत से जुड़ी अन्य समस्या हो सकती हैं।**

- कुछ लोगों की आदत होती है कि वे बार-बार पानी पीते है, ये बिलकुल अच्छी बात है लेकिन साइकिल चलाते समय अधिक मात्रा में पानी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि साइकिल चलाते वक्त अधिक मात्रा में पानी पीया जाएं तो इससे मतली की समस्या होने लगती है। वहीं ज्यादा पानी पीने से बार-बार पेशाब आएगी। जिससे पेट में दर्द हो सकता है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त पानी न पीएं।
- साइकिल चलाना फिट रहने के लिए एक बेस्ट विकल्प है। इसलिए साइकिल चलाते वक्त फास्ट फूड या फिर जंक फूड से दूरी रखना ही बेहतर होता है, क्योंकि अनहेल्दी खाने से शरीर में फेट बढ़ता है। इससे आप सुस्त महसूस करेंगे।
- साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। वैसे आमतौर पर वर्कआउट से पहले स्टेचिंग की सलाह दी जाती है। लेकिन साइकिल चलाने से पहले स्ट्रेचिंग न करें। इससे मांसपेशियां कमजोर हो सकती है और उनमें खिंचाव आ सकता है। यदि आप स्टेचिंग करना चाहते है तो कम से कम आधे घंटे पहले करें।
- कई बार ऐसा होता है कि हम साइकिल राइड को मजेदार बनाने के लिए स्टंट करना शुरू कर देते हैं। इससे एक्सीडेंट होने की संभावना अधिक रहती है।





# औषधीय गुणों की खान है इलायची

**आमतौर पर अधिकतर घरों में इलायची का सेवन मुखशुद्धि के लिए अथवा मसाले के रूप में किया जाता है। यह दो प्रकार की आती है- हरी या छोटी इलायची तथा बड़ी इलायची। जहां बड़ी इलायची व्यंजनों को लजीज बनाने के लिए एक मसाले के रूप में प्रयुक्त होती है, वहीं हरी इलायची मिठाइयों की खुशबू बढ़ाती है। मेहमानों की आव भगत में भी इलायची का इस्तेमाल होता है। लेकिन इसकी महत्ता केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह औषधीय गुणों की खान है। आइए, जानें इनके औषधीय गुणों को। छोटी इलायची और बड़ी इलायची से होने वाले फायदों के बारे में**

- **खराश** : यदि आवाज बैठी हुई है या गले में खराश है, तो सुबह उठते समय और रात को सोते समय छोटी इलायची चबा-चबाकर खाएं तथा गुनगुना पानी पीएं।
- **सूजन** : यदि गले में सूजन आ गई हो, तो मूली के पानी में छोटी इलायची पीसकर सेवन करने से लाभ होता है।
- **खांसी** : सर्दी-खांसी और छींक होने पर एक छोटी इलायची, एक टुकड़ा अदरक, लौंग तथा पांच तुलसी के पत्ते एक साथ पान में रखकर खाएं।
- **उल्टियां** : बड़ी इलायची पांच ग्राम लेकर आधा लीटर पानी में उबाल लें। जब पानी एक-चौथाई रह जाए, तो उतार लें। यह पानी उल्टियां रोकने में कारगर सिद्ध होता है।
- **बदहजमी** : यदि केले अधिक मात्रा में खा लिए हों, तो तत्काल एक इलायची खा लें। केले पच जाएंगे और आपको हल्कापन महसूस होगा।
- **जी मिचलाना** : बहुतों को यात्रा के दौरान बस में बैठने पर चक्कर आते हैं या जी घबराता है। इससे निजात पाने के लिए एक छोटी इलायची मुंह में रख लें।
- **छाले** : मुंह में छाले हो जाने पर बड़ी इलायची को महीन पीसकर उसमें पिसी हुई मिश्री मिलाकर जुबान पर रखें, तुरंत लाभ होगा।
- **बड़ी इलायची की चाय** : सर्दियों के मौसम में खांसी-जुकाम हो जाने पर बड़ी इलायची की चाय या इसका काढ़ा बनाकर पीने से ठंड से राहत मिलती है।
- **कैफीन और विषैले पदार्थ** : बड़ी इलायची शरीर में जाकर एक डिटॉक्सीफायर का काम करती है। ये आपके शरीर से कैफीन और विषैले पदार्थों को बाहर निकाल फेकती है। इसका प्रभाव आपके चेहरे पर भी दिखता है और त्वचा में निखार आ जाता है।
- **कैंसर** : बड़ी इलायची में इस तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो कि कैंसर के मरीज को फायदा पहुंचाते है।
- **मजबूत बाल** : इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेटिव आपके सिर की त्वचा को पोषण देते है जिस वजह से बाल मजबूत होने लगते है।
- **तनाव व घबराहट** : यदि किसी को जल्द ही थकान, तनाव व घबराहट होती है, तो बड़ी इलायची को पीस कर, शहद में मिलाकर लेने से फायदा होगा।
- **सिर दर्द** : सिर दर्द होने पर भी बड़ी इलायची का सेवन लाभदायक होता है।
- **दांत का दर्द** : बड़ी इलायची और लौंग तेल को बराबर-बराबर मात्रा में लें। इसे दांतों पर मलने से दांत का दर्द ठीक होता है।
- **बड़ी इलायची का काढ़ा** : 4-5 बड़ी इलायची के फल को 400 मिली पानी में उबाल लें। इस काढ़ा से कुल्ला करने से दांत दर्द ठीक होता है।
- **मुंह के सूजन** : 2-3 बड़ी इलायची के छिलकों को पीसकर खाने से दांत की बीमारियों तथा मुंह के सूजन में लाभ होता है।
- **अधिक थूक बनना** : यदि मुंह में अधिक थूक आता हो या लार बहती हो तो बड़ी इलायची और सुपारी को बराबर-बराबर पीसकर मिला लें। इसे 1-2 ग्राम मात्रा में लेकर चूसते रहने से थूक कम बनता है और लार का बहना बंद हो जाता है।
- **सांसों के रोग** : 5-10 बूंद बड़ी इलायची तेल में मिश्री मिलाकर नियमित सेवन करने से सांसों के रोग में लाभ होता है।
- **भूख ना लगना** : एक ग्राम बड़ी इलायची बीज चूर्ण में 4 ग्राम मिश्री मिलाकर 1 ग्राम सुबह और शाम सेवन करने से गर्भवती स्त्री को भूख ना लगने की परेशानी में लाभ होता है।
- **मुंह से दुर्गंध** : अगर आपके मुंह से दुर्गंध आती है तो बड़ी इलायची चबाना एक अच्छा उपाय है। इसके अलावा मुंह के घावों को ठीक करने के लिए भी बड़ी इलायची को इस्तेमाल में लाया जा सकता है।



# बुरी तरह फ्लॉप रही बेबी जॉन, फिर भी खरीदा करोड़ों का घर

**बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल मुंबई के प्रमुख जुहू इलाके में अपने नए रियल एस्टेट निवेश की वजह से चर्चा में आ गए हैं। इस जोड़ी ने हाल ही में डीडेकोर ट्वेंटी बिल्डिंग में दो शानदार फ्लैट खरीदे हैं। इसकी कीमत करोड़ों में हैं।**

### छठी और सातवीं मंजिल पर है आलीशान आशियाना

इन दोनों फ्लैट का कार्पेट एरिया 9,730 स्क्वायर फीट है। अभिनेता के ये फ्लैट बिल्डिंग की छठी और सातवीं मंजिल पर स्थित है। इसमें पांच करोड़ 21 लाख रुपये का स्टाम्प ड्यूटी भी अदा की गई।

### इतनी है अपार्टमेंट की कीमत

वरुण धवन और नताशा दलाल के इस अपार्टमेंट में आठ कार पार्किंग स्पेस भी हैं, जो इस घर की लग्जरी को और भी ज्यादा बढ़ा रहे हैं। इस खरीदारी का प्रति वर्ग फीट मूल्य 89,332 रुपये है। घर की कीमत 86.92 करोड़ रुपये है। जुहू क्षेत्र अपनी शानदार लाइफस्टाइल और फिल्मी हस्तियों के लिए मशहूर है। इस जगह पर कई सितारों के घर मौजूद हैं।

### जुहू में रहते हैं कई सितारे

जुहू और बांद्रा मुंबई के वे प्रमुख इलाके हैं, जहां कई बॉलीवुड सितारे रहते हैं। अमिताभ बच्चन के पास जुहू में प्रतिष्ठा और जलसा जैसे शानदार बंगले हैं। इसके अलावा, धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी, अक्षय कुमार, अजय देवगन, काजोल, गोविंदा और संजय लीला भंसाली भी जुहू क्षेत्र में रहते हैं। वहीं, सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान, सैफ अली खान और करीना कपूर सहित कई सितारे बांद्रा इलाके में रहते हैं।

### इन फिल्मों में दिखेंगे वरुण

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वरुण धवन फिल्म बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव के साथ नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह फिल्म नो एंट्री 2 में नजर आएंगे, जिसमें दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर भी होंगे। इसके अलावा, वरुण धवन के पास फिल्म बॉर्डर 2 में भी है। फिल्म में वह सनी देओल, दिलजीत और अहान शेट्टी के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



# राशा से लेकर शनाया तक इस साल डेब्यू करेंगे ये स्टारकिड्स

**इस साल 2025 में कई बॉलीवुड स्टार किड्स बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं इन स्टार किड्स के एजुकेशन के बारे में...**

### राशा थडानी

बॉलीवुड की दुनिया में आजाद फिल्म से डेब्यू करने जा रही राशा ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने साल 2021 में इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन की पढ़ाई साल 2021 में पूरी की है। वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।

### इब्राहिम अली खान



सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान सरजमीं से डेब्यू करेंगे। इब्राहिम ने धीरूभाई अंबानी स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी से ग्रेजुएशन कर फिल्म मेकिंग में डिग्री ली।

### अमान देवगन



अजय देवगन के भांजे अमान देवगन भी राशा के साथ फिल्म आजाद से डेब्यू करने जा रहे हैं। अमान ने मुंबई के स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने नेब्रास्का विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा मिशिगन विश्वविद्यालय के रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए की डिग्री ली।

### सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी डेब्यू करने को तैयार है। सिमर ने मुंबई के स्कूल से स्कूलिंग की। उनकी आगे की पढ़ाई की डिटेल्स अभी मौजूद नहीं है।

### अहान पांडे

अहान पांडे मोहित सूरी की फिल्म से डेब्यू करेंगे। अहान ने मुंबई के ओबेरॉय स्कूल से पढ़ाई की और फिर ग्रेजुएशन किया। वे दो फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक रह चुके हैं।

### शनाया कपूर

शनाया कपूर भी इस साल बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर साल 2025 में उनकी फिल्म वृषभा और आंखों की गुस्ताखियां रिलीज होने वाली हैं। एजुकेशन की बात करें तो मुंबई के इकोले मोंडिएल वर्ल्ड स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने एक्टिंग की ट्रेनिंग की है। शनाया वर्तमान में लंदन के इस विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में कला स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। शनाया अपनी पहली फिल्म में लक्ष्य लालवानी और गुरफतेह पीरजादा के साथ काम करने वाली हैं।

### वीर पहाड़िया

स्काई फोर्स से डेब्यू कर रहे वीर पहाड़िया ने भी धीरूभाई अंबानी के स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद बॉस्टन के कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री भी ले चुके हैं। उन्होंने ग्लोबल बिजनेस मैनेजमेंट में बी.ए. की पढ़ाई की है।





# मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बोलीं एक्ट्रेस पार्वती

**अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु वायनाड लिटरेचर फेस्टिवल में अतिथियों में से एक थीं, लेखिका अरुंधति रॉय के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि आज के युवा मलयालम अभिनेता पुरानी पीढ़ी से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि लड़ाई झगड़े और हिंसा करने वाले पुरुषों का गुणगान करने वाले सितारों के लिए फिल्में अभी भी बन रही हैं।**

### नई पीढ़ी को लेकर की बात

जब पार्वती से पूछा कि वर्तमान पीढ़ी में महिलाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का तरीका थोड़ा परेशान करने वाला है। पहले के लोग कुछ अन्य चीजों से परेशान थे, आज के लोगों की समस्याएं दूसरी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है। इंडस्ट्री में कुछ लोग निराश हैं क्योंकि उन्हें वे लाभ नहीं मिल रहे हैं जो पुरानी पीढ़ी को मिल रहे थे।

### इसलिए चर्चा में रहती हैं पार्वती

पार्वती थिरुवोथु को उनके खुलकर बोलने की बात करने की आदत के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मलयालम इंडस्ट्री में बहुत सारे बदलाव आए हैं। यहां बड़ी बजट की फिल्में बनने लगी हैं, इसके बाद भी वही मुद्दे फिल्मों में दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले मुझे चिंता होती थी कि मुझे फिर से इन लोगों के साथ काम करना पड़ेगा। लेकिन अब ऐसे विचार मुझे परेशान नहीं करते। पार्वती ने कहा कि उन्हें इंडस्ट्री में बाथरूम पार्वती का नाम मिला क्योंकि उन्होंने सेट पर महिलाओं को लिए सही शौचालय व्यवस्था को लेकर बात की थी। इससे पहले पार्वती को मलयालम फिल्म हर में देखा गया, इसका निर्देशन लिजिन जोस ने किया था।



# पब्लिसिटी के लिए बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं एक्टर्स

**बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मुखर होकर बोलने के लिए जाने जाते हैं। वह राजनीतिक मुद्दों पर भी अपने विचार खुलकर रखते हैं। वह सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय रहते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। सोनू सूद फिल्म का खूब प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही इंडस्ट्री की कई छुपी बातों का खुलासा भी कर रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया है कि कुछ अभिनेता लोगों का अटेंशन लेने के लिए अपने बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं।**

### पब्लिसिटी के लिए कलाकार करते हैं ये काम

हाल ही में जिस्ट के साथ एक साक्षात्कार में, सोनू सूद ने बॉलीवुड कलाकारों पर कटाक्ष किया है और कहा है कि कुछ लोग कैमरे के पीछे भी काफी अच्छी एक्टिंग करते हैं। अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि बॉलीवुड के लोगों के सिर्फ कैमरे के आगे की एक्टिंग करनी चाहिए। जैसे ही कैमरा बंद हो जाए, उन्हें एक्टिंग करनी भी बंद कर देनी चाहिए। हालांकि, कुछ लोगों से इतना भी नहीं होता है, उनकी पूरा जीवन हर समय एक्टिंग करने में ही निकल जाता है।

### फैंस से बातचीत करना सोनू को है पसंद

अभिनेता ने आगे कहा, कई बार वीडियो वायरल होते हैं कि किसी कलाकार के बॉडीगार्ड ने हंगामा कर कर दिया। कई लोग बॉडीगार्ड साथ लेकर जाते हैं। यहां तक कि मैं भी बड़े इवेंट्स में बॉडीगार्ड साथ लेकर जाता हूं। हालांकि, मैं अपने बॉडीगार्ड से कहता हूं कि मुझे लोगों के बीच में जाने दो क्योंकि मुझे उनसे बातचीत करना पसंद है। कई कलाकार इसका भी पब्लिसिटी के इस्तेमाल करते हैं।

### लोगों की अटेंशन पाने के लिए सोनू रखते थे बॉडीगार्ड

सोनू ने यह भी बताया कि बॉलीवुड में कई लोग बॉडीगार्ड सिर्फ अटेंशन लेने के लिए रखते हैं। अभिनेता ने कहा, उन्होंने कहा, उनमें से कई लोग एयरपोर्ट पर भी अपने बॉडीगार्ड रखते हैं और फिर वे वहां पूरा तमाशा बनाते हैं। एक बार मैंने एक बॉडीगार्ड से बात की और पूछा, तुम तमाशा क्यों बना रहे हो? क्या तुम शांति से नहीं चल सकते? उसने कहा, नहीं सर, हमें ड्रामा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोग नहीं करेंगे नोटिस

बॉडीगार्ड ने अभिनेता से कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो हम पर चिल्लाया जाएगा। सोनू ने कहा कि इसलिए बहुत से अभिनेता लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने साथियों के साथ ये सब ड्रामा करते हैं क्योंकि उन्हें बस इस बात का डर होता है कि अगर वे बिना ड्रामा के किसी जगह पर जाएंगे तो लोग उन्हें नोटिस नहीं करेंगे।



# गुड बैड अग्ली की रिलीज डेट का एलान, प्रभास की द राजा साब से भिड़ेंगे अजित

अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म गुड बैड अग्ली को आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख मिल गई है। फिल्म का निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कई तरह की आशंकाएं बनी हुई थीं, लेकिन आखिरकार आज निर्माताओं ने गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है।

### फिल्म की नई रिलीज डेट

निर्देशक आदिक रविचंद्रन ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और एलान किया कि यह फिल्म 10 अप्रेल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज सोमवार को एक्स पर शेयर किए गए नए पोस्टर में अजित एक शानदार टू-पीस व्हाइट सूट में एक पिस्तौल पकड़े हुए सोफे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ आदिक रविचंद्रन ने एक कैप्शन लिखा, गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को आ रही है।

### प्रभास की फिल्म से कड़ी टक्कर

हालांकि, इस तारीख को फिल्म की रिलीज आसान नहीं होने वाली है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर सुपरस्टार प्रभास की फिल्म द राजा साब से होगी। 10 अप्रैल 2025 को प्रभास की द राजा साब भी रिलीज हो रही है। प्रभास इस समय सबसे बड़े पैन इंडिया स्टार हैं, जबकि अजीत के तमिलनाडु में बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए यह टकराव देखना बहुत दिलचस्प होगा। अब देखना यह होगा कि कौन सी फिल्म किस पर भारी पड़ती है। गुड बैड अग्ली के बारे में अपडेट साझा करते हुए इससे पहले मैत्री मूवी मेकर्स के निर्माता नवीन यरनेनी ने चेन्नई में पुष्पा 2 के प्री-रिलीज इवेंट में फिल्म की रिलीज के बारे में अपडेट साझा किया। उन्होंने गुड बैड अग्ली के पोस्टपोन का संकेत दिया था। दरअसल, यह फिल्म को पहले पोंगल 2025 के मौके पर रिलीज किया जाना था, क्योंकि अजित की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची की रिलीज को रास्ता दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में विदामुयार्ची की रिलीज को भी आगे खिसका दिया गया। ऐसे में अजित की दोनों फिल्मों के हाथ से पोंगल की तारीख निकल गई। हालांकि, अब तक विदामुयार्ची की नई रिलीज पर अपडेट नहीं आया है, लेकिन गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख ने फैंस को उत्साहित कर दिया है।

इस फिल्म में अजित कुमार, तृषा, प्रसन्ना और सुनील प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम गुड बैड अग्ली को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं।

# तलाक के बाद प्यार की तलाश में हैं संजीदा?



टीवी अभिनेत्री संजीदा शेख अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। संजीदा ने पहले आमिर अली से शादी की थी, हालांकि अब अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें प्यार पर भरोसा है। एक साक्षात्कार में संजीदा शेख कहा कि आज के वक्त में प्यार ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं है।

संजीदा ने बताया कि आज के समय में कोई ऐसा पार्टनर मिले, जो आपकी आत्मा को शांति दे। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह एक्पीरियंस सबको मिले। संजीदा ने यह भी कहा कि रिश्ते में धोखा हमेशा ही मिलता है, लेकिन प्यार पर भरोसा करना जरूरी है।